# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार 4 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 258 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




दुमका में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जानते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के 47वें झारखंड दिवस पर केंद्र सरकार को मुख्यमंत्री की दो टूक

# झारखंड को भोला समझना पड़ेगा भारी : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दुमका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 47वें झारखंड दिवस पर सोमवार देर रात दुमका के गांधी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री सह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि अब केंद्र सरकार झारखंड को कमजोर या भोला समझने की भूल न करे। अब किसी भी सूरत में झारखंड के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन के निधन को याद करते हुए मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उनकी आंखें भर आईं और गला रूंध गया। खुद को संभालते हुए उन्होंने कहा कि आज वे भावुक भी हैं और उत्साहित भी। पहले हम लड़कर अपने हक और अधिकार हासिल करते थे लेकिन अब कानून का सहारा लेकर भी अपने अधिकार लेंगे। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि देश की 42 प्रतिशत खनिज संपदा झारखंड में है, फिर भी केंद्रीय बजट में राज्य के लिए कुछ खास प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि झारखंड के लोग आज भी आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक रूप से चुनौतियों से जूझ रहे हैं लेकिन वे इतने भी कमजोर या भोले नहीं हैं कि विरोधियों और सामंती ताकतों की साजिशों को न समझ सकें। अब जनता ऐसे राजनीतिक षड्यंत्रों को पहले ही भांप लेती है और उसका करारा जवाब देना भी जानती है। उन्होंने आरोप लगाया कि धनबल और संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के जरिए वोट की चोरी कर सत्ता हथियाने का खेल झारखंड की जनता समझ चुकी है। खनिज संपदा की रॉयल्टी के रूप में राज्य को मिलने वाली 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये की राशि नहीं देकर केंद्र सरकार झारखंड की जनता के साथ अन्याय कर रही है। राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने ऐसे कानून बनाए हैं, जिनकी बदौलत यहां के आदिवासी-मूलवासी बच्चों को बेहतर शिक्षा के



अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 150 साल पहले हमारे पूर्वजों पर गोलियां बरसाई जाती थीं, उन्हें जमीन पर बैठाया जाता था और कोड़े मारे जाते थे लेकिन आज झारखंड का नौजवान वैश्विक मंच दावोस में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहा है। 'गुरुजी' के अंदाज में उन्होंने युवाओं से शिक्षा को सबसे मजबूत हथियार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा नशे से दूर रहें और डॉक्टर, इंजीनियर, बीडीओ, सीओ, पत्रकार और जज बनें, तभी गुरुजी का सपना साकार होगा। पार्टी सुप्रीमो रहे अपने पिता दिवंगत शिबू सोरेन के योगदानों को याद करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि आज हम झारखंड दिवस पर उपस्थित तो हैं लेकिन यह दिन इतिहास का वह पन्ना है जहां से दिशोम गुरुजी ने हमें राह दिखाई। आज वे हमारे बीच नहीं हैं लेकिन हमें गर्व है कि हम ऐसे वीर सपूतों की संतान हैं, जिनके दिखाए रास्ते और विचारों को लेकर हम जनमानस के बीच काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरुजी के आशीर्वाद से राज्य के गरीब-गुरबा, आदिवासी-मूलवासी और महिलाओं के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। राज्य सरकार अगले पांच वर्षों में व्यापक रोजगार के अवसर सृजित करेगी। जनता ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जो जनादेश दिया है, सरकार उसका पूरा सम्मान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनता से किए वादों को पूरा कर रही है लेकिन केंद्र सरकार अड़ंगा लगाकर आदिवासी-मूलवासियों के हक और अधिकारों को छीनना चाहती है। जल, जंगल और जमीन की रक्षा करना झामुमो की प्राथमिकता है। इस बार की लड़ाई पहचान, सम्मान और अधिकार के लिए लड़ी गई है। अब पार्टी इस जनसभा के जरिए निर्णायक और समग्र विकास की ओर बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने अपने आंदोलन और संघर्ष के दम पर अलग झारखंड राज्य का गठन कराया था, अब उनके सपनों के अनुरूप राज्य को संवारने का काम किया जा रहा है। भविष्य की राजनीतिक दिशा स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि असम के तिनसुखिया में भी आदिवासियों के हक और अधिकारों के लिए आवाज उठाई गई है। अगर वहां आदिवासियों के साथ अन्याय बंद नहीं हुआ और उन्हें उनका अधिकार नहीं मिला तो झारखंड के आदिवासी वहां पहुंचकर उनके हक की लड़ाई में साथ देंगे। 47वें झारखंड दिवस समारोह की अध्यक्षता दुमका विधायक बसंत सोरेन ने की, जबकि मंच संचालन जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की और मो. सलाम अंसारी ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में स्पेशल ब्रांच के कांस्टेबल की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के सड़क हादसे में स्पेशल ब्रांच के कांस्टेबल शिव कुमार रवि की मौत हो गई है। वह 2005 बैच के झारखंड पुलिस के कांस्टेबल थे। स्पेशल ब्रांच में फिलहाल वह पलामू के रेहला थाना क्षेत्र में तैनात थे। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कांस्टेबल शिव कुमार रोड थाना क्षेत्र के भदुमा गांव के रहने वाले थे। वह रेहला थाना क्षेत्र के बीमोड़ के पास एक गांव जा रहे थे, इसी क्रम में वह नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे का शिकार हो गए। ग्रामीण एवं परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया था। रिम्स ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई।

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत रणडांगा गांव के पास सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान इलामी पंचायत निवासी इमरान शेख के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार इमरान अपनी मोटरसाइकिल से पाकुड़ शहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान इशाकपुर पंचायत स्थित रणडांगा गांव के समीप इलामी-पाकुड़ मुख्य सड़क पर विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इमरान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सोनाजोड़ी सदर अस्पताल भेज दिया।

## तीन महिला समेत चार गांजा तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में गांजा तस्करी का एक बड़ा नेटवर्क पकड़ा गया है। पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में एक पुरुष और तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपी तीसरी बार जेल जा रहे हैं। गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार सभी लोग आपस में रिश्तेदार हैं और एक लंबे समय से तस्करी को पारिवारिक पेशा बना रखा है। दरअसल पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि हुसैनाबाद के इलाके में गांजा की बड़ी खेप की तस्करी होने वाली है। इसी सूचना के आलोक में हुसैनाबाद एसडीपीओ मोहम्मद याकूब के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के मधुशाला रोड में छापेमारी की। इस छापेमारी में पुलिस ने 8.6 किलो गांजा बरामद किया जबकि दो किलो गांजा अलग-अलग पुड़िया में बना हुआ था।



पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए मौके से उदय प्रसाद उर्फ बबलू गुप्ता, बबलू गुप्ता की पत्नी अनिता देवी, दुर्गा देवी और सविता देवी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। हुसैनाबाद एसडीपीओ मोहम्मद याकूब ने बताया कि गांजा तस्करी के आरोप में सभी को गिरफ्तार किया गया है। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से गांजा की तस्करी एवं खरीद बिक्री कर रहे थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि सभी हरिहरगंज के इलाके से गांजा की खरीदारी करते थे और पुड़िया बनाकर लोगों को बेचते थे। पुलिस द्वारा सभी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और नेटवर्क के खिलाफ छापेमारी भी की जा रही है।

## मंत्री इरफान जिम ट्रेनर को करेंगे सम्मानित

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** उत्तराखंड के कोटद्वार के रहने वाले जिम ट्रेनर दीपक कुमार के मैं दीपक हूं, मैं दीपक मोहम्मद हूं...वाले विवादित वायरल वीडियो के बीच झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने ऐलान किया कि वे अपने चार महीनों के वेतन में से 2,00,000 दीपक को देंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इरफान अंसारी ने लिखा कि राशि भले ही छोटी हो, लेकिन यह दीपक के हौसले को सलाम है। उनके मनोबल को मजबूती देगी। यह एक साफ संदेश है कि हिंदुस्तान की आत्मा नफरत नहीं, बल्कि मोहब्बत है। इतना ही नहीं, डॉ इरफान अंसारी ने यह भी घोषणा की कि जल्द ही दीपक को झारखंड बुलाया जाएगा। स्वयं अपने हाथों उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि उस सोच का होगा जो देश को जोड़ती है, तोड़ती नहीं।

## ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर 25 हजार रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए गए कार्यों के भुगतान के एवज में रिश्वत मांगने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो यानी एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने बुंडू प्रखंड के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर जगरनाथ गोप को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस मामले में परिवादी शाहिद रजा ने एसीबी, रांची में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि जल एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बुंडू प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में लगभग 169 नालियों और सोकपिट निर्माण कार्य कराए गए थे, जिनके भुगतान के एवज में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जगरनाथ गोप द्वारा एक लाख 81 हजार 475 रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। परिवादी ने रिश्वत देने से इनकार करते हुए इसकी शिकायत एसीबी से की। आवेदन का विधिवत सत्यापन कराया गया, जिसमें लगाए गए आरोप सही पाए गए। सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 7(ए) के तहत रांची थाना कांड संख्या-04/26 दर्ज किया गया। इसके बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर सहायक अभियंता कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, अवर प्रमंडल, बुंडू (रांची) परिसर से आरोपी ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई से सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की सख्ती एक बार फिर सामने आई है।

## हत्या मामले में छह आरोपियों को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** झारखंड के कोडरमा जिले में जमीन विवाद से जुड़े हत्या मामले (एसटी-37/2024) में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाकांत मिश्रा की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने छह आरोपियों को हत्या और हत्या के प्रयास का दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी ठहराए गए अभियुक्तों में उमेश यादव (47), चुरामन यादव (38), राम लखन यादव (35), बसंती देवी (33), ललिता देवी (32) एवं अविनाश कुमार (19) शामिल हैं। सभी आरोपी चंदवारा थाना क्षेत्र के थाम गांव, जिला कोडरमा के निवासी हैं। अदालत ने सभी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत सश्रम आजीवन कारावास एवं जुर्माने की सजा दी है। इसके अतिरिक्त धारा 307 के तहत सात वर्ष के कारावास की सजा भी सुनाई गई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। यह मामला वर्ष 2023 का है, जिसे लेकर चंदवारा थाना में गणेश यादव के आवेदन पर थाना कांड संख्या 109/2023 दर्ज किया गया था। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने पैरवी की, जबकि बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश कीं। अभियोजन पक्ष ने कुल 13 गवाहों का परीक्षण कराया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने आरोपियों को अधिकतम सजा देने का आग्रह किया। अदालत ने सभी गवाहों एवं उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत सभी छह अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की। चंदवारा थाना को दिए गए आवेदन में गणेश यादव ने बताया था कि उनके गोतिया लोगों के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जिस संबंध में न्यायालय में पार्टिशन सूट दाखिल किया गया था। इसी दौरान विपक्षी पक्ष द्वारा विवादित जमीन पर जेसीबी लगाकर कार्य कराया जा रहा था। मना करने और न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा करने की बात कहने पर आरोपी पक्ष आक्रोशित हो गया और हर्वे-हथियार से लैस होकर हमला कर दिया। हमले में भीखो यादव, गणेश यादव, दिनेश यादव, शंभू यादव सहित अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने 85 वर्षीय भीखो यादव को मृत घोषित कर दिया था जबकि अन्य घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया था।

## रिश्वत लेते जिला आयूष पदाधिकारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला आयुष पदाधिकारी राम प्रकाश वर्मा को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हजारीबाग एसीबी की टीम ने चतरा स्थित जिला आयुष कार्यालय में की। आरोपी अधिकारी पर अपने ही विभाग में कार्यरत महिला आयुष चिकित्सक से विभागीय कार्य के निष्पादन के बदले अवैध राशि की मांग करने का आरोप है। गिरफ्तारी की खबर फैलते ही स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य सरकारी कार्यालयों में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा। एसीबी की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि शिकायतकर्ता कोई आम नागरिक नहीं, बल्कि विभाग की ही चिकित्सक हैं। एसीबी के अनुसार, टंडवा में पदस्थापित आयुष चिकित्सक डॉ. प्रिया कुमारी से जिला आयुष पदाधिकारी राम प्रकाश वर्मा लगातार विभागीय कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए रिश्वत की मांग कर रहे थे। इससे परेशान होकर डॉ. प्रिया कुमारी ने हजारीबाग एसीबी कार्यालय में इसकी लिखित शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी एसपी आरिफ एकराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने पूरे मामले का गुप्त रूप से सत्यापन किया। जांच के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर एसीबी ने आरोपी अधिकारी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए ट्रैप की योजना बनाई। योजना के तहत चिकित्सक को तय रकम लेकर अधिकारी के पास भेजा गया। निर्धारित योजना के अनुसार जैसे ही डॉ. प्रिया कुमारी ने कार्यालय में राम प्रकाश वर्मा को 10 हजार रुपये की रिश्वत दी, पहले से मौजूद एसीबी टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने रिश्वत की पूरी रकम मौके से बरामद कर ली। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी अधिकारी को अपने साथ हजारीबाग ले जाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस मामले में विभाग के अन्य अधिकारी या कर्मचारी भी शामिल हैं या नहीं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी का अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तीन लोगों के हत्याकांड में शामिल दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

मेदिनीनगर। झारखंड के पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत आसेहर पंचायत के कुसड़ी गांव में अंधविश्वास के चलते हुए एक ही परिवार के तीन लोगों हत्याकांड के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में रविंद्र भुइयां और प्रमोद भुइयां शामिल हैं। दोनों सगे भाई हैं। इसकी पुष्टि पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने की है। एसपी ने बताया कि 1 फरवरी को कुसड़ी गांव में अंधविश्वास के कारण विजय भुइयां, उनकी पत्नी हेवन्ती देवी और पुत्र छोटू कुमार की टांगी एवं अन्य धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई थी। वहीं इस हमले में विजय भुइयां की बहू और पोती गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुछ दिन पूर्व गांव निवासी महेशी भुईयां (62) की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। हालांकि महेशी के पुत्रों को संदेह था कि उनके पिता की मृत्यु जादू-टोना के कारण हुई है। इसी अंधविश्वास में आकर उन्होंने विजय भुईयां के परिवार पर हमला कर तिहरे हत्याकांड को अंजाम दिया। इस मामले में विजय भुईयां की पोती के फर्द बयान के आधार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। एसपी श्रीमती रमेशन ने बताया कि आरोपी रविंद्र भुईयां को उसके रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार किया गया जबकि प्रमोद भुइयां को पांकी थाना क्षेत्र के इमली चौक से उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह फरार होने की कोशिश कर रहा था। मृतक की पोती का दंडाधिकारी की उपस्थिति में फर्द बयान भी दर्ज कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी और चाकू बरामद कर लिए हैं।

## सेल-राइट्स के बीच डीजल लोकोमोटिव लीजिंग एवं रखरखाव के लिए समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश की सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न स्टील उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने संयंत्रों और खानों में लॉजिस्टिक्स और परिचालन दक्षता को मजबूत करने के लिए नवरत्न उपक्रम राइट्स लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सेल अपने संयंत्रों और खदानों के परिसर के भीतर एक समर्पित 'मिनी रेल नेटवर्क' संचालित करता है ताकि कच्चे माल की आवक, इन-प्रोसेस ट्रांसफर और तैयार उत्पादों के आउट-बाउण्ड बिना रुकावट परिवहन को सुनिश्चित किया जा सके। अपने डीजल लोकोमोटिव बेड़े के प्रभावी रखरखाव, जिसमें वेट-लीज्ड लोकोमोटिव भी शामिल है , परिचालन को बनाए रखने और भविष्य की क्षमता विस्तार एवं विकास की योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की ओर अपनी संक्रमण गति को तेज



कर रहा है, राइट्स डीजल लोकोमोटिव संचालन और रखरखाव में मूल्यवान विशेषज्ञता प्रदान करना जारी रखे हुए है, जो सेल के डीजल बेड़े को बनाए रखने के लिए अनिवार्य है। भारतीय रेलवे की सुविधाओं, स्पेयर पार्ट्स और कुशल जनशक्ति के पूल की पहुंच के साथ, राइट्स सेल की परिचालन आवश्यकताओं का को लागू करने और इसके नेटवर्क में विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सक्षम है। यह सहयोग दोनों संगठनों को अपनी मुख्य दक्षताओं पर ध्यान केंद्रित करने, लागत को अनुकूलित करने, परिचालन दक्षता बढ़ाने और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में योगदान देने में सक्षम बनाएगा। इस समझौता ज्ञापन पर, सेल की ओर से कार्यपालक निदेशक (प्रचालन) पी.के. बैसाखिया और राइट्स की ओर से कार्यपालक निदेशक (तकनीकी सेवाएं) संदीप जैन ने सेल और राइट्स के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।


Reg No. JHENG/25/A4874

Another Launching from
NAVBIHAR TIMES GROUP

THE EASTERN VOICE

'English Daily Newspaper

Regional Newspaper in whole Bihar & Jharkhand

Email Id-theeasternv@gmail.com

Bihar Office:-Satyendra Nagar,Aurangabad (Bihar Jharkhand)
Office:-31-Co-operative Colony,Bokaro Steel City, Bokaro (Jharkhand)

Contact:- 6206165107, 7295863300

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल छिनतई गिरोह का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार

**हजारीबाग ब्यूरो/नवबिहार टाइम्स।** हजारीबाग जिले के बड़ा बाजार ओ॰पी॰ क्षेत्र में मोबाइल छिनतई की घटनाओं पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से छिनतई के कुल 19 मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त एक स्कूटी और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दिनांक 02 फरवरी 2026 को बड़ा बाजार ओ॰पी॰ क्षेत्र में स्कूटी सवार अपराधियों द्वारा मोबाइल छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया था। सूचना मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर श्री अमित आनंद (भा॰पु॰से॰) के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र में लगातार छापामारी अभियान चलाया गया। इसी क्रम में 02/03 फरवरी 2026 की रात्रि संभावित ठिकानों पर छापामारी कर छह अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान वर्तमान कांड के साथ-साथ पूर्व की छिनतई की घटनाओं से जुड़े मोबाइल भी बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तों में राहुल कुमार गुप्ता उर्फ छोटू, देव कुमार गुप्ता उर्फ गोलू, अमर कुमार उर्फ बब्लु, पवन कुमार, मो॰ हसनैन एवं सुमीत कुमार शामिल हैं।

### दो दिवसीय बसंतोत्सव मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातु (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल द्वारा आयोजित दो दिवसीय बसंतोत्सव मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मेले के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक (पावर) तजिंदर गुप्ता, बीएचईएल उपस्थित रहे। उनका स्वागत ए.के. सहगल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पीवीयूएनएल एवं महाप्रबंधकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। दूसरे दिन का प्रमुख आकर्षण इंटर हाउस सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नृत्य, संगीत और रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और सभी को



मनोरंजन से भर दिया। कार्यक्रम ने आपसी सौहार्द और पारिवारिक सहभागिता को और मजबूत किया। समापन सत्र में लकी ड्रॉ के अंतर्गत लॉटरी टिकट पुरस्कारों का वितरण किया गया, जिसने प्रतिभागियों में खासा उत्साह पैदा किया। यह बसंतोत्सव मेला न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि संगठनात्मक एकता और सामाजिक जुड़ाव को भी सशक्त करने वाला आयोजन सिद्ध हुआ।

# शुरू हुई जैक की परीक्षा, छह परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## एसडीओ ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर जताई चिंता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बरही हजारीबाग ।** प्रखंड क्षेत्र के पांच परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार से जैक इंटर एवं मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में प्रारंभ हुई। पहले दिन सभी केंद्रों पर परीक्षा सामान्य रूप से संपन्न हुई, हालांकि कुछ केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमी देखी गई। रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज, बरही इंटर महाविद्यालय एवं प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में परीक्षा के दौरान किसी भी पुलिस बल की तैनाती नहीं पाई गई। इसकी जानकारी मिलने पर एसडीओ जोहन टुडू ने बरही इंटर महाविद्यालय परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया और केंद्रों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने केंद्राधीक्षक विजय कुमार दास को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उपस्थित-अनुपस्थित परीक्षार्थियों की जानकारी के अनुसार रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा, जबकि बरही इंटर महाविद्यालय में सभी 153 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में दोनों पालियों में एक-एक परीक्षार्थी, कुल दो छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल नहीं हुए। वहीं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही में द्वितीय पाली में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की एकमात्र छात्रा अनुपस्थित रही। इसके अलावा मध्य विद्यालय बरही में दो परीक्षार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। इस प्रकार परीक्षा के पहले दिन कुल छह परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि शेष सभी परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी। प्रशासन की ओर से आगामी परीक्षा तिथियों में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ करने के संकेत दिए गए हैं।

### गिरिडीह नगर निगम वार्ड नंबर 1 से शीतल कुमारी ने भरा नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर निगम गिरिडीह के वार्ड नंबर 1 से शीतल कुमारी ने वार्ड पार्षद प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। वे पेशे से मैत्री एई. वर्कर हैं और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। शीतल कुमारी ने प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण के साथ-साथ कंप्यूटर डिप्लोमा एवं इंग्लिश स्पोकन कोर्स किया है। उन्होंने सीबीएसई बोर्ड से प्रथम श्रेणी में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की है और वर्तमान में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं शीतल कुमारी सामाजिक सेवा से जुड़ी रही हैं और महिला मोर्चा के माध्यम से समाज में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। कम उम्र में राजनीति में कदम रखकर उन्होंने युवा नेतृत्व को नई दिशा देने का संदेश दिया है। नामांकन के दौरान समर्थकों में उत्साह देखा गया। वार्ड नंबर 1 में उनके नामांकन से चुनावी माहौल और भी रोचक हो गया है।

# जिला जनसंपर्क पदाधिकारी की अध्यक्षता में नगरपालिका आम निर्वाचन के सफल संचालन को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** सूचना भवन स्थित कार्यालय कक्ष में नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 के सफल संचालन को लेकर आज नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस संचालकों केबल आपरेटर्स के साथ बैठक हुई मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नगरपालिका मीडिया कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस संचालक एवं केबल आपरेटर के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे मौके पर नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग ने कहा कि चुनाव से सम्बन्धित पोस्टर बैनर हैण्डबिल इत्यादि के प्रकाशन के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित चुनाव व्यय अनुश्रवण से सम्बन्धित अनुदेशिका की कंडिका 127 ए के तहत कई दिशाझनिर्देश दिए गए है। सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक अनिवार्य रूप से दिशा-निर्देश का अनुपालन करेंगे। निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी उम्मीदवारों को किसी भी तरह के राजनीतिक प्रचार सामग्री को प्रकाशन प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन प्रसारण की तिथि से 07 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति एमसीएमसी कोषांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अन्य व्यक्ति किसी भी निर्वाचन लडने वाले प्रत्याशी के समर्थन या असमर्थन के अलावा विज्ञापन दे सकते हैं। इस आशय हेतु वह एक शपथ पत्र देगें निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी उम्मीदवारों को इलेक्ट्रोनिक मीडिया सोशल मीडिया केबल नेटवर्क बल्क एस.एम.एस वॉयस मैसेजस के माध्यम से कोई भी राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित प्रसारित करना चाहते है तो विहित प्रप्त्र आनेक्सरे ए में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति एमसीएमसी कोषांग को आवेदन समर्पित कर सकते है। उनके द्वारा दिये गये व्यय की विवरणी को उम्मीदवरों प्रत्याशी के खाते में प्रविष्टि किया जायगा। तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु आनेक्सरे बी में अनुमति प्रदान की जायगी प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु एमसीएमसी का अनुमति अनिवार्य है आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज आवेदन पत्र दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी दो स्वः अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत वि विज्ञापन कब-कब एवं कितने बार प्रकाशित टेलिकास्ट होगा उसका विवरण आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी प्रत्याशी के द्वारा बिना एमसीएमसी कोषांग से अनुमति लिये किसी भी तरह के प्रचार प्रसार से संबंधित सामग्री का प्रकाशन प्रसारण पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है एमसीएमसी कोषांग गिरिडीह सूचना नवन गिरिडीह में कार्यरत हैं जो निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक 24७7 संचालित रहेगी।

**प्रकाशित सामग्री में उक्त प्रिंटर एवं प्रकाशन का नाम एवं पता संकित करना अनिवार्य**

# संत शिरोमणि रविदास जी का 649 वां महोत्सव मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** माघी पूर्णिमा को डॉक्टर अंबेडकर पुलिस बैरक गिरिडीह में संत शिरोमणि रविदास जी का 649 वाँ जन्मोत्महोत्सव पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। जिसका संचालन सुनील कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन हव०लुतास राम द्वारा किया गया कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के द्वारा कहा गया कि संत शिरोमणि रविदास मध्यकालीन मुक्ति आंदोलन के महान संत, कवि और समाज सुधारक थे। जिनका जन्म लगभग 1377 ईस्वी में बनारस में हुआ था। वह चर्मकार अनुसूचित जाति समुदाय से थे और वह अपना पुश्तैनी काम जूते बनाना, चमढ़े का काम पूरी मेहनत और ईमानदारी से करते थे। उन्होंने निराकार निर्गुण का उपासना की और सामाजिक बुराइयों, रूढ़िवादी परंपरा और उच्च नीच के एक ऐसा समाज का सपना देखा जहां किसी भी प्रकार का भेदभाव ना हो ।उन्होंने एकता और आपसी भाईचारा पर जोर दिया, जिसके कारण राजघराने की बेटी मीरा बाई उनके आंदोलन से प्रभावित होकर शामिल हुई और अपना प्रथम गुरु इन्हें मान बैठी। इन्होंने विश्व गुरु गौतम बुद्ध के विचार से बहुत हद तक प्रभावित थे।उनके प्रसिद्ध वाणी मन चंगा तो कठौती में गंगा यानी यदि मन पवित्र है तो प्रकृति



आपके पास है। वह एक ऐसा समाज का सपना देखा था कार्यक्रम में मुख्य रूप से सअनि सावन भगत, कंदरू महली, हवलदारमहेंद्र राम नगीना पासवान अशोक मेहता, जितेंद्र मेहरा नागेश्वर राम, आरक्षी अजय कुमार दास उदय कुमार अजीत यादवल्लरविंद्र कुमार सुरेंद्र उरांव गोपाल राम पुष्कर कृष्ण शिव नारायण भगत छेदी लकड़ा अमन कुमार, अमरेश कुमार राम रूपलाल दास राजेश कुमार रविजय नारायण पासवान सहायक अवर निरीक्षक के अलावे दर्जनों पुलिसकर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 में प्रतिनियुक्त होने वाले पीठासीन पदाधिकारियों एवं प्रथम मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 में प्रतिनियुक्त होने वाले पीठासीन पदाधिकारियों एवं प्रथम मतदान पदाधिकारियों का जिला स्तरीय संयुक्त प्रशिक्षण स्थानीय हनी हॉली ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल, गिरिडीह में अपराह्न 02:30 से 05:00 बजे तक संचालित किया गया। आज के प्रशिक्षण में विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनरों के द्वारा सभी को मतदान कार्य में प्रयुक्त होने वाले प्रपत्रों एवं चुनाव के आदर्श स्थितियों के बारे में बताया गया। सभी कमरों में आदर्श मतदान केन्द्र के मॉडल को फ्लैक्स प्रदर्शित करके उसके महत्व एवं पदवार बैठने के क्रम को विस्तार पूर्वक समझाया गया। मतपेटिका संचालन के लिए विशेष डेमो दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों का ऑनलाईन आकलन क्यूर कोड की सहायता से किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों का सम्मिलित होना अनिवार्य किया गया है। इसके आधार पर आने वाले प्रशिक्षणों की रूप-रेखा तैयार की जाएगी।आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी, मो० वसीम अहमद एवं जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज ने किया प्रशिक्षण कोषांग की व्यवस्था में विजयेन्द्र सेठ राम सिंह भोला कुमार राय बीपीओ अरविन्द कुमार राय बीपीओ एवं आलोक कुमार तथा मास्टर ट्रेनर के रूप में आनन्द शंकरआदित्य झा मो० नौशाद नवीन कुमार एवं अन्य के सहयोग से प्रदान किया गया।

### चौपारण थाना क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को चौपारण थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर चौपारण थाना अंतर्गत ग्राम मुर्तिया के विभिन्न अंजन इलाकों में वन विभाग एवं चौपारण पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में अवैध रूप से लगी अफीम की खेती को चिन्हित कर मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। अभियान के दौरान घटनास्थल से चार डिलीवरी पाइप बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस द्वारा अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले व्यक्तियों के नाम-पते का सत्यापन किया जा रहा है।

# पादप प्रजनन व आणविक तकनीकों पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही हजारीबाग ।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गौरियाकरमा परिसर में अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीएसपी) के अंतर्गत 3 फरवरी से 23 फरवरी तक आयोजित 21 दिवसीय व्यवहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण का विषय ह्वबीज उत्पादन एवं कृषि उद्यमिता विकास हेतु पादप प्रजनन एवं आणविक तकनीकों पर व्यवहारिक प्रशिक्षणह्व रखा गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि एवं परिसर प्रभारी डॉ. सनत कुमार महान्ता ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन के साथ आधुनिक जैव-प्रौद्योगिकी का



समन्वय ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं से कृषि आधारित उद्यमिता को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संतोष कुमार ने जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण में 15 शिक्षित युवा भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पादप प्रजनन की पारंपरिक तकनीकों के साथ-साथ डीएनए निष्कर्षण, पीसीआर एवं जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस जैसी आधुनिक आणविक तकनीकों का प्रयोगशाला आधारित व्यवहारिक ज्ञान दिया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को बीज उत्पादन एवं कृषि उद्यम स्थापित करने के लिए सक्षम बनाना है। इस अवसर पर संस्थान के कई वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के महत्व और उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

**एससीएसपी योजना के तहत युवाओं को बीज उत्पादन व कृषि उद्यमिता का दिया जाएगा प्रशिक्षण**

# 12 फरवरी को चार लेबर बिल के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** प्रखंड कार्यालय महुवाटांड़ में असंगठित मजदूर मोर्चा की बैठक हुई, बैठक में माले के द्वारा लिए गए निर्णयों को प्रभाव में लाना है,आज बैठक में मुख्य रूप से माले नेता कन्हाई पांडेय ने कहा कि ग्रामीण मजदूर के साथ लगातार ज्यादती करता है बालमुकुंद फैक्ट्री के जीएम मजदूरों के साथ शोषण करता है, बार बार सब फर्जी मुकदमा करने का रिकॉर्ड है, 17 फरवरी को चेतावनी के रूप में लाठी मार्च निकाला जाएगा यह भी कहा कि सभी फैक्ट्रियों में धुवां भी बहुत निकलता है। इसको भी कंट्रोल करना प्रशासन का काम है,गिरिडीह उपायुक्त से निवेदन करेंगे कि इंडस्ट्रियल एरिया को जांच करने के लिए सप्ताह में एक बार अवश्य आवे। माले नेता मसूदन कोल और किशोर राय ने कहा कि हमलोग लगातार शिकायत इस फैक्ट्री की है,तो प्रशासन कार्यवाई क्यों नहीं करती है,बड़ा सवाल है,असंगठित मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष,माले के प्रखंड सचिव मसूदन कोल,लखन कोल,सनातन साहू,भीम कोल,धूमा टुड्डू चंदन टुड्डू, मैना मोहली रामस्वरूप मांझी मोहन कोल कर्मी देवी कौशल्या देवी खुदनी देवी दशमी देवी आदि



मौजूद थे ग्रामीण इलाकों में भी महिला पुरुष को समझाया कि शांत रहने से कुछ नहीं होगा,अपनी आवाज खुद बुलंद करनी होगी,आपकी आवाज को हमसब दबने नहीं देंगे,उसकी गारंटी भाकपा माले देता है 17 फरवरी को बालमुकुंद फैक्ट्री के जीएम परशुराम तिवारी के विरुद्ध लाठी मार्च होगा जिसमे माले और असंगठित मजदूर मोर्चा द्वारा लोकतांत्रिक आंदोलन किया जाएगा वही 12 फरवरी को भारत बंद की तैयारी भी जोर शोर से कर रहा है,दर्जनों गांव की महिला पुरुष भारत बंद के दरम्यान मुफ्फसिल क्षेत्र में सड़कों पर उतरेंगे शहरी क्षेत्र में नगर निगम चुनाव है।

# अनुमंडलीय कृषि प्रक्षेत्र पचम्बा मैदान में जिला स्तरीय किसान मेला-सह-फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आज अनुमंडलीय कृषि प्रक्षेत्र पचम्बा मैदान में जिला स्तरीय किसान मेला-सह-फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक रामनिवास यादव और उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी जिला उद्यान पदाधिकारी जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी भूमि संरक्षण पदाधिकारी जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत सभी संबंधित अधिकारी के अलावा जिले के सभी प्रखण्डों से अधिक से अधिक संख्या में किसान, किसान मित्र, प्रगत्तिशील कृषक उपस्थित थे। इस मेले में कृषि एवं कृषि संबंध विभाग के साथ-साथ कृषि विज्ञान केंद्र एफपीओ खाद बीज भंडार सहित कुल 18 स्टॉल लगाए गए एवं मंच के साथ-साथ कृषि एवं कृषि संबंध विभाग के पदाधिकारी सभी विभाग के कर्मी किसान मित्र एग्री स्मार्ट ग्राम के कृषक पाठशाला के कर्मी प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सहायक तकनीकी प्रबंधक जन सेवक एग्री क्लीनिक के कर्मी कृषक उत्पादक संगठन के कृषक विभिन्न प्रखंड से सैकड़ो किसान उपस्थित थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि यह मेला किसानों के लिए नयी तकनीकों, जैविक खेती, उद्यानिकी और मत्स्य पालन में उन्नति के अवसर प्रदान करेगा। मेले में किसानों को उनकी उपज का मूल्य बढ़ाने, विपणन रणनीतियों और पर्यावरण अनुकूल खेती पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उपायुक्त ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा मेले में प्रदर्शित कृषि उपकरण, तकनीकी नवाचार, जैविक उत्पादों, फसलों, फल, फूल और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने कहा, "इन स्टालों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और संसाधनों की जानकारी मिल रही है, जो उनके उत्पादन को बढ़ाने और लागत कम करने में सहायक होगी। फल और सब्जी प्रदर्शनी ने किसानों को उनकी फसलों के बेहतर उत्पादन और संरक्षण के नए तरीकों से परिचित कराया। इस प्रदर्शनी में जैविक उत्पादों, स्थानीय सब्जियों और फलों की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन किया गय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी ने कहा कि यह मेला किसानों के लिए बहुत लाभकारी है और अधिक प्रचार प्रसार करते हुए किसानों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है इनके द्वारा बताया गया कि तकनीकी ढंग से खेती करने की सलाह को यदि किसान अपने छिड़काव की विधि एवं समय पर करें तो किसानो को अधिक लाभ होगा। पानी की कमी को देखते हुए खेती कार्य समय पर नहीं हो पाता है किसी और विभाग को ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे सिंचाई सुनिश्चित हो सके क्योंकि खेती सिंचाई पर ही निर्भर है। इसके लिए चेक डैम ,तालाब कूप जैसे योजना पर ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे पानी संरक्षित कर खेती करने में सहायक हो सकता है कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी, श्री आशुतोष कुमार के द्वारा बताया गया कि किसान स्वावलंबी बने किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती कर खेती की लागत कम कर सकते हैं जैसे बीज का चुनाव बीज की मात्रा समय पर सिंचाई पौधे की दूरी बीज उपचार रोगों में अनुशंसित दवाई का प्रयोग आदि अपनाते हुए अपनी खेती की लागत को कम कर सकते हैं साथ ही साथ नीम, करंज, सरसों खली आदि का उपयोग करें।

**धमेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त व उप विकास आयुक्त के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया**

# रोजगार से विकास-अभियान एवं आवास योजनाओं की प्रगति को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह :** मनरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित मनरेगा का विश्वास रोजगार से विकास अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने तथा आवास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने समाहरणालय सभागार में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक ने योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों तथा लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने वीसी से जुड़े सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मनरेगा एवं आवास योजनाओं के अंतर्गत संचालित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए ताकि अधिक से अधिक लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल



सके उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा का विश्वास रोजगार से विकास अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए आधारभूत संरचना एवं स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण करना है। उन्होंने मजदूरों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने, सक्रिय मजदूरों का कैंप के माध्यम से ई-केवाईसी कराने तथा वंचित परिवारों को चिन्हित कर उन्हें मनरेगा योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन की एक महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कार्यों के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। साथ ही निर्देश दिया कि योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जाए तथा लंबित योजनाओं का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने आवास योजनाओं की समीक्षा करते हुए लाभुकों को समय पर आवास उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को लाभुकों का नियमित अनुश्रवण करने तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की सतत निगरानी करने का निर्देश दिया, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर आवास निर्माण कार्य पूर्ण किया जा सके। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश दिया मौके पर उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी निदेशक डीआरडीए रंथू महतों जिला पंचायत राज पदाधिकारी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी परियोजना पदाधिकारी सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जेएसएलपीएस डीपीएम उपस्थित थे।

### दो दिवसीय वसंतोत्सव मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** पीवीयूएनएल द्वारा आयोजित दो दिवसीय बसंतोत्सव मेला हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मेले के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक (पावर) श्री तजिंदर गुप्ता, बीएचईएल उपस्थित रहे। उनका स्वागत मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीवीयूएनएल श्री ए.के. सहगल एवं महाप्रबंधकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूरे परिसर में उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। मेले के दूसरे दिन का प्रमुख आकर्षण इंटर हाउस सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नृत्य, संगीत एवं रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम देर तक तालियों की गूंज से सराबोर रहा।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन समीक्षा बैठक

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़ हजारीबाग ।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, विष्णुगढ़ परिसर में सत्र 2025-26 के नामांकन एवं शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय की वार्डेन सह शिक्षिका ज्योति वर्मा ने की। इसमें प्रखंड के सभी बीआरपी एवं सीआरपी उपस्थित रहे। बैठक में सत्र 2025-26 के लिए नामांकन लक्ष्य की समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि छठी कक्षा में कुल 75 सीटें रिक्त हैं, जिनमें एसटी के लिए 6, एससी के लिए 10, ओबीसी के लिए 26, अल्पसंख्यक वर्ग के लिए 12 तथा बीपीएल परिवारों के लिए 19 सीटें निर्धारित हैं। वहीं, सातवीं कक्षा में मात्र एक छात्रा का नामांकन लिया जाना है। बैठक में एसटी,



एससी, अल्पसंख्यक एवं अति दुर्गम क्षेत्रों की बालिकाओं को प्राथमिकता देते हुए विद्यालय से बाहर रह गई छात्राओं का चिन्हांकन कर शीघ्र नामांकन सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। सभी सीआरपी एवं बीआरपी को नामांकन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि इच्छुक अभिभावक 20 फरवरी तक विद्यालय में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र जमा कर सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में राकेश वैद्य, मिहिर कुमार शर्मा, विजय कुमार पांडेय (बीआरपी), सुशील कुमार, अशोक कुमार यादव सहित अन्य सीआरपी एवं बीआरपी उपस्थित थे। अंत में वार्डेन ज्योति वर्मा ने कहा कि सरकार की शिक्षा योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति की बालिकाओं तक पहुंचाना प्राथमिक लक्ष्य है, जिसे सभी के आपसी समन्वय से पूरा किया जाएगा।

# पुलिस की छापेमारी में दो इनामी कुख्यात धराये

- कई संगीन मामलों में चल रहा था फरार
- तकनीकी माध्यमों से रखी जा रही थी नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार के गया जिले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हत्या, लूट और आर्म्स एक्ट के कई मामलों में वांछित तथा 50-50 हजार रुपये के इनामी दो कुख्यात अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस प्रशासन ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का सफल उद्भेदन किया।

गया जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस लगातार सख्त अभियान चला रही है। इसी क्रम में गया पुलिस ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए दो ऐसे कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिन पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। दोनों अपराधी हत्या, लूट और आर्म्स एक्ट से जुड़े कई संगीन मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे थे।

पुलिस के अनुसार, हाल ही में गयाजी शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बैरागी मुहल्ले में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद सीनियर एसपी के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में नगर पुलिस उपाधीक्षक-2 के नेतृत्व में गठित इस टीम को अपराधियों की धरपकड़ की जिम्मेदारी सौंपी गई।

गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और गोपनीय सूचनाओं के आधार पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया। मोबाइल लोकेशन, मुखबिर तंत्र और अन्य तकनीकी माध्यमों की मदद से अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि दोनों कुख्यात अपराधी गया जिले के मेन थाना क्षेत्र अंतर्गत बराबर पहाड़ी के समीप एक गांव में छिपे हुए हैं।

सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापेमारी की और दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद नगर पुलिस उपाधीक्षक-2 के नेतृत्व में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया।

पुलिस का कहना है कि इन दोनों कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी से इलाके में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा और आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। साथ ही अन्य अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस का मनोबल भी बढ़ा है। गया पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले को अपराध मुक्त बनाने के लिए आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## परीक्षा देकर लौट रहे छात्र को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** बेखौफ अपराधियों ने कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए दिनदहाड़े एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। मंगलवार को इंटर की परीक्षा देकर घर लौट रहे एक छात्र को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायल छात्र को आनन-फानन में पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

यह घटना केनगर थाना क्षेत्र के बाघमारा के पास हुई। घायल छात्र की पहचान भवानीपुर थाना क्षेत्र के केमई निवासी मनोज कुमार सिंह के पुत्र दिवांशु कुमार के रूप में हुई है। दिवांशु इंटर का छात्र है और बाघमारा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल केंद्र पर परीक्षा देने आया था। पीड़ित के पिता मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दिवांशु केमई सोनदीप हाई स्कूल से इंटर की पढ़ाई कर रहा है।

मंगलवार को वह गणित विषय की परीक्षा देने सरस्वती विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र गया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह अपने दो दोस्तों के साथ पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान परीक्षा केंद्र से कुछ दूरी पर बाइक सवार अपराधियों ने उसे गोली मार दी और फरार हो गए। गोली लगते ही दिवांशु खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसके दोस्तों की मदद से उसे तुरंत जीएमसीएच पूर्णिया में भर्ती कराया गया।

वहीं घायल छात्र दिवांशु कुमार ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद वह अपने दोस्तों के साथ घर लौट रहा था। तभी केंद्र से लगभग आधा किलोमीटर दूर बाघमारा के पास पल्सर बाइक पर सवार बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी। गोली उसकी जांघ में लगकर आर-पार हो गई। घटना के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए।

## जेल से विस पहुंचे अनंत सिंह, ली शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के ठीक पहले प्रचार के दौरान एक प्रत्याशी के करीबी की हुई हत्या के मामले में आरोपी अनंत सिंह ने मंगलवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा सदस्यता की शपथ ली।

अनंत सिंह आए भी अलग अंदाज से और निकले भी अनोखे अंदाज में। कभी घोड़ों तो कभी अपनी बोली के कारण वायरल रहे बाहुबली अनंत सिंह ने मंगलवार को बेउर जेल से बिहार विधानसभा का सफर किया।

गौरतलब है कि विधायक चुने जाने के बाद अनंत सिंह शपथ नहीं ले सके थे। अनुमति मिली तो पहुंचे। सावधान मुद्रा में पहुंचकर शपथ ली। सीएम नीतीश कुमार के पैर छुए। और निकले तो शेर की तरह एम्बुलेंस के पीछे की तरफ खुले हाथ बैठकर फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी करा निकल गए।

एक मामले में सजा होने के आधार पर विधायकी चले जाने के बाद अनंत सिंह ने अपनी पत्नी को मोकामा विधानसभा के उप चुनाव में उतारा था। वह जीतकर विधायक बनी थीं। वह राजद के टिकट पर विधायक थीं, लेकिन 2024 में एनडीए सरकार की वापसी के समय बहुमत साबित किए जाने के दौरान उन्होंने सत्ता का साथ दिया। इसके कुछ समय बाद अनंत सिंह की रिहाई हो गई।

वह बरी हो गए तो बिहार चुनाव 2025 में खुद उतरे। उन्होंने राजद की वीणा देवी को 28206 मतों से हराया। मोकामा सीट पर चुनाव से पहले प्रचार के दौरान एक प्रत्याशी के समर्थक की हत्या हो गई थी, जिसमें अनंत सिंह को मुख्य आरोपी बनाया गया था। वह जीतने के बावजूद शपथ नहीं ले सके थे। अब 3 फरवरी को बजट पेश होने से पहले उन्होंने अनुमति मिलने के आधार पर शपथ ली।

## टीएलएम मेला में दिखा शिक्षकों की रचनात्मकता और नवाचार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र शिवाजीनगर के प्रांगण में मंगलवार को टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) मेला का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मेले का उद्देश्य शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक एवं व्यावहारिक बनाना तथा शिक्षकों की नवाचारी सोच को प्रोत्साहित करना था।



कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम जन्म सिंह तथा पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

उद्घाटन के पश्चात बीडीओ, बीईओ एवं निर्णायक मंडल की टीम ने मेला परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान एवं गणित विषयों पर आधारित टीएलएम मॉडलों का अवलोकन किया मेले में प्रखंड के कई विद्यालयों से आए शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में तैयार किए गए शिक्षण सहायक सामग्री का प्रदर्शन किया। इन मॉडलों के माध्यम से जटिल विषयों को सरल ढंग से समझाने, विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने तथा कक्षा शिक्षण को प्रभावी बनाने के प्रयास स्पष्ट रूप से दिखाई दिए निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवाडा की नवजोत कौर को प्रथम स्थान, प्राथमिक विद्यालय जगदर के निशांत सौरभ को द्वितीय स्थान तथा मध्य विद्यालय शिवाजीनगर के प्रशांत कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता शिक्षकों को मेमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से शिक्षकों की रचनात्मकता को मंच मिलता है और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सहायता मिलती है।

बीईओ राम जन्म सिंह ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे नवाचार को निरंतर जारी रखें और कक्षा शिक्षण को अधिक रुचिकर बनाएं। कार्यक्रम में राजन कुमार, शशि कुमार, संतोष कुमार, दिनेश प्रसाद सिंह, मृत्युंजय कुमार राय, संजीव कुमार सिंह, राजकुमार राय, शिव कुमार, गौतम कुमार, सुभाष सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के कर्मी उपस्थित रहे टीएलएम मेला के सफल आयोजन से शिक्षकों में उत्साह का माहौल रहा और भविष्य में भी इस तरह के शैक्षणिक आयोजनों की निरंतरता पर बल दिया गया।

## अब पंचायत से ही बनेंगे प्रमाण पत्र

**बक्सर।** ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं का लाभ उनके घर के नजदीक उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की पहल अब धरातल पर असर दिखाने लगी है। प्रखंड की सभी 14 पंचायतों में आरटीपीएस काउंटर का विधिवत संचालन किया जा रहा है, जिससे पंचायत स्तर पर ही आम लोगों को जरूरी प्रमाण पत्र आसानी से मिल रहे हैं।

प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रोहिणी कुमारी ने बताया कि प्रखंड की सभी पंचायतों में आरटीपीएस काउंटर पूरी तरह से सक्रिय हैं। पंचायत के लोग अपने ही पंचायत में जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित आरटीपीएस से जुड़ी अन्य सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए अब प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने बताया कि आरटीपीएस काउंटर के संचालन को लेकर नियमित रूप से निगरानी की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की लापरवाही न हो और अधिक से अधिक लोगों को समय पर लाभ मिल सके।

## शिक्षकों की तनातनी में शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** मुंगेर के प्रोन्नत उच्च विद्यालय मधुरा में प्रधानाध्यापिका और सहायक शिक्षक के बीच लंबे समय से चल रहा आपसी विवाद अब सीधे विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था पर असर डालने लगा है। शिक्षकों के बीच तनातनी का असर बच्चों की पढ़ाई पर दिख रहा है। विद्यालय में नामांकित बच्चों की संख्या बेहद कम है, जबकि शिक्षकों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक बनी हुई है। इससे न केवल शिक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि विद्यालय की प्रतिष्ठा भी धूमिल हो रही है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कंचन लता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं। बीईओ ने पाया कि सहायक शिक्षिका सरिता कुमारी ने उपस्थिति पंजी में अन्य शिक्षकों के कॉलम में भी छेड़छाड़ की, जो नियमों के स्पष्ट उल्लंघन और अनुचित है। इस बीच विवाद का असर बच्चों पर भी पढ़ रहा है। बच्चे पढ़ाई नहीं करते हैं। कई बच?चे तो मोबाइल साथ में लाते हैं और वीडियो बनाते हैं और फोटो खींचते रहते हैं। लोग कहते हैं शिक्षक आपस में झगड़ रहे, बच?चे आपस में लड़ रहे।

बीईओ ने बताया कि प्रधानाध्यापिका ममता कुमारी की सहनशीलता का सहायक शिक्षिका लगातार नाजायज

### अभिभावकों ने की प्रशासन से हस्तक्षेप करने की मांग

लाभ उठाती रही है, जिससे विद्यालय में रोजाना विवाद की स्थिति बनी रहती है। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी में छेड़छाड़ का खुलासा होने के बाद मामला और गंभीर हो गया।

बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए बीईओ ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे अपने पोषक क्षेत्र में भ्रमण कर बच्चों को विद्यालय से जोड़ें और अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें। यह आवश्यक है ताकि सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ बच्चों तक सही ढंग से पहुंचे।

ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षकों के आपसी विवाद के कारण विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था चौपट हो रही है। अधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।इस पूरे मामले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षकों के बीच आपसी सामंजस्य और अनुशासन के अभाव से न केवल पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि विद्यालय की समग्र छवि और भरोसा भी कमजोर होता है।

## कांग्रेस ने रामा खलखो तो झामुमो ने अंतु तिर्की पर लगाया दांव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। झारखंड में प्रस्तावित नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। भले ही नगर निकाय चुनाव औपचारिक रूप से गैर-दलगत आधार पर कराए जा रहे हों, लेकिन भाजपा ने बैकडोर समर्थन के जरिए अपने पसंदीदा उम्मीदवारों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। पार्टी ने राज्य के विभिन्न नगर निगम और नगर परिषद क्षेत्रों में मेयर पद के लिए समर्थित प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए हैं।

रांची नगर निगम में मेयर पद के लिए भाजपा ने रोशनी खलखो के नाम पर मुहर लगाई है। वहीं हजारीबाग नगर निगम से सुदेश चंद्रवंशी, चास नगर निगम से अविनाश कुमार, धनबाद नगर निगम से संजीव अग्रवाल और मधुपुर नगर निगम से नीति कुमारी को पार्टी का समर्थन प्राप्त होगा।

इसके अलावा चक्रधरपुर से डॉ. विजय गागराई, गढ़वा से कंचन जायसवाल, दुमका से अमिता रक्षित, गोड्डा से नारायण मंडल, बुंडू से राजेश उरांव, आदित्यपुर से प्रभाषिणी कलुंडिया और मानगो नगर निगम से संध्या सिंह को मेयर पद के लिए भाजपा समर्थित उम्मीदवार बनाया गया है।

सूत्रों के अनुसार भाजपा संगठन इन प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी समन्वय और रणनीतिक सहयोग करेगा। पार्टी का फोकस शहरी विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता और नागरिक सेवाओं को प्रमुख चुनावी मुद्दों के रूप में सामने रखने पर रहेगा। निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की इस रणनीति से शहरी राजनीति में सरगर्मी तेज हो गई है। अब यह देखना अहम होगा कि पार्टी समर्थित उम्मीदवार मतदाताओं का भरोसा कितना हासिल कर पाते हैं।

वहीं झामुमो और कांग्रेस ने भी मेयर पद के लिए बैकडोर रणनीति के तहत अपने-अपने समर्थित प्रत्याशियों को मैदान में उतार दिया है। कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस महिला अध्यक्ष रामा खलखो को मेयर पद के लिए समर्थन देने का निर्णय लिया है, जबकि झामुमो ने अंतु तिर्की को अपना समर्थित उम्मीदवार घोषित किया है।

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत

**मधुबनी।** जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक अधिवक्ता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार इंटर का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल, मधुबनी रेफर किया गया है।

घटना जगदंबा पेट्रोल पंप के समीप की बताई जा रही है। मृतक अधिवक्ता की पहचान बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के नवगढ़ी गांव निवासी सुधीर कुमार चौधरी के रूप में हुई है। वे अपने घर से व्यवहार न्यायालय, बेनीपट्टी जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर सवार छात्र सहारघाट थाना क्षेत्र के उत्तरा गांव का रहने वाला है, जो इंटर की परीक्षा देने मधुबनी की ओर जा रहा था।

बताया जा रहा है कि दोनों बाइक तेज गति से चल रही थीं, इसी दौरान आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अधिवक्ता सुधीर कुमार चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## उप विकास आयुक्त ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

### चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर तरेरी आंखें, दिये कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** उपायुक्त आर. रॉनिटा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त आलोक कुमार ने देर शाम सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों, विभागों एवं समग्र व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने इमरजेंसी वार्ड, ऑपरेशन कक्ष, एसएनसीयू कक्ष,आईसीयू, ओपीडी जांच घर, मातृ शिशु अस्पताल एवं अन्य विभागों का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर फीडबैक प्राप्त किया, उन्हें दिए जा रहे स्वास्थ्य सुविधाओं, भोजन समेत अन्य की जानकारी लेते हुए अस्पताल प्रबंधन को बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ओपीडी एवं इमरजेंसी वार्ड संचालन की विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने विभागवार डॉक्टरों की संख्या एवं उपस्थिति की समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि ओपीडी एवं इमरजेंसी वार्ड का संचालन बेहतर ढंग से हो और डॉक्टरगण मरीजों का अच्छे से इलाज करें। निरीक्षण के क्रम में इमरजेंसी वार्ड एवं आईसीयू वार्ड में रोस्टर अनुसार दो चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए, जिसपर उप विकास आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण करने के निर्देश दिए।



उप विकास आयुक्त ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी तत्परता के साथ मरीजों के इलाज का निर्देश दिया। उन्होंने लैब संचालन की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्रयोगशालाएं पूरी क्षमता के साथ कार्य करें। जो मशीनें वर्तमान में उपयोग में नहीं हैं, उनकी समीक्षा कर उन्हें क्रियाशील बनाने हेतु निर्देशित किया गया। रोस्टर अनुसार चिकित्सक, एएनएम, जेएनएम समेत अन्य की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ हीं मरीजों का बेहतर उपचार एवं उन्हें मेनू अनुसार भोजन देने समेत अस्पताल में अन्य व्यवस्था दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायतीराज पदाधिकारी शिशिर कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विश्वकप की भी मेजबानी का बिहार ने किया दावा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एशियास्तर के सफल खेल आयोजनों के बाद बिहार ने अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप की तरफ कदम बढ़ाए हैं।

वर्ष 2030 का पुरुष हाकी विश्वकप एवं राष्ट्रमंडल खेल की मेजबानी करने का दावा बिहार ने किया है। मंगलवार को पेश बजट में सरकार ने वर्ष 2026 की एफआइएच हाकी प्रो लीग, साल 2028 के नेशनल यूथ गेम्स और 2034 के राष्ट्रीय खेल भी बिहार में कराने की योजना प्रस्तावित की है। बजट में आगामी वर्षों की प्रस्तावित योजनाओं में बहु खेल प्रतियोगिता राष्ट्रमंडल खेल भी प्राथमिकता से अंकित है, हालांकि कौन से खेल प्रदेश में होंगे, इसकी जानकारी नहीं दी है।देश में पहली बार 2028 में नेशनल यूथ गेम्स का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश ने इस बड़ी चैंपियनशिप के लिए भी दावेदारी की है।

सभी प्रमंडलीय मुख्यालयों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल संरचना के निर्माण योजना के तहत राज्य के सभी नौ प्रमंडलों में भूमि चिह्नित की गई है। दो प्रमंडलों पूर्णिया एवं सहरसा में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा निर्माण जारी है। राज्य के 38 जिलों की सभी 8,053 ग्राम पंचायतों में कम-से-कम एक खेल मैदान बनाने का लक्ष्य है। सरकार ने दावा किया है कि अब तक कुल 5,341 खेल मैदान चिन्हित किया गया है, जिसमें से कुल 4,849 खेल मैदान का निर्माण कार्य पूर्ण है तथा 492 निमार्णाधीन है।

मुख्यमंत्री खेल विकास योजनांतर्गत प्रदेश में खेल संरचना का निर्माण के तहत प्रखंडस्तर पर 257 स्टेडियमों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 46 स्टेडियम निमार्णाधीन है।

25 जिलों में 165.25 करोड़ (प्रति जिला 6.61 करोड़) रुपये की लागत से खेल भवन सह व्यायामशाला के निर्माण पूर्ण है। 13 जिलों में औसतन 10.31 करोड़ रुपये प्रति इकाई की लागत से प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

## गंगा आरती से अलौकिक हुआ कौनहारा घाट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर ।** पूर्णिमा के पावन अवसर पर हाजीपुर का कौनहारा घाट आध्यात्मिक आभा से सराबोर नजर आया। नगर परिषद हाजीपुर की ओर से पर्यटन विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और नदी स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नमामि गंगे घाट पर काशी की तर्ज पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने घाट को अलौकिक स्वरूप प्रदान कर दिया, जहां श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

विधि-विधान से हुआ आयोजन, दीप प्रज्वलन के साथ हुई शुरूआत

एनएमसीजी (नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा), नई दिल्ली के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को गंगा नदी से भावनात्मक रूप से जोड़ना और घाटों के महत्व को पुनर्जीवित करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना से हुई। हाजीपुर विधायक अवधेश सिंह, नगर परिषद हाजीपुर की सभापति डॉ. संगीता कुमारी और कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर गंगा आरती का शुभारंभ किया।

जैसे ही मंत्रोच्चार के साथ आरती की लौ लहराई, पूरा घाट भक्ति और पवित्रता के प्रकाश से आलोकित हो उठा। गंगा तट पर सैकड़ों श्रद्धालु उमड़ पड़े। भक्ति गीतों, घंटियों और शंखध्वनि की समवेत गूंज से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन गया। श्रद्धालु हाथ जोड़कर मां गंगा

### मंत्रोच्चार और आरती से भक्तिमय हुआ वातावरण

की आराधना में लीन नजर आए और घाट पर आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष अनुभव हुआ।

गंगा आरती के बाद हाजीपुर विधायक अवधेश सिंह ने कहा कि इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम नदी को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं। उन्होंने घाट से लेकर पूरे शहर तक साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि जब तक आम नागरिक जागरूक नहीं होंगे, तब तक स्वच्छता का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता।नगर परिषद की सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने कहा कि हाजीपुर में आयोजित गंगा आरती दिन-प्रतिदिन अधिक भव्य और आकर्षक होती जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस दिव्यता और आध्यात्मिक अनुभूति के लिए लोग काशी, हरिद्वार या वाराणसी जाते थे, वही अनुभव अब हाजीपुर के कौनहारा घाट पर मिलने लगा है। उन्होंने बताया कि घाट पर 21 फीट ऊंची भाव गजग्राह प्रतिमा के निर्माण का शिलान्यास पिछले महीने किया गया है, जिससे घाट का स्वरूप और भव्य होगा।

नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि गंगा आरती का आयोजन प्रत्येक माह पूर्णिमा के अवसर पर किया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को गंगा नदी की साफ-सफाई, संरक्षण और महत्व के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद इस परंपरा को लगातार आगे बढ़ाएगी।

नमामि गंगे के डीपीओ मुनेश कुमार ने विश्व आर्द्र दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों को आर्द्रभूमि संरक्षण के महत्व से अवगत कराया और शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कौनहारा घाट को एक बड़े तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

गंगा आरती कार्यक्रम में सिटी मैनेजर दीपक कुमार तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता रामू कुमार सहनी, सोनू सिंह आर्या, नगर परिषद के कर्मी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन ने न सिर्फ धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि गंगा संरक्षण का संदेश भी प्रभावी ढंग से दिया।

## मूल्यांकन केंद्रों की गड़बड़ी से लापरवाही उजागर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के लिए बनाए गए मूल्यांकन केंद्रों और निदेशकों की सूची में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है।

सूची में कुल मूल्यांकन केंद्र 138 हैं, लेकिन सीरियल नंबर सीधे 167 पर पहुंच गया, जिससे प्रशासनिक लापरवाही स्पष्ट हुई। सूची की जांच में पता चला कि कई सीरियल नंबर गायब हैं।

उदाहरण के लिए, 1 के बाद 2, 8 के बाद 12, 17 के बाद 18, 22 के बाद 23, और इसी तरह 30 के बाद 31, 32, 33, 41 के बाद 42, 43, साथ ही 47, 55, 57, 62, 64, 65, 70, 79, 80, 83, 89, 111, 125, 150, 153, 156, 162 और 164 भी सूची में नहीं हैं। इसके अलावा, समस्तीपुर बिना क्रम संख्या के दर्ज है। सूची में प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र के निदेशक का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी भी अंकित किया गया है। यह मामला यह दिखाता है कि सूची बनाने से लेकर उसे जारी करने और हस्ताक्षर करने तक चार-चार अधिकारियों की निगरानी में भी त्रुटि पर ध्यान नहीं गया।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की गड़बड़ियां प्रशासनिक प्रक्रिया और परीक्षा व्यवस्था दोनों पर असर डाल सकती हैं। बोर्ड ने फिलहाल इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं दी है। शिक्षा विशेषज्ञों का सुझाव है कि सूची को दोबारा सावधानीपूर्वक तैयार किया जाए, ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया में किसी तरह की असुविधा या विवाद उत्पन्न न हो। बोर्ड की यह चूक छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी चिंता का विषय बन गई है। आने वाले दिनों में संभव है कि प्रशासन सभी त्रुटियों को सुधारने और सही सूची जारी करने की प्रक्रिया अपनाए।

# कृषि क्षेत्र के लिए विकासोन्मुख एवं भविष्योन्मुखी बजट

## कृषि स्टार्टअप, जीआई उत्पाद एवं ग्रामीण हाट विकास पर विशेष फोकस: राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव द्वारा प्रस्तुत राज्य बजट को कृषि विभाग के दृष्टिकोण से विकासोन्मुख, भविष्योन्मुखी एवं किसान-हितैषी बताते हुए कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि यह बजट राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा, युवाओं एवं महिला किसानों के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन करेगी। एग्री स्टार्टअप के माध्यम से कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा जिससे किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी जिससे स्थानीय स्तर पर विकास को नई मजबूती प्राप्त होगी एवं कृषि विपणन व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि को लाभकारी, टिकाऊ एवं आधुनिक बनाने की स्पष्ट प्रतिबद्धता दिखाई देती है।

कृषि मंत्री ने कृषि विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि रोडमैप के प्रभावी कार्यान्वयन के फलस्वरूप वर्ष 2005 से अब तक खाद्यान्न उत्पादन में तीन गुना से अधिक वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम आकलन के अनुसार राज्य में 326.62 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ है जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में बिहार ने मखाना एवं लीची उत्पादन में देश में प्रथम, मक्का में द्वितीय, शहद में चतुर्थ, चावल में पांचवां तथा गेहूं में छठा स्थान प्राप्त किया है। देश में उत्पादित कुल मखाना का 85 प्रतिशत उत्पादन बिहार में होता है। मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु राज्य में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का गठन किया गया है। मंत्री ने कहा कि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए डिजिटल कृषि निदेशालय का गठन कर एकीकृत डेटाबेस प्रबंधन को सुदृढ़ किया गया है। राज्य के सभी 38 जिलों में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत 190 मॉडल कृषि गांव विकसित किए जा रहे हैं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत 3 लाख मिट्टी नमूनों का विश्लेषण किया गया है तथा 32 अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं की स्थापना की जा रही है।

उन्होंने कहा कि बिहार देश में मशरूम उत्पादन में अग्रणी है, जहां वर्तमान में 44,000 मीट्रिक टन उत्पादन हो रहा है। किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने हेतु भंडारण, कोल्ड स्टोरेज, प्रसंस्करण एवं विपणन को प्राथमिकता दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 91 प्रकार के कृषि यंत्रों पर 40 से 80 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है तथा एआई युक्त यांत्रिक कृषि मिशन के गठन की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार के संकल्प के तहत बिहार एपी इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन का गठन कर प्रारंभिक चरण में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत छंटाई एवं ग्रेडिंग यूनिट, कोल्ड चेन चौम्बर्स, गोदाम एवं प्रोसेसिंग सेंटरों की स्थापना की जाएगी।

# कर्पूरी ठाकुर राजनेता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की जीवंत प्रतिमूर्ति थे : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विधान सभाध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना स्थित मिलर हाईस्कूल मैदान में नंदवंशी चेतना मंच द्वारा आयोजित जननायक कर्पूरी ठाकुर के 102वें पखवारा जयंती सह सम्मान समारोह में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों और संघर्षों को याद किया। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कर्पूरी ठाकुर केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संघर्ष और सामाजिक न्याय की जीवंत प्रतिमूर्ति थे। उनका संपूर्ण जीवन गरीबों, शोषितों, वंचितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा। मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए भी उनका जीवन आम जनमानस जैसा रहा। उन्होंने राजनीति को सत्ता का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में सामाजिक न्याय की नींव को मजबूत किया। पिछड़े एवं अति-पिछड़े वर्गों को आरक्षण देकर उन्होंने शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। उस समय यह निर्णय साहसिक था, लेकिन आज वही सामाजिक समानता का मजबूत आधार बन चुका है। उत्तर भारत में डॉ. राम मनोहर लोहिया के बाद वे समतामूलक समाज और सामाजिक न्याय के सबसे बड़े प्रणेता के रूप में जाने जाते हैं। चार दशकों तक उन्होंने बिहार की राजनीति को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आज कर्पूरी ठाकुर के अधूरे सपनों को साकार करने की दिशा में केंद्र की मोदी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा गठित रोहिणी आयोग की सिफारिशें लागू होने से अति-पिछड़े वर्गों को उनके सभी अधिकार और हक निश्चित रूप से प्राप्त होंगे। मौके पर मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल, मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक संजय गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदवंशी चेतना मंच आनंद कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदवंशी चेतना मंच अशोक ठाकुर, उमेश कुमार देव, संगीता प्रमाणिक, रवि शंकर प्रसाद, श्याम किशोर ठाकुर, डॉक्टर अर्जुन शर्मा, सुनीला ठाकुर, प्रभाकांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

# 'भारत में महिला और चुनावी राजनीति' पर बी.डी. कॉलेज में विशेष व्याख्यान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी.डी. कॉलेज राजनीति विज्ञान विभाग, बी.डी. कॉलेज द्वारा 'भारत में महिला और चुनावी राजनीति' विषय पर एक विशेष शैक्षणिक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी, प्रतिनिधित्व एवं चुनावी राजनीति से जुड़ी चुनौतियों पर गंभीर अकादमिक विमर्श को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं की सक्रिय और प्रभावी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता प्रो. संजय कुमार, वरिष्ठ अध्येता, विकासशील समाज अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली ने विषय पर विस्तृत एवं विचारोत्तेजक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने भारत में महिलाओं की चुनावी भागीदारी, मतदान व्यवहार, प्रतिनिधित्व की प्रवृत्तियों, संरचनात्मक बाधाओं तथा नीतिगत पहलों पर तथ्यपरक एवं विश्लेषणात्मक दृष्टि से प्रकाश डाला। उनका व्याख्यान श्रोताओं द्वारा अत्यंत सराहा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. सरिता कुमारी ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अकादमिक आयोजनों से विद्यार्थियों में समकालीन राजनीतिक प्रक्रियाओं की समझ विकसित होती है।

मंचासीन सदस्यों में प्रो. सीता सिन्हा, डॉ. मुकेश कुमार राय (विधि अधिकारी, पाटलिपुत्र विश्विवद्यालय, पटना) शामिल रहे। उन्होंने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी पर अपने अकादमिक एवं विधिक दृष्टिकोण साझा किए। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन डॉ. अपराजिता ने प्रभावी ढंग से किया जबकि समापन डॉ. विजय शंकर विक्रम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर विभाग के अन्य शिक्षकगण डॉ. सुमन सिंह, डॉ. राजीव कुमार एवं डॉ. रूना आनंद भी उपस्थित रहे।

# उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान में चला स्वच्छता जागरूकता अभियान

## स्वच्छता रैंकिंग में भाग लेकर पटना को बनाएं नंबर वन : डॉ नीतू कुमारी नवगीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वच्छता रैंकिंग में पटना के लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम तथा नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत द्वारा पटना के उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसके तहत संस्थान के सभी कलाकारों तथा प्रशिक्षकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताते हुए उनसे अपील की गई की कि स्वच्छता रैंकिंग में पटना को बेहतर स्थान दिलाने के लिए अपनी ओर से भी योगदान दें। सभी लोग न सिर्फ स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लें, बल्कि दूसरे लोगों को भी भाग लेने के लिए प्रेरित करें। नीतू नवगीत ने कहा कि स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता के मानकों पर पटना की रैंकिंग बेहतर हो इसके लिए सभी लोगों को कोशिश करनी पड़ेगी। सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही शहर स्वच्छ और सुंदर बनेगा। उन्होंने पारंपरिक लोकगीतों एवं स्वच्छता गीतों के माध्यम से स्वच्छ पटना, सुंदर पटना का संदेश दिया। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेना कई कारणों से जरूरी है। यह सर्वेक्षण लोगों को अपने आसपास की स्वच्छता के प्रति जागरूक करता है। इसमें भाग लेने से शहर की स्वच्छता में सुधार के लिए सुझाव देने का मौका मिलता है। अच्छे प्रदर्शन वाले शहरों को पुरस्कार और मान्यता मिलती है जिससे शहर की प्रतिष्ठा बढ़ती है। स्वच्छता से बीमारियों की रोकथाम होती है और पर्यावरण भी स्वच्छ रहता है। यह सर्वेक्षण सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देता है और लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में अनु कुमारी, मधुबनी पेंटिंग के चर्चित कलाकार राजकुमार, ओंकार मौर्य सहित अनेक कलाकारों ने भी अपनी राय रखी और कला के माध्यम से स्वच्छता अभियान को मजबूती देने का संकल्प लिया।

# नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस ने नियुक्त किए प्रमंडलीय कॉर्डिनेटर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार कांग्रेस ने एआईसीसी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे अपने कार्यक्रम नेशनल टैलेंट हंट मुखर आवाज के सफल संचालन के लिए राज्य में कमिटी की घोषणा कर दी है। इकत्तीस सदस्यीय ये कमिटी राज्य भर में टैलेंट हंट आयोजित करेगी। इस प्रतियोगिता के जरिए पार्टी राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर प्रवक्ता, मीडिया पैनलिस्ट, शोधकर्ता और पब्लिसिटी विभाग के लिए लोगों का चयन करेगी। ये कमिटी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे के निर्देश पर काम करेगी। पार्टी ने इसके लिए प्रदेश नेता असित नाथ तिवारी को राज्य संयोजक, राजीव मेहता को सह संयोजक और प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन सौरभ कुमार सिन्हा को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया है। कमिटी में पार्टी के सभी आनुषांगिक संगठनों को शामिल किया गया है। एससी-एसटी विभाग से लालू सदा, महिला कांग्रेस से विनीता भगत, अल्पसंख्यक कांग्रेस से दौलत इमाम, युवा कांग्रेस से करुण पासवान और छात्र संगठन एनएसयूआई से प्रदेश अध्यक्ष सूरज सिंह यादव को प्रतिनिधि बनाया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम द्वारा गठित इस कमिटी में जिला स्तर पर प्रतियोगिता आयोजन के लिए नौ क्षेत्रीय समन्यवयक बनाए गए हैं। ये क्षेत्रीय समन्वयक संबंधित जिला अध्यक्ष के साथ समन्वय बनाकर प्रतियोगिता आयोजित करेंगे। इसके लिए मगध प्रमंडल की जिम्मेदारी खालिद अमीन, पटना प्रमंडल की जिम्मेदारी दौलत इमाम, दरभंगा की जिम्मेदारी कमल कमलेश, भागलपुर की जिम्मेदारी निखिल कुमार, तिरहुत की जिम्मेदारी कृपाशंकर शाही, सारण की जिम्मेदारी डॉ. स्नेहाशीष वर्धन, कोसी की जिम्मेदारी मिहिर झा, पूर्णिया की जिम्मेदारी करुण पासवान और मुंगेर की जिम्मेदारी राजीव मेहता को दी गई है।

# कोटक म्यूचुअल फंड ने लांच किया कोटक सर्विसेज फंड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने कोटक सर्विसेज फंड लांच करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो सर्विस सेक्टर पर आधारित है। यह नया फंड ऑफर 4 फरवरी 2026 से 18 फरवरी 2026 तक खुला रहेगा। इसके जरिए निवेशकों को भारत के मुख्य ग्रोथ इंजन यानी सर्विस सेक्टर में निवेश करने का मौका मिलेगा। सर्विस सेक्टर भारत की कुल अर्थव्यवस्था में लगभग 55 प्रतिशत योगदान देता है और देश की 31.5 प्रतिशत आबादी को रोजगार देता है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा कि भारत की सर्विस आधारित अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव हो रहा है। यह बदलाव लोगों की बढ़ती आमदनी, डिजिटल तकनीक के ज्यादा इस्तेमाल और शहरों के तेजी से बढ़ने की वजह से आ रहा है। इन कारणों से यह बदल रहा है कि लोग चीजें कैसे खरीदते हैं, लेन-देन कैसे करते हैं और जरूरी सेवाओं का उपयोग कैसे करते हैं।

# बिहार का बजट विकसित बिहार के निर्माण में मजबूत कदम : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा में वित्त मंत्री विजेंद्र यादव द्वारा प्रस्तुत लगभग 3 लाख 47 हजार करोड़ के बजट का स्वागत करते हुए भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने इसे ऐतिहासिक एवं विकसित बिहार की नींव रखने वाला बजट बताया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि यह बजट न केवल विकसित राज्य बल्कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने बताया कि चुनाव पूर्व किए गए वादों के अनुरूप सरकार ने महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए लगभग 1 करोड़ 56 लाख महिलाओं को 10,000 की सहायता दी थी तथा अब उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु 2 लाख तक का ऋण/सहायता देने का प्रावधान किया गया है। युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्योग विभाग के लिए 50,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार आज देश के अन्य राज्यों की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रहा है और राज्य की विकास दर 16 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि इस बजट में समाज के सभी वर्गों–किसान, युवा, महिला, छात्र का विशेष ध्यान रखा गया है। किसानों को सशक्त बनाने के लिए कृषि क्षेत्र पर विशेष जोर दिया गया है तथा पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने की दिशा में यह बजट दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि 68,000 करोड़ के साथ शिक्षा को सर्वाधिक बजट आवंटन दिया गया है।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 6 रेलकर्मियों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# डिजिटल हेल्थ सेवाओं में बिहार बना अग्रणी

## अब ग्रामीण इलाकों तक पहुंच रही डिजिटल सेवा : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, स्वास्थ्य विभाग का एक दिवसीय कार्यशाला 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन बिहार कॉन्क्लेव 2.0' का विधिवत शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस कॉन्क्लेव का मुख्य लक्ष्य है कि राज्य में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भावी कार्ययोजना एवं रणनीति पर विभिन्न हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करना है। ताकि आम नागरिकों को बेहतर, सरल और पारदर्शी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में डिजिटल स्वास्थ्य सेवा अब केवल शहरों तक नहीं बल्कि ग्रामीण इलाकों तक पहुंच रहा है। आम जनों तक स्वास्थ्य सेवाओं और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी सुलभ हो रही है। श्री पांडेय ने कहा कि स्कैन एंड शेयर प्रणाली के अंतर्गत 5.26 करोड़ से अधिक टोकन का निर्माण कर बिहार ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, राज्य में अब तक 6.11 करोड़ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी बनाई जा चुकी है जिससे बिहार देश में चौथे स्थान पर है, वहीं 6.17 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार कर राज्य राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के अंतर्गत संचालित 'भव्या' परियोजना को ग्लोबल डिजिटल हेल्थ समिट (जीडीएचएस) 2024 में इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (एचपीआर) के तहत 47,786 स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं तथा हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री के तहत 29,288 स्वास्थ्य संस्थानों का पंजीकरण किया जा चुका है जबकि डिजिटल हेल्थ इंसेंटिव स्कीम के अंतर्गत 7,835 सरकारी अस्पताल पंजीकृत हैं तथा इस योजना के तहत 37.60 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का क्लेम किया गया है जो देश में सर्वाधिक है।

# बिहार में रोबोटिक सर्जरी की हुई शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एसएस इनोवेशन इंटरनेशनल इंक. भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली की अग्रणी कंपनी ने बिहार में अपनी राष्ट्रव्यापी 'मेड इन इंडिया' मंत्राएम सर्जिकल रोबोट यात्रा को जारी रखते हुए तीन प्रमुख शहरों मुजफ्फरपुर, बिहटा और पटना में सफल प्रदर्शन किया। बिहार चरण की शुरुआत 21 जनवरी 2026 को आरडीजे मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर से हुई जहां सर्जनों, स्त्री रोग विशेषज्ञों और मेडिकल फैकल्टी को मंत्रा 3.0 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के माध्यम से लाइव डेमोंस्ट्रेशन और हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी गई। 22 जनवरी 2026 को मंत्राएम मोबाइल सिमुलेशन यूनिट नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज, बिहटा पहुंची। कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर कृष्ण मुरारी एवं एमेरिटस सर्जन डॉ. निर्मल कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। यात्रा का समापन 23 जनवरी 2026 को रुबन हॉस्पिटल, पटना में हुआ जहां सर्जरी, स्त्री रोग और यूरोलॉजी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ चिकित्सकों ने भाग लिया। डॉ. पी. एन. प्रसाद, जीआई एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन, आरडीजे मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर ने कहा मंत्राएम मोबाइल सिमुलेशन यूनिट के माध्यम से रोबोटिक सर्जरी का अनुभव हमारे फैकल्टी और रेजिडेंट्स के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा। डॉ. रमेश अजय, एचओडी-सर्जरी, नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज, बिहटा ने कहा मंत्राएम यात्रा एक दूरदर्शी पहल है जो उन्नत सर्जिकल तकनीक को सीधे शिक्षण संस्थानों तक लाती है। डॉ. सत्यजीत सिंह, ओनर, रुबन हॉस्पिटल, पटना ने कहा रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी सटीकता आधारित स्वास्थ्य सेवा का भविष्य है। आरडीजे मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर में हुए सत्रों में सर्जरी विभाग से डॉ. पी. एन. प्रसाद, डॉ. पियूष भारद्वाज और स्त्री रोग विभाग से डॉ. रश्मि सहित कई प्रमुख चिकित्सकों ने सक्रिय भागीदारी की। बिहटा में हुए कार्यक्रम में सर्जरी विभाग से डॉ. रमेश अजय, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. निरुपम सिन्हा, डॉ. अभिषेक कुमार और स्त्री रोग विभाग से डॉ. विनिता सहाय, डॉ. त्रिपरी सिन्हा, डॉ. नमिता श्रीवास्तव, डॉ. जहानवी सिंह, डॉ. स्वाति एवं डॉ. बिंदु शामिल रहीं।

# शिवाजीनगर में टीएलएम मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र शिवाजीनगर के प्रांगण में मंगलवार को टीएलएम मेला का भव्य आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मेले का उद्देश्य शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक एवं व्यावहारिक बनाना तथा शिक्षकों की नवाचारी सोच को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम जन्म सिंह तथा पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन के पश्चात बीडीओ, बीईओ एवं निर्णायक मंडल की टीम ने मेला परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान एवं गणित विषयों पर आधारित टीएलएम मॉडलों का अवलोकन किया मेले में प्रखंड के कई विद्यालयों से आए शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में तैयार किए गए शिक्षण सहायक सामग्री का प्रदर्शन किया।

## संपादकीय

# क्या आर्थिक समीक्षा के सुझावों से कमजोर होगा 'सूचना का अधिकार' कानून?

सूचना का अधिकार (आरटीआइ) कानून ने देश में लोकतंत्र की नींव को और मजबूत किया है। इसका मुख्य उद्देश्य शासन के कामकाज में पारदर्शिता लाना और जवाबदेही तय करना है। यह देश के नागरिकों को अधिकार देता है कि वे सरकारी तंत्र और उसके कार्यों की जानकारी हासिल कर सकते हैं। यानी यह कानून सरकार और जनता के बीच सूचना के सेतु के रूप में काम करता है और परस्पर भरोसे का निर्माण करता है।भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और दोषियों को कानून के कठघरे में लाने की प्रक्रिया में भी इसकी महती भूमिका है। स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए जरूरी इन विशेषताओं में अगर कमी या कटौती की जाती है, तो निश्चित तौर पर यह कानून कमजोर होगा। यह मसला इसलिए चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि संसद में हाल में पेश की गई आर्थिक समीक्षा रपट में आरटीआइ कानून का फिर से अध्ययन करने की वकालत की गई है।तर्क दिए गए हैं कि इस कानून में कुछ ऐसे प्रावधान किए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है, ताकि गोपनीय रपट और मसविदों को सार्वजनिक किए जाने से छूट प्राप्त की जा सके। गौरतलब है कि लंबे समय से सूचना के अधिकार की मांग के मद्देनजर वर्ष 2005 इससे संबंधित कानून को लागू किया गया था। इसके तहत देश का हर नागरिक सरकारी विभाग और संस्थाओं से उनके कामकाज, योजनाओं एवं उनके प्रभाव, वित्तीय स्थिति तथा नियमों आदि की जानकारी मांग सकता है।संबंधित अधिकारी तय समय के भीतर यह सूचना उपलब्ध कराने के लिए बाध्य होते हैं। मगर समय के साथ सरकारी तंत्र की उदासीनता, लापरवाही और निहित स्वार्थों के कारण जानकारी छिपाने के प्रयासों से इस कानून की प्रभावशीलता में कमी देखी गई है, जो चिंता का विषय है। ऐसे में आर्थिक समीक्षा रपट में सूचना के अधिकारों का फिर से अध्ययन करने और कुछ मामलों में छूट हासिल करने की वकालत ने चिंता के स्तर को और बढ़ा दिया है।एक तरफ सरकार जब अपने कामकाज में 'पारदर्शिता लाने' और भ्रष्टाचार को लेकर 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति अपनाने पर जोर देती हो और दूसरी तरफ सूचना के अधिकारों को सीमित करने का प्रयास किया जाए, तो यह नीति और नीयत के बीच विरोधाभास पैदा करता है। मकसद कभी भी इसे व्यर्थ की जिज्ञासा का जरिया बनाने का नहीं था, न ही इसका उद्देश्य बाहर बैठकर सरकार के हर छोटे-छोटे काम में दखल देना या उसे नियंत्रित करना था।यह बात सही है कि बिना कारण या सरकार के कामकाज में किसी सुनियोजित तरीके से बाधा उत्पन्न करने के लिए इस कानून का सहारा लेना उचित नहीं है।

**शिक्षा और रोजगार को जोड़ने वाला 'एजुकेशन-टू-एम्प्लॉयमेंट' मॉडल सरकार की उस सोच को सामने लाता है, जो कक्षा और कार्यस्थल के बीच की खाई को पाटने का दावा करती है। पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए 15,000 रुपये का डीबीटी बोनस और एक करोड़ इंटर्नशिप की घोषणा निश्चित रूप से आकर्षक लगती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को एक ओर जहां सरकार के घटक दलों द्वारा विकसित भारत का बजट और बदलते भारत की राजनीतिक-आर्थिक प्राथमिकताओं तथा सरकार की दीर्घकालिक सोच का आईना बताया गया है, वहीं विपक्ष द्वारा इसे पूरी तरह दिशाहीन बजट करार दिया गया है। वैसे निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार बजट पेश कर संसदीय इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। सवाल यह नहीं है कि बजट कितना बड़ा है या कितने नए आंकड़े पेश किए गए हैं।**

# आम आदमी की आकांक्षाओं पर कितना खरा है बजट?

**(योगेश कुमार गोयल)**

यह है कि क्या यह बजट महंगाई से जूझ रहे आम नागरिक के वर्तमान को कुछ राहत देता है और भविष्य के लिए भरोसेमंद आधार तैयार करता है? बजट के तमाम महत्वपूर्ण प्रावधानों का आकलन किया जाए तो यह बजट विकास, निवेश, बुनियादी ढ़ांचे, डिजिटल अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत की स्पष्ट झलक तो दिखाता है लेकिन इसके साथ ही इसमें कई ऐसे खाली स्थान भी हैं, जो आम आदमी और विशेषकर किसान, निम्न आय वर्ग और असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए निराशा पैदा करते हैं। सरकार ने इस बार तात्कालिक लोकलुभावन उपायों से दूरी बनाते हुए दीर्घकालिक क्षमता निर्माण पर जोर दिया है। यह दृष्टिकोण आर्थिक रूप से समझदारी भरा हो सकता है लेकिन लोकतंत्र में बजट का मूल्यांकन केवल भविष्य के सपनों से नहीं, वर्तमान की चुनौतियों से भी होता है।शिक्षा और रोजगार को जोड़ने वाला 'एजुकेशन-टू-एम्प्लॉयमेंट' मॉडल सरकार की उस सोच को सामने लाता है, जो कक्षा और कार्यस्थल के बीच की खाई को पाटने का दावा करती है। पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए 15,000 रुपये का डीबीटी बोनस और एक करोड़ इंटर्नशिप की घोषणा निश्चित रूप से आकर्षक लगती है। यह कदम युवाओं को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की दिशा में सकारात्मक है। लेकिन यहां भी सबसे बड़ा प्रश्न क्रियान्वयन का है। क्या ये इंटर्नशिप वास्तविक कौशल और स्थायी रोजगार की ओर ले जाएंगी या फिर यह योजना सस्ते श्रम तक सीमित रह जाएगी? भारत पहले भी कई बार योजनाओं के आकर्षक नाम और बड़े लक्ष्यों के बावजूद जमीनी स्तर पर कमजोर क्रियान्वयन का अनुभव कर चुका है।

'स्किल इंडिया 2.0' के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग जैसी उभरती तकनीकों को क्षेत्रीय भाषाओं में सिखाने की योजना डिजिटल डिवाइड को कम करने की दिशा में अहम कदम है। ग्रामीण और अर्ध-शहरी युवाओं के लिए यह तकनीकी दुनिया में प्रवेश का द्वार खोल सकता है लेकिन प्रशिक्षकों की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता और उद्योग-सहयोग के बिना यह पहल भी सीमित असर तक सिमट सकती है। शिक्षा बजट को लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव सराहनीय है लेकिन बढ़ती छात्र संख्या, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और शोध की जरूरतों के सामने यह राशि अपर्याप्त प्रतीत होती है। मध्यम वर्ग के लिए यह बजट राहत और मायूसी का मिश्रण है। आयकर दरों में तो कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन आयकर प्रणाली को सरल बनाने की



दिशा में घोषणा अवश्य की गई है। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है, कर व्यवस्था को जटिल छूटों के जाल से निकालकर सरल और पारदर्शी बनाना, ताकि उपभोग बढ़े और अर्थव्यवस्था में मांग का संचार हो। यह दृष्टिकोण आर्थिक सुस्ती के दौर में उपयोगी हो सकता है।

सरकार ने कुछ चुनिंदा वस्तुओं और क्षेत्रों में कर कटौती कर राहत देने की कोशिश की है। कैंसर और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं का सस्ता होना निसंदेह करोड़ों परिवारों के लिए जीवनरक्षक कदम है। मोबाइल फोन, ईवी बैटरी और सौर पैनलों पर रियायतें हरित ऊर्जा और डिजिटल इंडिया को गति देने के साथ-साथ तकनीक को आम आदमी की पहुंच में लाने का प्रयास हैं। जूते, कपड़े और कुछ घरेलू उपकरणों के सस्ते होने से मध्यमवर्गीय खपत में हल्की तेजी आ सकती है लेकिन दूसरी ओर शराब, खनिज और स्क्रैप पर बढ़े शुल्क से उत्पादन लागत बढ़ने और अंततः उपभोक्ता कीमतों पर असर पड़ने की आशंका भी बनी हुई है। सबसे बड़ा झटका शेयर बाजार में देखने को मिला। फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग पर बढ़े टैक्स ने खुदरा निवेशकों की धारणा को कमजोर किया और बजट के दौरान बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। इससे यह संदेश गया कि सरकार सट्टात्मक गतिविधियों पर सख्ती चाहती है लेकिन इसके दुष्परिणाम अल्पकाल में निवेशकों और बाजार की स्थिरता पर पड़े। यह बजट महंगाई और निवेश के मोर्चे पर एक तरह का विरोधाभास प्रस्तुत करता है, एक ओर खपत बढ़ाने की कोशिश, दूसरी ओर निवेश भावना को झटका।

इंफ्रास्ट्रक्चर पर ?12.2 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय सरकार की विकास रणनीति का सबसे मजबूत स्तंभ है। सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, जिनमें मुंबई-पुणे और दिल्ली-वाराणसी जैसे मार्ग शामिल हैं, भारत की कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास की तस्वीर बदल सकते हैं। बेहतर परिवहन से उद्योग, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और रियल एस्टेट को नई गति मिल सकती है। टियर-2 और टियर-3 शहरों पर फोकस शहरीकरण के असंतुलन को सुधारने की दिशा में सही कदम है। हालांकि, बुनियादी ढ़ांचे पर खर्च का लाभ आम आदमी तक पहुंचने में समय लगता है और तात्कालिक रूप से निर्माण सामग्री की कीमतों में बढ़ोतरी महंगाई का दबाव बढ़ा सकती है। एमएसएमई और व्यापार जगत के लिए बजट में नई संजीवनी दिखाई देती है। 10,000 करोड़ रुपये का एसएमई ग्रोथ फंड छोटे उद्यमों को पूंजी की कमी से उबार सकता है। महिलाओं के लिए मुद्रा लोन की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये करना महिला उद्यमिता को वास्तविक आर्थिक ताकत देने की दिशा में अहम कदम है। टेक्निकल टेक्सटाइल पर विशेष फोकस भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थान दिला सकता है और 'मेक इन इंडिया' को व्यावहारिक आधार दे सकता है।

डिजिटल अर्थव्यवस्था के संदर्भ में यह बजट ऐतिहासिक कहा जा सकता है क्योंकि पहली बार कंटेंट क्रिएटर्स और क्रिएटिव इकोनॉमी को औपचारिक मान्यता दी गई है। 'रील' और 'रियल' इकोनॉमी के बीच की दीवार लगभग गिर चुकी है। डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, एनीमेशन और एजुकेशनल प्लेटफॉर्म को एमएसएमई जैसा दर्जा मिलने से युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं। हालांकि बौद्धिक संपदा संरक्षण, आय की स्थिरता और नियमन जैसे सवाल भविष्य की बड़ी चुनौतियां बने रहेंगे। स्वास्थ्य और तकनीक के मोर्चे पर 'बायो-फार्मा 2.0' और सेमीकंडक्टर मिशन पर जोर भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक सोच को दर्शाता है। दवा परीक्षण और अनुसंधान के लिए 1,000 टेस्टिंग साइट्स का नेटवर्क दवाओं की लागत कम कर सकता है। सेमीकंडक्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता भारत को वैश्विक तकनीकी आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत बनाएगी। रक्षा बजट में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है लेकिन नई नीतिगत घोषणाओं के अभाव में बाजार की अपेक्षाएं पूरी नहीं हो सकी।

इस पूरे बजट की सबसे बड़ी कमी किसानों को लेकर किसी ठोस और नई घोषणा का न होना है। कृषि क्षेत्र अभी भी महंगाई, लागत और आय की अनिश्चितता से जूझ रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किए बिना समग्र विकास अधूरा रहेगा, यह सच्चाई इस बजट में अपेक्षाकृत कम झलकती है। कुल मिलाकर, बजट 2026-27 संतुलित प्रयास माना जा सकता है। यह न तो लोकलुभावन है और न ही कठोर सुधारवादी। सरकार ने भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए दिशा स्पष्ट की है लेकिन महंगाई, रोजमर्रा का खर्च और आय की सुरक्षा जैसी आम आदमी की तात्कालिक चिंताओं पर सीधी राहत सीमित है। यह बजट आम नागरिक को तुरंत सुकून देने के बजाय धैर्य रखने की सलाह देता है। आने वाले समय में इसका मूल्यांकन इस बात से होगा कि इसके वादे

# पर्यटन बनेगा अर्थव्यवस्था का नया ग्रोथ इंजन

**(विनोद पाठक)**

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट 2026-27 में पर्यटन केवल एक सेवाक्षेत्र नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले एक प्रमुख ग्रोथ इंजन के रूप में उभरा है। सीतारमण ने स्पष्ट किया कि भारत



की सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक विरासत को अब वैश्विक स्तर पर एक ब्रांड इंडिया के रूप में स्थापित किया जाएगा। बजट का संदेश यही है कि पर्यटन के जरिए रोजगार और विरासत के साथ विकास हो।

बजट की सबसे क्रांतिकारी घोषणाओं में से एक 'आईआईएमप्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड्स' है। देश के 20 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर 10,000 गाइड्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहली बार, गाइड्स के प्रशिक्षण के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) को जोड़ा गया है। यह कदम पर्यटन को अनौपचारिक से पेशेवर क्षेत्र में बदलने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे विदेशी पर्यटकों को विश्वस्तरीय सेवा मिलेगी और युवाओं के लिए सम्मानजनक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बजट में देश के 15 प्रमुख पुरातात्विक और सांस्कृतिक स्थलों, जैसे सारनाथ, हस्तिनापुर को वाइब्रेंट कल्चरल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया है। उत्तर-पूर्व में बौद्ध सर्किट और हिमाचल-कश्मीर में नई हाइकिंग ट्रेल्स का विकास न केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ाएगा, अपितु इन क्षेत्रों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा। भारत के सभी ऐतिहासिक स्थलों का एक डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जाएगा, जिससे पर्यटकों को घर बैठे ही उन स्थलों की पूरी जानकारी मिल सकेगी।

बजट में पर्यटन के आधुनिक स्वरूप को प्राथमिकता दी गई है। भारत में सीप्लेन के निर्माण और उनके संचालन के लिए प्रोत्साहन देने की घोषणा की गई है, जिससे तटीय एवं द्वीपीय क्षेत्रों में पर्यटन सुलभ होगा। डार्क स्काई पार्क्स की स्थापना के माध्यम से खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए नए द्वार खुलेंगे। साथ ही, विदेश यात्रा के पैकेजों पर लगने वाले टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स (टीसीएस) को 20 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करना ट्रैवल इंडस्ट्री के लिए संजीवनी के समान है। इससे न केवल विदेश जाना सस्ता होगा, बल्कि देश के भीतर ट्रैवल ऑपरेटर्स का कारोबार भी बढ़ेगा। 5 नए मेडिकल हब्स की स्थापना भारत को ग्लोबल हेल्थ डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करेगी, जिससे अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा आने की उम्मीद है।

देसी पर्यटकों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा, प्रशिक्षित गाइड्स और डिजिटल जानकारी के कारण अब भारत घूमना पहले से कहीं अधिक सुविधाजनक और किफायती होगा। साथ ही, विदेशी पर्यटकों के लिए ई-वीजा प्रक्रियाओं में सरलीकरण एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों वाली सुविधाओं के कारण भारत उनके बकेट लिस्ट में सबसे ऊपर आएगा। बजट 2026-27 पर्यटन को केवल 'घूमने-फिरने' तक सीमित नहीं रखता, अपितु इसे एक रणनीतिक आर्थिक क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है। बजट में भारत को वर्ष 2047 तक एक पर्यटन महाशक्ति बनाने की दिशा में ठोस कदम हैं। यदि इन योजनाओं का धरातल पर सफल क्रियान्वयन होता है तो पर्यटन क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ऐतिहासिक योगदान देने के लिए तैयार है। यह लेखक के निजी विचार हैं।

# विकसित भारत की उड़ान- बजट 2026 के आर्थिक संकल्प

**पिछले कुछ वर्षों के बजटों की तुलना में यह बजट अधिक आत्मविश्वास के साथ सामने आता है। महामारी, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों के बीच भारत ने जिस आर्थिक मजबूती का प्रदर्शन किया है, उसका आत्मविश्वास इस बजट में स्पष्ट झलकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत नवीन केंद्रीय बजट को यदि समग्र दृष्टि से देखा जाए तो यह केवल एक वार्षिक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के स्वप्न की ठोस आधारशिला के रूप में सामने आता है। यह बजट उस रिफॉर्म एक्सप्रेस की तरह है जो बीते वर्षों में चली आर्थिक सुधारों की पटरियों पर तेज़ गति से दौड़ते हुए अब भारत को उच्च विकास, समावेशन और आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों की ओर ले जाने का दावा करता है। तुलनात्मक, विवेचनात्मक और समीक्षात्मक दृष्टि से यह बजट पूर्ववर्ती बजटों की निरंतरता को बनाए रखते हुए कई नए आयाम भी जोड़ता है, जो इसे ऐतिहासिक और भविष्यगामी बनाते हैं।**

**(ललित गर्ग)**

पिछले कुछ वर्षों के बजटों की तुलना में यह बजट अधिक आत्मविश्वास के साथ सामने आता है। महामारी, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों के बीच भारत ने जिस आर्थिक मजबूती का प्रदर्शन किया है, उसका आत्मविश्वास इस बजट में स्पष्ट झलकता है। जहां पूर्व बजटों में संकट प्रबंधन और अर्थव्यवस्था को संभालने पर अधिक जोर था, वहीं यह बजट विकास की ऊंची उड़ान के लिए रनवे तैयार करता दिखता है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का मंत्र यहां नारे से आगे बढ़कर नीतिगत संरचना का रूप लेता है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट की दृष्टि विशेष रूप से विवेचनात्मक है। चिकित्सा अवसंरचना के विस्तार, मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और डिजिटल हेल्थ के माध्यम से गांव-गांव तक चिकित्सा सुविधाएं पहुँचाने की दिशा में किए गए प्रावधान यह संकेत देते हैं कि सरकार स्वास्थ्य को केवल खर्च नहीं, बल्कि मानव पूंजी में निवेश मान रही है। यदि पिछले दशक के बजटों से तुलना की जाए तो स्वास्थ्य पर आवंटन और दृष्टिकोण दोनों में गुणात्मक परिवर्तन दिखाई देता है। यह बदलाव भारत को न केवल स्वस्थ समाज की ओर ले जाने वाला है, बल्कि उत्पादकता और आर्थिक वृद्धि को भी दीर्घकाल में मजबूती देगा।

शिक्षा के क्षेत्र में भी बजट की आत्मा दूरदर्शी है। नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकों से जुड़ी शिक्षा पर बल यह दर्शाता




है कि सरकार भविष्य के भारत के लिए आज के युवाओं को तैयार करना चाहती है। पूर्ववर्ती बजटों में शिक्षा पर खर्च की चर्चा होती थी, लेकिन इस बजट में शिक्षा को रोजगार और नवाचार से जोड़ने की स्पष्ट रणनीति दिखाई देती है। यह एक ऐसा बिंदु है जहाँ यह बजट तुलनात्मक रूप से अधिक परिपक्व और व्यावहारिक प्रतीत होता है।

विकास की दृष्टि से यह बजट 'इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लस समावेशन' का मॉडल प्रस्तुत करता है। रेलवे कॉरिडोरों के विकास, लॉजिस्टिक्स को सशक्त बनाने, सड़क, बंदरगाह और शहरी अवसंरचना में निवेश को जिस तरह प्राथमिकता दी गई है, वह भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत हिस्सा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सात रेलवे कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा केवल परिवहन सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय संतुलन का माध्यम भी है। यदि इसे पिछले बजटों से जोड़कर देखा जाए तो स्पष्ट होता है कि सरकार अब बुनियादी ढांचे को विकास का इंजन मानकर लगातार गति दे रही है।

ग्रामीण भारत के संदर्भ में यह बजट विशेष उल्लेख के योग्य है। कृषि, ग्रामीण अवसंरचना, सिंचाई, किसान कल्याण और ग्रामीण उद्यमिता से जुड़े प्रावधान यह संकेत देते हैं कि गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की मंशा केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है। मेडिकल सुविधाओं, शिक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार से ग्रामीण भारत में जीवन की गुणवत्ता सुधरने की संभावना बढ़ती है। यह आत्मनिर्भर भारत की उस परिकल्पना को साकार करता है जिसमें गांव मजबूत होंगे तो देश स्वतः मजबूत होगा।

नारी शक्ति के सशक्तिकरण के संदर्भ में भी बजट का दृष्टिकोण तुलनात्मक रूप से व्यापक है। महिला स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमिता, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े विशेष प्रावधान यह दर्शाते हैं कि महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की भागीदार के रूप में देखा जा रहा है। गरीबों और वंचित वर्गों के लिए लक्षित योजनाएं इस बजट को सामाजिक न्याय की दृष्टि से भी संतुलित बनाती हैं। समीक्षात्मक रूप से देखा जाए तो यह बजट कल्याण और विकास के बीच संतुलन साधने का प्रयास करता है, जो किसी भी दीर्घकालिक आर्थिक नीति की अनिवार्य शर्त है।

युवाओं के लिए यह बजट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। स्टार्टअप, नवाचार, स्किल इंडिया, रोजगार सृजन और नई तकनीकों में निवेश युवाओं की आकांक्षाओं को संबोधित करता है। यदि इसे आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों के संदर्भ में देखा जाए तो यह भी स्पष्ट होता है कि बजट में क्षेत्रीय संतुलन और राजनीतिक यथार्थ का भी ध्यान रखा गया है। हालांकि आलोचक इसे चुनावी बजट कह सकते हैं, लेकिन विवेचनात्मक दृष्टि से यह कहना अधिक उचित होगा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में बजट का जन-आकांक्षाओं से जुड़ा होना स्वाभाविक है, बशर्ते वह दीर्घकालिक विकास को बाधित न करे। इस बजट में दीर्घकालिक दृष्टि और तात्कालिक आवश्यकताओं के बीच संतुलन दिखाई देता है।

समीक्षात्मक रूप से यह स्वीकार करना होगा कि किसी भी बजट की सफलता केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन से तय होती है। संसाधनों की उपलब्धता, राज्यों के साथ समन्वय और पारदर्शी प्रशासन इस बजट की वास्तविक परीक्षा होंगे। फिर भी, तुलनात्मक दृष्टि से यह बजट भारत की आर्थिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव प्रतीत होता है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट भारत के विकास की ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है। यह वर्तमान की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए भविष्य की संभावनाओं के लिए रास्ता तैयार करता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, अवसंरचना, ग्रामीण विकास, नारी शक्ति और युवाओं को केंद्र में रखकर यह बजट

# भारत रंग महोत्सव 2026 का झारखंड संस्करण रांची में शुरू

## ओटीटी प्लेटफॉर्म नाट्यम भी हुआ लॉन्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) झारखंड सरकार के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग के सहयोग से, दुनिया के सबसे बड़े थिएटर फेस्टिवल, 25वें भारत रंग महोत्सव 2026 के रांची चैप्टर को गर्व से प्रस्तुत करता है। इस साल, रांची शहर प्रतिष्ठित शौर्य ऑडिटोरियम में नाट्य कला, सांस्कृतिक कहानी कहने और कलात्मक प्रतिभा का एक शानदार प्रदर्शन करेगा उद्घाटन समारोह में पद्म श्री से सम्मानित जाने-माने कलाकार महावीर नायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, और उनके साथ जाने-माने लेखक और थिएटर हस्तियां डॉ. सुशील अकन, श्री राकेश रमन और डॉ. कमल बोस सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए।

रांची में यह महोत्सव आज शाम 6:30 बजे उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद हरीशंकर परसाई द्वारा लिखित, विजय कुमार द्वारा निर्देशित और मंच मुंबई, महाराष्ट्र द्वारा हिंदी में प्रस्तुत एक हास्यप्रद लेकिन विचारोत्तेजक व्यंग्य नाटक 'हम बिहार में चुनाव लड़ रहे हैं' का मंचन किया गया।

3 फरवरी को, दर्शकों को बंगाली नाटक 'भूत' (द घोस्ट) देखने को मिलेगा, जिसे इशिता मुखोपाध्याय ने लिखा और निर्देशित किया है, और इसे कोलकाता के प्रसिद्ध समूह उष्णीक द्वारा रांची लाया गया है।

यह महोत्सव 4 फरवरी को 'बिलिमारो' नाटक के साथ जारी रहेगा, जो तेजस मस्के द्वारा लिखित और सृजन फाउंडेशन, मुंबई के मिलिंद इनामदार द्वारा निर्देशित एक हिंदी नाटक है।

5 फरवरी को, मंच भवभूति की कालातीत शास्त्रीय कृति 'मालती माधवम' के साथ जीवंत हो उठेगा, जिसका निर्देशन विवेक एम्मानेनी ने किया है और इसे ठरऊवाराणसी केंद्र द्वारा प्रस्तुत किया गया है।



रांची का यह प्रदर्शन 6 फरवरी को हिंदी नाटक 'निर्माण से निर्वाण तक' के साथ समाप्त होगा, जिसे बिजय मिश्रा ने लिखा है और बिपिन कुमार ने निर्देशित किया है, और इसे भारतेंदु नाट्य अकादमी रिपर्टरी, लखनऊ द्वारा मंचित किया गया है, जो समापन समारोह का प्रतीक है।

इस सोच-समझकर तैयार किए गए कार्यक्रम के साथ, रांची इस साल के राष्ट्रव्यापी समारोहों का एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक केंद्र बन गया है, जो विविध भाषाओं, समृद्ध कथाओं और असाधारण नाट्य प्रतिभा को एक साथ लाता है। भारत रंग महोत्सव का 25वां एडिशन पूरे देश के दर्शकों तक दमदार कहानियाँ पहुँचाकर भारत की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने के अपने मिशन को जारी रखे हुए है।

नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) द्वारा आयोजित 25वां भारत रंग महोत्सव दुनिया का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय थिएटर फेस्टिवल है। 25वां एडिशन, इस्फ 2026, 27 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक 25 दिनों तक चलेगा, जिसमें 228 भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में 277 से ज्यादा प्रस्तुतियाँ दिखाई जाएँगी, जिनमें कई ऐसी भाषाएँ भी शामिल हैं जिन्हें ज्यादा पहचान नहीं मिली है। यह फेस्टिवल राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय प्रस्तुतियों को एक साथ लाता है, जिसमें 9 देशों और हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के थिएटर ग्रुप हिस्सा ले रहे हैं।

भारत की नाट्य विविधता का जश्न मनाते हुए, बीआरएम 2026 में बच्चों के ग्रुप, आदिवासी समुदायों और हाशिये पर पड़े वर्गों के कलाकारों की प्रस्तुतियाँ शामिल हैं, जो समावेशिता और थिएटर के सार्वभौमिकरण के प्रति एनएसडी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

एनएसडी लगातार थिएटर के प्रसार और लोकतंत्रीकरण की दिशा में काम कर रहा है। हाल ही में, इसने थिएटर को बढ़ावा देने के लिए रंग आकाश, इंटरनेट रेडियो लॉन्च किया है, साथ ही देश भर के थिएटर प्रेमियों के लिए अपनी कुछ बेहतरीन प्रस्तुतियों को उपलब्ध कराने के लिए अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म नाट्यम भी लॉन्च किया है।

# झारखंड में मैट्रिक-इंटर परीक्षा शुरू

## 7.48 लाख परीक्षार्थी हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में आज से मैट्रिक (10वीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा शुरू हो गई है।

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित इस बोर्ड परीक्षा में राज्यभर से कुल 7 लाख 48 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा को लेकर प्रशासन और जैक की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं और सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से सख्त रखा गया है।

परीक्षा के पहले दिन राज्य के सभी जिलों में बने परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ देखने को मिली। कई छात्र-छात्राएं निर्धारित समय से पहले ही केंद्रों पर पहुंच गए थे। प्रवेश पत्र और पहचान पत्र की सघन जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी गई। जैक के निदेशानुसार किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या अन्य अनुचित साधनों के साथ प्रवेश नहीं करने दिया गया।

इस वर्ष मैट्रिक और इंटर परीक्षा के लिए राज्यभर में कुल 1989 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें मैट्रिक के लिए 1232 और इंटरमीडिएट के लिए 757 केंद्र शामिल हैं।

सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, साथ ही स्टैटिक दंडाधिकारी और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रश्न-पत्रों को कोषागार से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक निगरानी में पूरी की गई। मैट्रिक परीक्षा में इस वर्ष 4,23,861 छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा में 3,24,321 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इंटरमीडिएट में संकायवार आंकड़ों के अनुसार विज्ञान संकाय से 90,579, वाणिज्य संकाय से 21,195 और कला संकाय से 2,12,547 छात्र शामिल हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार दोनों परीक्षाओं में परीक्षार्थियों की संख्या में कमी दर्ज की गई है। मैट्रिक परीक्षा में गिरिडीह जिला सबसे अधिक परीक्षार्थियों वाला जिला है, जबकि खूंटी जिला सबसे कम परीक्षार्थियों वाला जिला है।

जैक ने परीक्षा को लेकर कदाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने की बात कही है। जैक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता और निष्पक्षता बनाए रखना परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी। जैक ने परीक्षार्थियों से शांत मन से परीक्षा देने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।

## पांच लड़कियां गायब, हड़कंप

**चनपटिया।** कुमारबाग थाना क्षेत्र के एक गांव से पांच नाबालिग लड़कियां लापता हो गई हैं परिजनों के अनुसार, सोमवार को करीब 11 बजे पांचों किशोरियां कपड़ा सिलवाने, खेत में घास काटने और साग तोड़ने की बात कहकर अपने-अपने घरों से निकली थीं। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने गांव और आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की। पड़ोसियों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद देर शाम कुमारबाग थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई।

# पदाधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

## मतदान पूर्व तैयारी, वलनेरेबिलिटी मैपिंग और मतदान दिवस के दायित्वों पर दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर(पलामू)।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन के सफल एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर समाहरणालय स्थित ब्लॉक-सी सभागार में चुनाव कार्य हेतु नामित सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य एवं दायित्वों से अवगत कराया गया।



प्रशिक्षण सत्र में मतदान से पूर्व मतदान केंद्रों की स्थिति, मतदाताओं से संबंधित आवश्यक जानकारी, वलनेरेबिलिटी मैपिंग, मतदान पूर्व संध्या तथा मतदान के दिन किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।इसके अतिरिक्त पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य मतदान पदाधिकारियों के कर्तव्य-दायित्व, निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश एवं प्रयुक्त किए जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों की बिंदुवार जानकारी भी साझा की गयी।कार्यक्रम के दौरान मतपेटी को खोलने एवं सील करने की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से प्रदर्शित किया गया ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारे लाल, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन, परियोजना पदाधिकारी विमलेश विश्वकर्मा, कार्यालय अधीक्षक राम लखन राम, अमरेंद्र पाठक, श्यामलाल उरांव, अशोक सिंह, देवेंद्र मिंज, जिला प्रशिक्षक तथा सभी नामित सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रिम्स से इलाज के दौरान बाल कैदी हुआ फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया, जब इलाज के दौरान एक बाल कैदी सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन और पुलिस महकमे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और बाल कैदी की तलाश तेज कर दी गई है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, फरार हुआ बाल कैदी डूमरदगा स्थित बाल सुधार गृह में निरुद्ध था। उसे चोरी के एक मामले में निरुद्ध किया गया था।

दो दिन पहले अचानक पेट दर्द की शिकायत के बाद उसे इलाज के लिए रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी निगरानी के लिए सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी, लेकिन मंगलवार की सुबह बाल कैदी ने सुरक्षा में चूक का फायदा उठाकर फरार होने में सफलता हासिल कर ली।बताया जा रहा है कि बाल कैदी ने वॉशरूम जाने का बहाना बनाया और इसी दौरान मौके से भाग निकला। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। सुरक्षाकर्मियों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन तब तक वह अस्पताल परिसर से बाहर निकल चुका था। इसके बाद पूरे मामले की सूचना वरीय पुलिस अधिकारियों को दी गई।रांची के सदर डीसीपी संजीव बेसरा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि वॉशरूम जाने के बहाने मिली है। उन्होंने कहा कि बाल कैदी चोरी के एक मामले में बाल सुधार गृह में निरुद्ध था।

# अधिकारों को लेकर सजग हो रहा आदिवासी समाज : बाबूलाल मरांडी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका में सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा दिए गए भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

श्री मरांडी ने आज कहा कि आदिवासी समाज अपने स्वाभिमान, पहचान और अधिकारों को लेकर सजग हो रहा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लिखा, @हेमंतसोरेन जेएमएमजी, झारखंड के आदिवासी आपकी जागीर नहीं हैं कि उन्हें जब चाहें, जहाँ चाहें ले जाकर राजनीतिक भीड़ का हिस्सा बना दिया जाए। झारखंड के आदिवासी उन बेबस विधायकों की तरह नहीं हैं जिन्हें बसों में भरकर रायपुर भेज दिया जाए। चंद करोड़ रुपये में आदिवासी समाज की भावनाओं और झारखंड आंदोलन को बेचने वाले अपने पिता की दकियानूसी सोच से बाहर निकलिए। आदिवासी समाज अपने स्वाभिमान, पहचान और अधिकारों को लेकर सजग हो रहा है।

आज आपकी सरकार में झारखंड के आदिवासियों के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार किसी से छुपा नहीं है। आदिवासी समाज के युवा नेता सूर्या हांसदा की हत्या पुलिस द्वारा की गई। आपकी सरकार के कार्यकाल में रांची में आदिवासी नेता सुभाष मुंडा और खूंटी में सोमा मुंडा की हत्या हुई।

रिम्स-2 के नाम पर आदिवासियों की जमीन हड़पने की साजिश रची गई। सिरमटोली में सरना स्थल की पवित्रता भंग करने का प्रयास हुआ। संताल परगना से लेकर कोल्हान तक बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने का खेल चल रहा है।

हेमंत जी, आपने पेसा एक्ट के नाम पर आदिवासियों के साथ विश्वासघात किया और कन्वर्जन माफियाओं को खुश करने के लिए स्वशासन और रूढ़ीवादी परंपरा की परिभाषा तक बदल दी। आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन को खनन माफियाओं के हाथों सौंप दिया।

खुद को जबरदस्ती आदिवासियों का हितैषी बता देने से आपके आदिवासी विरोधी कृत्य छुप नहीं जाएंगे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च.स्टा.), बोकारो स्टील सिटी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा संख्याः ईएलएसबी-26-कैबएसी_मेंट-02 के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सूचना सं.: ईएलएसबी-26-कैबएसी_मेंट-02/टीएन, दिनांक 02.02.2026, कार्य का नाम:** ईएलएस/बोकारो स्टील सिटी में 3-फेज लोकोमोटिव के रूफ माउंटेड एयर-कंडीशनिंग यूनिट की मरम्मत एवं रखरखाव। **अनुमानित मूल्य:** रु.42,26,998.23, **ईएमडी:** रु.84,500/-, **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य। **अवधि:** 02 वर्ष। निविदा कागजात आईआरईपीएस वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 27.02.2026 को 11.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय:** दिनांक 27.02.2026 को 11.00 बजे तक। **अंतिम तिथि:** दिनांक 27.02.2026, **निविदा के खुलने की तिथि/समय:** दिनांक 27.02.2026 को 11.00 बजे (निविदा बंद होने के तुरंत बाद)। सभी भरोसेमंद, अनुभवी और इच्छुक निविदाकार इस कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। **(PR-1138)**


# मेदिनीनगर की हूं बेटी, नगर को बनाऊंगी सुंदर, अपराधमुक्त व विकसित शहर : नम्रता त्रिपाठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर निगम की बेटी हूं। नगर को सुंदर, सुरक्षित, अपराधमुक्त व विकसित शहर बनाउंगी। उक्त बातें पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी की पुत्री व मेदिनीनगर नगर निगम की मेयर प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी ने कही। वे मंगलवार को मेयर पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। नम्रता त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र वासियों का बड़ा प्यार व आशीर्वाद मिल रहा है। इससे वे बहुत भावुक व अभिभूत हैं। अब यह लड़ाई उनकी नहीं बल्कि नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों की है। वे निगम क्षेत्र वासियों से कहना चाहेंगी कि जिस तरह उन्हें प्यार व आशीर्वाद मिल रहा है, वह वोट में तब्दील हो जाए। एक सवाल के जवाब में नम्रता त्रिपाठी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों में सैकड़ों करोड़ राशि खर्च हो गए। लेकिन मूलभूत सुविधाओं का अत्यंत अभाव देखा जा रहा है। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह इसे पूरी तरह चेंज कर देंगी। प्रत्येक चौक- चौराहा पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे ताकि नगर निगम क्षेत्र में कोई अपराध करके भाग ना सके। महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। सभी नगर वासियों के पास टोल फ्री नंबर रहेगा। किसी भी तरह की दिक्कत होने पर इसका प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में पानी के लिए प्रत्येक वर्ष हाहाकार मचता है। वे नगर निगम क्षेत्र वासियों को आस्वस्त करती हैं कि हर हाल में उन्हें नल से हर घर शुद्ध जल उपलब्ध कराया जाएगा।

मौके पर पूर्व मंत्री के केएन त्रिपाठी ने कहा कि नए ग्रामीण क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल किया गया। लेकिन इन क्षेत्रों में 10 रुपए भी खर्च नहीं किए गए। आज तक सफाई नहीं हुई। सिंगरा, पोखराहा, बारालोटा, सूदना, रेड़मा, चैनपुर व शाहपुर क्षेत्रवासी दोहरी टैक्स व मालगुजारी देने को विवश हैं। बदले में इन्हें निगम की एक भी सुविधा नहीं मिलती है। अगर घर बनाने के नाम पर कोई रंग रोगन भी करें तो उसे निगम कार्यालय से नोटिस भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर नगर वासियों को धमकाकर राशि वसूली जाती है। जिसमें मेयर की सहभागिता होती है। उन्होंने कहा कि अपराधमुक्त, भ्रष्टाचारमुक्त, सुरक्षित व सुंदर शहर बनाने, नालियों व सड़कों की जर्जर स्थिति से निजात दिलाने के लिए ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, कानून की जानकार नम्रता त्रिपाठी को मेयर पद के लिए मैदान में उतारा गया है। वह चुनाव जीतने के बाद नगर निगम को विकसित नगर निगम बनाएंगी। नम्रता मेयर बनेगी तो नगर वासियों को अपराधमुक्त व भ्रष्टाचारमुक्त नगर मिलेगा।इसके पहले कांग्रेस भवन परिसर में आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में जूटे नागरिकों ने नम्रता त्रिपाठी को अपना आशीर्वाद दिया। साथ ही जुलूस की शक्ल में नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे।



# बीआइटी मेसरा के ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन की वार्षिक बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा, रांची में ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन (बिटोसा) की वार्षिक आम बैठक कल देर शाम रांची के होटल ग्रीन एकर्स में संपन्न हुई।

कार्यक्रम की शुरूआत बिटोसा के निवर्तमान अध्यक्ष एस.डी. सिंह के स्वागत भाषण से हुई और निवर्तमान सचिव मनीष पीयूष ने सचिव की रिपोर्ट पेश की। इस कार्यक्रम में 2026-28 के लिए नई कार्यकारी समिति का गठन भी सर्वसम्मति से किया गया। चंद्रकांत रायपत इस नई समिति के अध्यक्ष हैं, जबकि कौशल कुमार सिन्हा और अंकुर कुमार उपाध्यक्ष हैं। उज्ज्वल भास्कर सचिव, सुधीश कुमार सिंह संयुक्त सचिव, ज्योति अग्रवाल कोषाध्यक्ष हैं और नई समिति के दुष्यंत सिंह,, कीर्ति अभिषेक, शुभम बनर्जी, अरुण राय, अमित यादव, एस.डी. सिंह और मनीष पीयूष सदस्यगण हैं।

श्री रायपत ने पिछली समिति द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और भविष्य के प्राथमिकताओं से सभा को अवगत करायो 1965 बैच से लेकर कई पुराने पूर्व छात्र दिग्गजों ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। एन.सी. अग्रवाल, केदारनाथ, वी.एल. मेहता, एस.ए. रजा, सुधीर कुमार सहाय, रविशंकर, डॉ. गोपाल पाठक, पुष्कर, गुड्डू सिंह, आर.के. चौधरी, एस.के. सिंह, आदित्य कुमार, सौरभ अग्रवाल, आशीष चोपड़ा, एम.एस. जावेद, मानसी और मुस्कान धन्यवाद प्रस्ताव के.के. सिन्हा ने दिया।

## रमा खलखो ने किया नामांकन पर्चा दाखिल

**रांची।** झारखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं रांची नगर निगम की पूर्व मेयर रमा खलखो ने आज रांची नगर निगम के मेयर पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थक उत्साहित दिखे। नामांकन में झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-एलसीगेट-केडब्ल्यूएई-26, दिनांक: 30.01.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-एलसीगेट-केडब्ल्यूएई-26 के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल- निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य-शेड्यूल ए1- एईएन/कटवा के तहत बी.के. सेक्शन में एलसी गेट नंबर 17/सी/ई के बदले नए एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल ए2- एईएन/कटवा के क्षेत्राधिकार में बीजीएनए-एसओएफ स्टेशनों के बीच किमी. नं. 29.450 पर गेट नंबर 17/सी/ई में एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकम्यूनिकेशन लागत। शेड्यूल बी1- एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नंबर 8/1 के बदले नए एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल बी2-एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नंबर 8/1 के बदले नए एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकम्यूनिकेशन लागत। शेड्यूल सी1-एईएन/कटवा के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नंबर 24/02 के बदले नए एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल सी2- एईएन/कटवा के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नंबर 24/02 के बदले नए एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। **निविदा की किस्म:** खुली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,47,65,681.79, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 3,23,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 11.02.2026, **प्रस्ताव की वैधता : 60 दिन। समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 30.01.2026, 18.36 बजे। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 25.02.2026, 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। HWH-575/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए रेलवे के ख्यातिप्राप्त, अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों और साथ ही सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची वाले ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. एवं कार्य का नाम: ईएनजीजी-1-26-27-एलएलएचओपन आइटम-1** और एईएन/डब्ल्यूएस/लिलुआ और सीडब्ल्यूएम/ लिलुआ के अधीन 2026-27 के लिए 30.06.2027 तक समाप्त अवधि हेतु जोन नं. 1 के लिए जोनल कार्य हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 75,00,000/-, **बयाना राशि:** रु. 1,50,000/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं. एवं कार्य का नाम: ईएनजीजी-1-26-27-एलएलएचओपन आइटम-2** और एईएन/ डब्ल्यूएस/ लिलुआ और सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन 2026-27 के लिए 30.06.2027 तक समाप्त अवधि हेतु जोन नं. 1 के लिए जोनल कार्य हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 75,00,000/-, **बयाना राशि:** रु. 1,50,000/-, **क्रम सं. 3, निविदा सं. एवं कार्य का नाम: ईएनजीजी-1-26-27-एलएलएचओपन आइटम -3** और एईएन/डब्ल्यूएस/लिलुआ और सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन 2026-27 के लिए 30.06.2027 तक समाप्त अवधि हेतु जोन नं. 1 के लिए जोनल कार्य हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.90,00,000/-, **बयाना राशि:** रु. 1,80,000/-, **क्रम सं. 4, निविदा सं. एवं कार्य का नाम: ईएनजीजी-1-26-27-एलएलएचओपन आइटम-4** और एईएन/ डब्ल्यूएस/लिलुआ और सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन 2026-27 के लिए 30.06.2027 तक समाप्त अवधि हेतु जोन नं. 1 के लिए जोनल कार्य हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 75,00,000/-, **बयाना राशि:** रु. 1,50,000/-, **क्रम सं. 5, निविदा सं. एवं कार्य का नाम: ईएनजीजी-1-26-27-एलएलएचओपन आइटम -5** और एईएन/डब्ल्यूएस/लिलुआ और सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन 2026-27 के लिए 30.06.2027 तक समाप्त अवधि हेतु जोन नं. 1 के लिए जोनल कार्य हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.75,00,000/-, **बयाना राशि:** रु. 1,50,000/-, **क्रम सं. 6, निविदा सं. एवं कार्य का नाम: ईएनजीजी-1-26-27-एलएलएचओपन आइटम-6** और एईएन/डब्ल्यूएस/लिलुआ और सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन 2026-27 के लिए 30.06.2027 तक समाप्त अवधि हेतु जोन नं. 1 के लिए जोनल कार्य हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 75,00,000/-, **बयाना राशि:** रु. 1,50,000/-, **क्रम सं. 7, निविदा सं. एवं कार्य का नाम: ईएनजीजी-1-26-27-एलएलएचओपन आइटम -7** और एईएन/वर्कशॉप/लिलुआ और सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन 2026-27 के लिए 30.06.2027 तक समाप्त अवधि हेतु जोन नं. 7 के लिए जोनल कार्य (सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के कार्यक्षेत्र में सभी क्षेत्र एवं लिलुआ में स्टाफ क्वार्टर, ऑफिसर्स क्वार्टर के सभी हरित क्षेत्र से सम्मिलित जंगल की कटाई एवं रखरखाव के साथ बागवानी एवं भूदृश्य निर्माण) हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 75,00,000/-, **बयाना राशि:** रु. 1,50,000/- **समापन अवधि:** 12 माह (क्रम सं. 1 से 7 प्रत्येक हेतु)। **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य (क्रम सं. 1 से 7 प्रत्येक हेतु)। । **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 24.02.2026 को 12.00 बजे तक। निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर शुद्धिपत्र (यदि कोई है) के साथ उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। MISC-381/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# देवघर में ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** देवघर के प्रमुख क्षेत्र भूरभूरा मोड़ में ई-मेडिक्स स्मार्ट फामेर्सी की नई शाखा का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि जनरल फिज़िशियन डॉ. डी. तिवारी ने फीता काटकर स्टोर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ई-मेडिक्स जैसी संगठित फामेर्सी सेवाएँ आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण, और भरोसेमंद दवाइयाँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। फ्रेंचाइजी ओनर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस स्मार्ट फामेर्सी के माध्यम से देवघर व आसपास के इलाकों के लोगों को ब्रांडेड दवाइयाँ, उचित मूल्य और पारदर्शी सेवा एक ही छत के नीचे मिलेगी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आलोक मिश्रा, डॉ. निधि कुमारी, गोपाल प्रसाद सिंह, संजय सिंह, करण निखंज और विशाल चौहान उपस्थित रहे। नया स्टोर 20 प्रतिशत तक की छूट, फ्री होम डिलीवरी, स्मार्ट बिलिंग और त्वरित सेवा की सुविधा देगा। इस अवसर पर जीएम वकार सिद्दीकी ने कहा कि ई-मेडिक्स का उद्देश्य सुलभ और पारदर्शी दवा सेवा उपलब्ध कराना है।

# फसलों के लिए ट्रांसलेशनल जीनोमिक्स पर 21 दिवसीय शीतकालीन विद्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के आईसीएआरझभारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (आईसीएआर-आईआईएबी), रांची जलवायु-अनुकूल किस्म विकास के लिए ट्रांसलेशनल जीनोमिक्स विषय पर 21 दिवसीय शीतकालीन विद्यालय का उद्घाटन आज में किया गया।

यह शीतकालीन विद्यालय 3 से 23 फरवरी, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) अशोक आर. पाटिल, कुलपति, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस शीतकालीन विद्यालय में देशभर के आईसीएआर संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा यूजीसी-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से 20 वैज्ञानिक, सहायक प्राध्यापक एवं संकाय सदस्य भाग ले रहे हैं।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों की ओमिक्स तकनीकों तथा विशाल जीनोमिक डेटाबेस संसाधनों के उपयोग से सटीक और जलवायु-अनुकूल फसल सुधार के लिए उनकी समझ और व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ करना है।

पाठ्यक्रम में संरचनात्मक, कार्यात्मक एवं ट्रांसलेशनल जीनोमिक्स, जीनोमिक्स-सहायित प्रजनन अनुप्रयोग, सीक्वेंसिंग एवं जीनोम असेंबली उपकरण, संरचनात्मक बायोइन्फॉर्मेटिक्स, आणविक मार्कर एवं गुण (ट्रेट) खोज, मल्टी-ओमिक्स डेटा का एकीकरण, सिस्टम्स बायोलॉजी दृष्टिकोण तथा आधुनिक प्रजनन कार्यक्रमों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के साथ उन्नत संगणनात्मक उपकरणों के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों को व्यापक रूप से शामिल किया गया है।

अपने संबोधन में डॉ. सुजय रक्षित, निदेशक, आईसीएआर-आईआईएबी, रांची ने राष्ट्र के विकास और आर्थिक प्रगति में कृषि तथा कृषि वैज्ञानिकों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने स्वतंत्रता के समय भारत की खाद्य अभाव और निर्भरता की स्थिति से लेकर आज किसानों, वैज्ञानिक अनुसंधान और आईसीएआर जैसी संस्थागत सहायता प्रणालियों के सतत प्रयासों के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में प्राप्त आत्मनिर्भरता और मजबूती की यात्रा पर प्रकाश डाला।

डॉ. रक्षित ने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान पीढ़ी के वैज्ञानिकों को जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की सीमाएँ और बढ़ती खाद्य आवश्यकताओं जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए सक्षम बनाना आवश्यक है, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दे सकें और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने में सहयोगी बनें। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) अशोक आर. पाटिल ने नीति निर्माण से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि देश में नीति निर्धारण की प्रक्रिया में कृषि, किसान और संबंधित संस्थान सदैव केंद्रीय भूमिका निभाते हैं तथा अधिकांश राष्ट्रीय नीतियाँ कृषि की सततता और किसानों के कल्याण को ध्यान में रखकर तैयार की जाती हैं।

## एलआईसी में हिस्सा बेच सकती है सरकारः निवेशकों की नजरें तनीं


**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार अगले वित्त वर्ष में अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के माध्यम से बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी में अपनी हिस्सेदारी और घटाने पर विचार कर रही है। वर्तमान में, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में सरकार की 96.5 फीसदी हिस्सेदारी है। सरकार ने मई, 2022 में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 902-949 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे में कंपनी में 3.5 फीसदी हिस्सेदारी बेची थी। इस शेयर बिक्री से सरकार को करीब




21,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने सोमवार को कहा, एलआईसी के सार्वजनिक निर्गम को धीरे-धीरे लाना होगा। हमने दीपम से एलआईसी में हिस्सेदारी कम करने की संभावनाओं को देखने के लिए कहा है। सरकारी बिजली क्षेत्र की ऋणदाता पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) और उसकी सहायक कंपनी आरईसी का विलय हो सकता है। इसका प्रस्ताव बजट में रखा गया है। अंतिम निर्णय उच्च स्तर पर होगा। मार्च, 2019 में पीएफसी ने सरकार को 14,500 करोड़ में आरईसी में बहुमत हिस्सा लिया था।

## इंडिगो को भारी पड़ी दिसंबर की अव्यवस्था, यात्रियों को चुकाना पड़ा 22 करोड़ से ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को दिसंबर महीने में उड़ानों की भारी अव्यवस्था काफी महंगी पड़ी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को राज्यसभा में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इंडिगो ने यात्रियों को मुआवजे और सुविधाओं के तौर पर अकेले 22.68 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह भारी-भरकम रकम उन यात्रियों को दी गई है जिन्हें फ्लाइट कैंसिल होने, उड़ानों में देरी होने या बोर्डिंग से मना किए जाने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। सरकार ने सदन को बताया कि दिसंबर में सभी घरेलू एयरलाइनों ने कुल मिलाकर 24 करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक मुआवजा दिया, जिसमें से सबसे बड़ा हिस्सा अकेले इंडिगो की जेब से गया है। इंडिगो के लिए यह संकट




दिसंबर की शुरुआत में गहराया था, जब 3 से 5 दिसंबर के बीच उसकी 2,507 उड़ानें रद्द हुईं और 1,800 से ज्यादा लेट हुईं, जिसका असर 3 लाख से अधिक यात्रियों पर पड़ा था। हालात इतने बिगड़ गए थे कि डीजीसीए को एयरलाइन के विंटर शेड्यूल में 10 प्रतिशत की कटौती तक करनी पड़ी थी। मुआवजे के मामले में दूसरी एयरलाइंस इंडिगो के मुकाबले काफी पीछे रहीं; जहां टाटा समूह की एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मिलकर करीब 74.61 लाख रुपये चुकाए, वहीं स्पाइसजेट ने 40.09 लाख रुपये और अकासा एयर ने 21.06 लाख रुपये का भुगतान किया।

# 24 कैरेट सोना 24 घंटे में 8438 हुआ महंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के भाव में पिछले 24 घंटे में बहुत बड़ा बदलाव आया है। सर्राफा बाजारों में पिछले 24 घंटे में 24 कैरेट सोना 8438 रुपये महंगा हुआ जबकि, चांदी 18876 रुपये उछल गई। सोमवार को दोपहर सवा 12 बजे जारी रेट से आज सवा 12 जारी रेट में बड़ा अंतर दिख रहा है। सोमवार को 24 कैरेट सोना बिना जीएसटी 142270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला था और आज 150708 रुपये पर खुला। इसी तरह चांदी 236496 रुपये प्रति किलो के रेट से खुली थी और आज इसकी ओपनिंग 255372 रुपये पर हुई है।

सोमवार के बंद भाव के मुकाबले 24 कैरेट सोना आज मंगलवार को 1962 रुपये महंगा होकर बिना जीएसटी 150708 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 4128 रुपये का गोता लगाकर बिना जीएसटी 255372 रुपये पर खुली।

जीएसटी समेत चांदी का भाव अब 263033 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गया है। जबकि, 24 कैरेट गोल्ड का रेट अब जीएसटी समेत 155229 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं, प्लैटिनम भी 5220 रुपये



उछलकर 68390 रुपये पर पहुंच चुका है।

सोमवार को चांदी बिना जीएसटी 259500 रुपये पर बंद हुई। इसी तरह सोना बिना जीएसटी 148746 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोना सर्राफा मार्केट के अपने ऑल टाइम हाई 176121 से 25413 रुपये गिर चुका है। जबकि, चांदी 29 जनवरी के अपने ऑल टाइम हाई 385933 रुपये किलो से 130561 रुपये सस्ती हो चुकी है।

यह रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए हैं। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। अभी यह रेट दोपहर 12 बजे वाला है। 14 कैरेट गोल्ड का रेट 1148 रुपये चढ़ा है। आज यह 88164 रुपये पर खुला और जीएसटी समेत यह 90808 रुपये प्रति 10 ग्राम पर मिलेगा। इसके साथ ही 18 कैरेट गोल्ड में भी 1471 रुपये की बड़ी तेजी दर्ज की गई है। आज यह 11303 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है और जीएसटी के साथ इसकी कीमत 116421 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है।

22 कैरेट गोल्ड अब 1798 रुपये महंगा होकर 138049 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जीएसटी संग यह 142190 रुपये है। आज 23 कैरेट गोल्ड भी 1955 रुपये उछलकर 150105 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 154608 रुपये हो गई है।

## रुपए में जबरदस्त तेजी, डॉलर के मुकाबले 119 पैसे चढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में बड़ी कटौती के ऐलान के बाद भारतीय रुपए में जबरदस्त मजबूती देखने को मिल रही है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बनी सहमति का सीधा असर करेंसी मार्केट पर पड़ा है। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 119 पैसे की जोरदार बढ़त के साथ 90.30 पर पहुंच गया। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय करेंसी 2021 के बाद सबसे ज्यादा मजबूत हुई है विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी शुल्क में कटौती से पूरी तस्वीर बदल गई है। इससे दुनिया के सामने भारत की स्थिति मजबूत हुई है और भारतीय बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों की वापसी के दरवाजे खुल गए हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.30 पर खुला, जो पिछले बंद स्तर 91.49 के मुकाबले 119 पैसे की बढ़त दर्शाता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत गिरकर 97.43 पर था।

## यूएस-इंडिया ट्रेड डील का प्रभाव, उछलने लगे अडानी ग्रुप के शेयरों के भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूएस-इंडिया ट्रेड डील के ऐलान के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में मंगलवार को 13 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ट्रेड डील की घोषणा के बाद अडानी ग्रीन और अडानी एंटरप्राइजेज इस रैली में सबसे आगे रहे। अडानी ग्रीन के शेयर सबसे बड़े गेनर रहे, जबकि अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर 10 प्रतिशत चढ़ गए। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडानी पोर्ट्स और अडानी टोटल गैस के शेयर 6-8 प्रतिशत ऊपर ट्रेड कर रहे थे। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पावर और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस जैसी कंपनियों को एनर्जी ट्रेड संबंध और बढ़ते द्विपक्षीय आर्थिक रिश्तों से जुड़े बुनियादी ढांचे के अवसरों से फायदा हो सकता है।

ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने अडानी ग्रुप कंपनियों को इस ट्रेड डील के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक बताया है, क्योंकि इससे अमेरिका को भारतीय निर्यात पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। घरेलू ब्रोकरेज फर्म एंटीक ने भी अडानी पावर और अडानी पोर्ट्स को इस सौदे के प्रमुख लाभार्थियों में शामिल किया है। अडानी शेयरों में आज की यह तेजी बाजार में एक बड़ी रैली का हिस्सा है, क्योंकि ट्रंप की घोषणा ने शॉर्ट-सेलर्स को अचंभे में डाल दिया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पिछले 16 महीनों में लगभग 34 अरब डॉलर के भारतीय इक्विटी बेचे थे और डेरिवेटिव्स पक्ष पर उनकी लगभग 90 प्रतिशत शॉर्ट पोजीशन थी। जेफरीज ने कहा कि ट्रेड डील को लेकर एक प्रमुख निवेशक चिंता अब दूर होनी चाहिए। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों के लिए आउटलुक अब सुधर रहा है। हाल में हुए श्व, च और अन्य फी ट्रेड डील के साथ मिलाकर, रुपये के लिए नजरिए को निकट अवधि में जबरदस्त बढ़ावा मिल सकता है, जो एफपीआइ फ्लो के लिए एक सकारात्मक ट्रिगर साबित हो सकता है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 7 प्रतिशत की उछाल

### इस अधिग्रहण से गदगद निवेशक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आज 7 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। इस उछाल के पीछे की वजह एक अधिग्रहण है। कंपनी ने दी जानकारी में कहा है कि उनकी सब्सिडियरी कंपनी रिलायंस स्ट्रेटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड ने 50.1 प्रतिशत हिस्सेदारी सिख्या एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड में हासिल किया है। यह डील 150 करोड़ रुपये में हुई है। अधिग्रहण की प्रक्रिया 2 फरवरी को पूरी हुई है।

आज मंगलवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर बीएसई में 1481.45 रुपये के लेवल पर खुले हैं। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 7 प्रतिशत की तेजी के बाद 1489 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया था। रिलायंस ने क्यों की है यह डील इस नई डील से जियो स्टूडियो की पोजीशन देश मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर में



मजबूत होगी। रिलायंस ने अपने प्रेस रिलीज में कहा कि इस डील से जियो स्टूडियो को फायदा होगा। बता दें, सिख्या एंटरटेनमेंट एक चर्चित प्रोडक्शन हाउस है। कंपनी को एकेडमी अवार्ड और कई अन्य फिल्म अवार्ड मिल चुके हैं।

पिछला एक साल कैसा रहा है

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों की कीमतों में बीते एक साल के दौरान करीब 16 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 8.63 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है। कंपनी का 52 वीक हाई 1611.20 रुपये और 52 वीक लो लेवल 1115.55 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 19.53 लाख करोड़ रुपये का है। 5 साल में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों की कीमतों में 62 प्रतिशत की तेजी आई है। जोकि सेंसेक्स इंडेक्स के 66.85 प्रतिशत के रिटर्न की तुलना में कम है।

### 2024 में कंपनी ने दिया था बोनस शेयर

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने निवेशकों को 2024 में बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 1 शेयर बोनस दिया था। 2025 में कंपनी ने 5.50 रुपये का डिविडेंड निवेशकों को दिया था।

## देश में बढ़ रही महंगे स्मार्टफोन की मांग

### बिक्री में एपल की हिस्सेदारी बढ़कर रिकॉर्ड 28 प्रतिशत पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज टेक कंपनी एपल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अब तक की सबसे अधिक 28 फीसदी हिस्सेदारी दर्ज की है। यह वृद्धि प्रीमियमाइजेशन के बढ़ते चलन के कारण हुई है। काउंटरपाइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, जहां बिक्री में वृद्धि स्थिर बनी हुई है, वहीं कुल बाजार मूल्य में अधिक तेजी से वृद्धि हो रही है, क्योंकि भारतीय खरीदार अधिक महंगे मॉडल खरीद रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत में एपल का 23 फीसदी हिस्सा था।

आईफोन-16 की सफलता, आक्रामक फाइनेंस स्कीमों और ट्रेड इन ऑफर्स के कारण कंपनी ने देश में अपनी अब तक की सबसे अधिक हिस्सेदारी हासिल की है। 2025 में मूल्य के हिसाब से एपल ने 28 फीसदी हिस्सेदारी के साथ बाजार का नेतृत्व किया। त्योहारों से संबंधित प्रचार और व्यापक चैनल विस्तार ने राजस्व वृद्धि को बढ़ावा दिया। आईफोन-16 सीरीज 2025 में भारत




में सबसे अधिक बिकने वाला मॉडल रहा। यह भारत में किसी भी सीरीज के लिए अब तक की सबसे अधिक वार्षिक बिक्री हिस्सेदारी भी थी। 2025 में भारत के स्मार्टफोन बाजार में वॉल्यूम के हिसाब से एक फीसदी और मूल्य के हिसाब से 8 फीसदी की वार्षिक वृद्धि हुई। खुदरा क्षेत्र में 2025 में कुल स्मार्टफोन बिक्री में 40 फीसदी हिस्सा फाइनेंस के जरिये हुआ। 30,000 रुपये से अधिक कीमत वाले प्रीमियम सेगमेंट में लगभग दो-तिहाई खरीदारी फाइनेंस के माध्यम से की गई। यह ग्राहकों को उच्च स्तरीय उपकरणों में अपग्रेड करने में सक्षम बनाने में किस्त विकल्पों की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रीमियम सेगमेंट, एंट्री लेवल और बजट सेगमेंट की तुलना में कहीं अधिक तेजी से बढ़ रहा है। 2025 में प्रीमियम सेगमेंट वॉल्यूम के हिसाब से सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट बनकर उभरा। इसमें सालाना आधार पर 11 फीसदी की तेजी रही। कुल शिपमेंट में इसका हिस्सा 22 फीसदी रहा, जो अब तक का सबसे अधिक है। इस साल भी प्रीमियम उत्पादों की मांग मूल्य वृद्धि को समर्थन देना जारी रखेगी। हालांकि, एंट्री-लेवल सेगमेंट पर दबाव बना रहेगा।

**फोल्डेबल फोन में सैमसंग आगे** मूल्य के मामले में आईफोन कंपनी एपल आगे है, लेकिन फोल्डेबल स्मार्टफोन सेगमेंट में सैमसंग का दबदबा है। 2025 में वॉल्यूम में सैमसंग का 88 फीसदी हिस्सा रहा।

## चमड़ा सस्ता हुआ, वुडलैंड का 5000 वाला जूता 3,000 में मिलेगा ?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बजट 2026 के पिटारे से इस बार आम आदमी के लिए एक ऐसी राहत निकली है, जिसका सीधा कनेक्शन आपकी पदचापों से है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट में केवल बड़े बुनियादी ढांचों की ही बात नहीं की, बल्कि जूतों और चमड़े के सामानों पर टैक्स कटौती का बड़ा दांव खेलकर मिडिल क्लास के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी है। अब सवाल यह उठता है कि क्या आपके पसंदीदा वुडलैंड या अन्य ब्रांडेड जूते वाकई आपकी जेब के लिए हल्के होने वाले हैं?

सरकार ने फुटवियर इंडस्ट्री को रफ्तार देने के लिए चमड़े और जूतों से जुड़े कच्चे माल पर कस्टम ड्यूटी (आयात शुल्क) को कम करने और नियमों को सरल बनाने का फैसला किया है। इस कदम का सीधा असर उत्पादन लागत पर पड़ेगा। अगर आप 5,000 रुपये वाले वुडलैंड जूते खरीदने की सोच रहे हैं, तो एक्सपर्ट्स का मानना है कि टैक्स



में इस रियायत के बाद कीमतों में 5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक की गिरावट देखी जा सकती है। हालांकि, यह उम्मीद करना जल्दबाजी होगी कि 5,000 का जूता सीधे 3,000 का हो जाएगा, क्योंकि ब्रांड्स को अपने मार्केटिंग और डिस्ट्रीब्यूशन खर्चों को भी मैनेज करना होता है। बजट के इन प्रावधानों का मुख्य उद्देश्य देश के चमड़ा उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। सरकार ने कुछ इनपुट्स के ड्यूटी-फ्री आयात की अनुमति दी है, जिससे छोटे और मंझोले जूता निर्माताओं को बड़ी राहत मिलेगी।

# सेल और अन्य स्टील पीएसयू अगले साल जम कर करेंगी निवेश, रोजगार भी बढ़ेगा?

### वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान कैपिटल एक्सपेंडिचर में भारी बढ़ोतरी की योजना बनाई है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टील बनाने की बात हो इस समय हम दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा बनाने वाला देश बन चुके हैं। इस समय चीन ही ऐसा देश है जो कि हमसे ज्यादा स्टील बनाता है। हालांकि, जब स्पेशलाइज्ड स्टील बनाने की बात हो इसमें हम जापान और कोरिया समेत दुनिया के कई देशों से पीछे हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए सरकारी स्टील कंपनियों ने वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान कैपिटल एक्सपेंडिचर में भारी बढ़ोतरी की योजना बनाई है।

**बजट में हुआ है उल्लेख-** बीते दिनों ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में साल 2026-27 का आम बजट पेश किया। इसे देखें तो पता चलता है कि स्टील बनाने वाली सरकारी कंपनियों का निवेश अगले कुछ सालों में काफी बढ़ने वाला है। यह निवेश कैपिटल एक्सपेंडिचर यानी नई मशीनरी और प्लांट पर होने वाला है। बजट के मुताबिक अगले वित्त वर्ष के दौरान यह एक्सवेंडिचर लगभग 44 प्रतिशत बढ़कर 25,125 करोड़ रुपये हो जाएगा। माना जा रहा है कि इससे रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। सबसे आगे सेल और एनएमडीसी बजट के कागजात को देखें तो कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ाने में



महार प्रतिशत पीएसयू स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन सबसे आगे हैं। इन दोनों कंपनियों का केनेक्स 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा। यह पैसा वे अपनी आंतरिक कमाई और अन्य स्त्रोतों आंतरिक और अतिरिक्त बजटीय संसाध से जुटाएंगे।

वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान सेल का कैपेक्स 15,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। यह पिछले साल यानी वित्त वर्ष 2025-26 में 10,000 करोड़ रुपये के केनेक्स से काफी ज्यादा है। वहीं, एमटीपीए का भी वित्त वर्ष 2025-26 के 6,000 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में 9,000 करोड़ रुपये हो जाएगा। मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड भी इस साल 800 करोड़ रुपये खर्च करेगी, जो पिछले साल के 600 करोड़ रुपये से ज्यादा है।

**ग्रीन स्टील की तरफ कदमः** दुनिया भर की कंपनियां इस समय ग्रीन स्टील की तरफ बढ़ रही हैं। मतलब होता है इसे बनाने के दौरान कम से कम प्रदूषण हो। आईसीआरए रेटिंग्स का अनुमान है कि भारत में कुल स्टील की मांग में ग्रीन स्टील का हिस्सा 2030 तक लगभग 2 प्रतिशत (करीब 4 एमटी) से बढ़कर 2040 तक करीब 10 प्रतिशत (लगभग 30 एमटी) और 2050 तक 40 प्रतिशत (लगभग 150 एमटी) हो जाएगा।

### स्टील बनाने में भारत कहां है

दुनिया भर में स्टील बनाने की बात हो तो भारत दूसरा सबसे बड़ा देश है। यहां हर साल करीब 205 मिलियन टन स्टील बनाया जाता है। इस मामले में चीन हमसे बहुत आगे है। वह साल में करीब 1200 एमटीपीए से ज्यादा स्टील बनाता है। भारत सरकार की नेशनल स्टील पॉलिसी 2017 के तहत, हमारा लक्ष्य साल 2030-31 तक 300 एमटीपीए स्टील बनाने की क्षमता हासिल करना है। इंडस्ट्री के अनुमानों के मुताबिक, इसके लिए 2023-31 तक 45-50 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत होगी, जिससे 80-85 एमटी नई क्षमता बढ़ेगी।

### स्टील सेक्टर में मंदी

इस समय दुनिया भर में स्टील कंपनियां थोड़ी मंदी का सामना कर रही हैं। इसके बावजूद, एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत में स्टील की कीमतें बढ़ेंगी। नोमुरा ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है, हमें लगता है कि स्टील की खपत में हाल की गिरावट एक मौसमी वजह से है, न कि कोई बड़ी समस्या। उन्होंने यह भी बताया कि वित्त वर्ष 2027-28 तक स्टील की मांग फिर से बढ़ेगी। इसकी वजह ऑटोमोबाइल सेक्टर में सुधार, इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, मैन्युफैक्चरिंग में बढ़ोतरी और अन्य उद्योगों का मजबूत बने रहना है।



## हर इश्क परफेक्ट नहीं होता पर काफी होता है, दो दीवाने सहर में मृणाल संग सिद्धांत चतुर्वेदी का प्यार चढ़ेगा परवान

हर इश्क परफेक्ट नहीं होता पर काफी होता है, अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर अपकमिंग फिल्म दो दीवाने सहर में की रिलीज को अब कुछ ही समय बाकी है। इस फिल्म में मृणाल ठाकुर के साथ एक रोमांटिक किरदार निभा रहे सिद्धांत एक सॉफ्ट और भावनात्मक लवर-बॉय की भूमिका में दिखेंगे। शुक्रवार को अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इसमें दोनों एक दूसरे के साथ खोए नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने पोस्ट कर लिखा, रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों को वापस लाना, क्या यह वर्तमान समय की जरूरत है या सिर्फ मुझे ऐसा लग रहा है? सिद्धांत के पोस्ट करने के बाद फैंस के बीच यह चर्चा शुरू होने लगी है कि क्या रोमांटिक फिल्मों का दौर फिर से लौट रहा है, हालांकि सोशल मीडिया पर शेयर किए गए सिद्धांत के पोस्ट के साथ तस्वीरों से साफ पता चल रहा है कि यह फिल्म हल्की-फुल्की रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी। यही वजह है कि कई दर्शकों ने सिद्धांत की इस बात से सहमति जताते हुए फील-गुड रोमांटिक फिल्मों की वापसी का स्वागत किया है। दो दीवाने सहर में एक आधुनिक प्रेम कहानी है, जिसमें पुराने जमाने के रोमांस की झलक भी देखने को मिलेगी। वहीं फैंस भी सिद्धांत और मृणाल को एक साथ रोमांटिक अंदाज में देखने के लिए बेताब हैं। इससे पहले फिल्म का टीजर और इसका गाना आस्मा जारी हो चुका है, जिसे देखकर फैंस और भी ज्यादा फिल्म को देखने के लिए उत्साहित हैं। अब देखना होगा कि सिद्धांत और मृणाल की केमिस्ट्री दर्शकों के दिलों में जगह बना पाएगी कि नहीं। रवि उद्यावर द्वारा निर्देशित फिल्म दो दीवाने सहर में को संजय लीला भंसाली प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसमें प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार भी हैं। फिल्म की कहानी एक अनोखे और खूबसूरत रोमांस को दर्शाती है। फिल्म में अन्य कलाकारों में इला अरुण, जॉय सेनगुप्ता, आयेशा रजा, संदीपा धर समेत कई नाम शामिल हैं। यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।






# शिव मेरे लिए बेहद खास, इसीलिए छाप तिलक गाना दिल के बहुत करीब

एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अब एक्ट्रेस से सिंगर बनने की राह पर हैं। राशा ने हाल ही में सिंगिंग डेब्यू किया है। उनके डेब्यू सॉन्ग का टाइटल छाप तिलक है, जिसे राशा ने अपने दिल के बेहद करीब बताया। राशा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया, जिसमें वह भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा जताती और खास गाने छाप तिलक से जुड़ी अपनी भावनाओं को व्यक्त करती नजर आईं। राशा ने पोस्ट में लिखा, शिव हमेशा मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं। छाप तिलक एक ऐसा गाना है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। इसके साथ ही राशा ने गाने की कुछ लाइन का शिव से कनेक्शन करते हुए लिखा, मैं तो छाप तिलक छोड़ चली रे—ब्रह्मांडीय नर्तक नटराज को अपनी कला और अपना तिलक अर्पित करना। मैं तो आज फलक ओढ़ चली रे—उसका ब्रह्मांड मुझे हमेशा घेरे रहता है। मेरे मन के ताल पर बाजे डमरू—शिव की डमरू की थाप और लय हमेशा मेरे दिल में रहती है। आभारी हूं शिव ओम नमः शिवाय। राशा महादेव की परम भक्त हैं। वह अपनी मां रवीना टंडन के साथ अक्सर शिवालय जाती रहती हैं। वह देश भर के हिस्सों में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग में से कई के दर्शन भी कर चुकी हैं।

राशा थडानी ने साल 2025 में एक्ट्रेस के तौर पर आजाद फिल्म के साथ डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में असफल रही और फ्लॉप हो गई थी, लेकिन अब उन्होंने सिंगिंग में कदम रखा है। राशा ने इंस्टाग्राम पर स्टूडियो का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह गाने को रिकॉर्ड करते हुए नजर आईं। इस सिंगिंग डेब्यू की तारीफ बाहुबली फेम सुपरस्टार प्रभास ने भी की है। फिलहाल, राशा अपनी एक्ट्रेस की जर्नी भी जारी रख रही हैं। वह जल्द ही फिल्म लइका लइकी में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म से वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आएंगी।

# तेरे इश्क में के बाद धनुष की 55वीं फिल्म का एलान

धनुष ने हाल ही में अपनी 55वीं फिल्म का एलान किया है, जिसका अस्थाई नाम डी55 है। निर्माताओं ने स्टार कास्ट की घोषणा भी कर दी है। निर्देशक राजकुमार पेरियासामी की अगली फिल्म में धनुष के साथ मुख्य भूमिका में यह अभिनेत्री पहली बार नजर आएंगी। राजकुमार पेरियासामी पहले अमरन फिल्म बना चुके हैं। धनुष की आगामी फिल्म का अस्थाई नाम डी55 है। यह अस्थाई नाम इसलिए डी55 रखा गया है क्योंकि यह धनुष की 55वीं फिल्म हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार मुख्य अभिनेत्री के रूप में श्रीलीला नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार पेरियासामी करेंगे।
धनुष और श्रीलीला पहली बार किसी फिल्म में एक साथ नजर आने वाले हैं। डी55 एक बड़ा प्रोजेक्ट है। धनुष अपनी कंपनी वंडरबार फिल्म्स के साथ आर टेक स्टूडियोज को मिलकर इसे बना रहे हैं। फिल्म का निर्माण अभी मुंबई में चल रहा है। शूटिंग 2026 के आखिर तक पूरी होने की उम्मीद है।





# श्रिया सरन ने दृश्यम फ्रेंचाइजी के आखिरी पार्ट को लेकर जताई खुश

क्राइम-थ्रिलर 'दृश्यम' अपने तीसरे पार्ट के साथ फिर लौट रही है। 'दृश्यम 3' मलयालम के साथ हिंदी में भी शुरू हो चुकी है। एक बार फिर विजय सालगांवकर (अजय देवगन) अपनी फैमिली के साथ वापस लौट रहे हैं। अब फिल्म को लेकर अभिनेत्री श्रिया सरन काफी उत्साहित हैं। उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के अपने सफर को इमोशनल बताते 'दृश्यम 3' के बारे में बात की है।

### दस साल पहले शुरू हुई थी पहले पार्ट की शूटिंग

इंडिया टुडे के साथ बात करते हुए श्रिया सरन ने 'दृश्यम 3' को लेकर खुशी जताई। 'दृश्यम' की दुनिया में अपनी भूमिका को फिर से निभाने के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित हूं। इस बार, कहानी असाधारण रूप से अच्छी तरह से लिखी गई है, बहुत कसी हुई और दिलचस्प है। यह फ्रेंचाइजी का आखिरी पार्ट है। हम अभी इसकी शूटिंग कर रहे हैं। यह मेरे लिए एक बेहद भावुक सफर है क्योंकि जब मैंने हाल ही में फिल्म देखी, तो मुझे एहसास हुआ कि पहला भाग दस साल से भी पहले शूट किया गया था। हम सब बहुत बदल गए हैं। मैं तब से बहुत बदल गई हूं।'

### इस वजह से बाकी फिल्मों से अलग है 'दृश्यम'

श्रिया ने बताया कि दृश्यम को जो बात सबसे अलग बनाती है, वह सस्पेंस जॉनर में कहानी को अलग तरह से कहने की कला है। मुझे याद नहीं कि किसी मिस्ट्री फ्रेंचाइजी के तीन पार्ट हों। हमने ड्रामा सीरीज तो देखी हैं, लेकिन एक मिस्ट्री फ्रेंचाइजी, जिसमें पूरी कहानी एक छोटी सी घटना के इर्द-गिर्द घूमती हो, यह कमाल है। यकीन मानिए तीसरा पार्ट बेहद दिलचस्प है। इस दौरान उन्होंने 'दृश्यम 3' के एक बड़े ट्विस्ट की ओर भी इशारा किया।

### मलयालम से अलग है हिंदी वर्जन

श्रिया सरन का मानना है कि मलयालम और हिंदी की 'दृश्यम' में अंतर है। यही कारण है कि फिल्म हर भाषा में अलग अनुभव देती है और पसंद की जाती है। उन्होंने कहा कि हिंदी 'दृश्यम 2' मलयालम वर्जन से बहुत अलग थी। यहां तक कि हिंदी 'दृश्यम 3' भी मलयालम वाली फिल्म से काफी अलग है।



# आलिया भट्ट ने की रोमांटिक कॉमेडी डोंट बी शाय की घोषणा, बहन शाहीन के साथ मिलकर करेंगी निर्माण

आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है- डोंट बी शाय। यह प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण आलिया ने अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर किया है।



### प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी डोंट बी शाय

आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है- डोंट बी शाय है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...। दरअसल, यह एक ऐसी कहानी जिसके साथ आप बड़े होते हैं।

### सेलेब्स और फैंस के कमेंट्स

आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने, फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, अब तक की सबसे प्यारी घोषणा, एक फैन ने लिखा, आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है, दूसरे फैन ने लिखा, यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।

### कब रिलीज होगी लव एंड वॉर

आलिया भट्ट लव एंड वॉर में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।



# रानी मुखर्जी से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक, इन अभिनेत्रियों ने निभाया पुलिस का दमदार किरदार

**सिनेमाघरों में रानी मुखर्जी की अदाकारी वाली फिल्म मर्दानी 3 रिलीज हो चुकी है। दर्शक फिल्म पर मिलीजुली प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस फिल्म में रानी मुखर्जी ने पुलिस ऑफिसर का दमदार किरदार निभाया है। फिल्म में वह मानव तस्करी गिरोह का पर्दा फाश करती हैं। आज हम उन अभिनेत्रियों के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने फिल्मों में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है।**

### मर्दानी, मर्दानी 2

मर्दानी फ्रेंचाइजी की सबसे पहली फिल्म मर्दानी (2014) में रानी मुखर्जी ने शिवानी शिवाजी नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। इसमें वह एक लापता लड़की की तलाश करती हैं। केस को हल करते हुए वह चाइल्ड ट्रैफिकिंग की दुनिया में पहुंचती हैं। इसी तरह से मर्दानी 2 (2019) में भी रानी मुखर्जी ने एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया। इसमें वह एक ऐसे व्यक्ति को पकड़ने की कोशिश करती हैं जो मासूम महिलाओं के साथ दुष्कर्म करता है और उनका कत्ल कर देता है। दोनों फिल्मों की कामयाबी के बाद मर्दानी 3 (2026) बनी है।



### दृश्यम, दृश्यम 2

फिल्म दृश्यम (2013) में तब्बू ने एक पुलिस ऑफिसर मीरा देशमुख का किरदार निभाया है। इसमें वह अपने बेटे को ढूंढती हैं। उनका बेटा अजय देवगन की बेटी के साथ कुछ गलत करना चाहता है लेकिन धोखे से उसकी मौत हो जाती है। फिल्म में तब्बू का सामना अजय देवगन से होता है। दृश्यम 2 (2022) में यही कहानी आगे बढ़ती है। पुलिस के किरदार में तब्बू अपने बेटे को ढूंढने के लिए अक्षय खन्ना को लेकर आती हैं। इस बार भी वह अजय देवगन से मात खा जाती हैं। दोनों फिल्मों में तब्बू के किरदार की तारीफ हुई है।



### जय गंगाजल

प्रकाश झा के निर्देशन में बनी फिल्म जय गंगाजल (2016) में प्रियंका चोपड़ा ने आभा माथुर नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म में वह ताकतवर गुंडों का सामना करती हैं। पुलिस के किरदार में प्रियंका चोपड़ा को खूब सराहा गया।

### सोनी

फिल्म सोनी (2018) में गीतिका विद्या ओल्यान ने सोनी नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। फिल्म में दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों से लड़ने की कहानी दिखाई गई है। इसके अलावा फिल्म पुलिस विभाग में पितृसत्तात्मक चुनौतियों को चित्रित करती है। फिल्म में गीतिका के किरदार को पसंद किया गया।

### कटहल

फिल्म कटहल (2023) में सान्या मल्होत्रा ने महिमा बोर्से नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक विधायक के घर से दो कीमती कटहल गायब हो जाते हैं। यह केस गरीब माली की लापता बेटी के अपहरण से जुड़ा होता है। फिल्म में सान्या के पुलिस वाले किरदार को खूब पसंद किया गया।



## श्रीलंका के वर्ल्ड कप स्क्वॉड में कामिंडु मेंडिस की वापसी

- इंजर्ड ईशान मलिंगा भी शामिल, धनंजय डी सिल्वा को जगह नहीं; दासुन शनाका कप्तान

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए फाइनल स्क्वॉड रिलीज कर दिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 खेलने वाले धनंजय डी सिल्वा को बाहर कर कामिंडु मेंडिस की वापसी हो गई। इंजर्ड पेसर ईशान मलिंगा भी टीम का हिस्सा हैं। ऑलराउंडर दासुन शनाका टीम की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।




**आउट ऑफ फॉर्म हैं कामिंडु-** कामिंडु मेंडिस इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। वे 2025 में 19.87 के औसत से 159 रन ही बना सके। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 130.32 का ही रहा। वे 12 मुकाबलों में महज 6 ओवर ही बॉलिंग भी कर सके। कामिंडु की खासियत यह है कि वे दोनों हाथों से स्पिन गेंदबाजी कर लेते हैं।

**प्लेइंग-11 में आ सकते हैं वेल्लालागे-** धनंजय डी सिल्वा को बाहर करने के बाद टीम अब 23 साल के लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर दुनिथ वेल्लालागे को भी प्लेइंग-11 में शामिल कर सकती है। हालांकि, वे श्रीलंका के लिए 6 ही टी-20 खेल सके हैं। वे वनडे टीम में जरूर रेगुलर रहते हैं, लेकिन टी-20 में अपनी जगह फिक्स नहीं कर पाए। वेल्लालागे को फ्रेंचाइजी लीग में जरूर टी-20 खेलने का अनुभव है। उन्होंने एमर्जिंग एशिया कप में श्रीलंका-ए की कप्तानी भी की थी।

**पवन रत्नायके को भी जगह-** इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शतक लगाने वाले बैटर पवन रत्नायके को भी वर्ल्ड कप टीम में जगह मिल गई। वे 4 टी-20 में 45 रन ही बना पाए हैं। हालांकि, उनका स्ट्राइक रेट 145 से ज्यादा का रहा। वहीं तेज गेंदबाज प्रमोद मदुषन को बाहर कर दिया।

**8 फरवरी को पहला मैच खेलेगी श्रीलंका-** श्रीलंका ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, ओमान और जिम्बाब्वे के साथ है। टीम ग्रुप स्टेज में अपने सभी मैच होम ग्राउंड पर ही खेलेगी। श्रीलंका 8 फरवरी को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। टीम 12 फरवरी को ओमान, 16 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और 19 फरवरी को जिम्बाब्वे से भिड़ने वाली है। 2 मुकाबले कोलंबो और 2 पल्लेकेले में खेले जाएंगे।

### श्रीलंका का स्[ ॉड

दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसांका, कमिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, चरिथ असलंका, कामिंडु मेंडिस, जनिथ लियानागे, पवन रत्नायके, दुनिथ वेल्लालागे, वनिंदू हसरंगा, महीश तीक्षणा, दुष्मंथा चमीरा, मथीश पथिराना और ईशान मलिंगा।

# टी-20 वर्ल्डकप का कैप्टन्स डे दो शहरों में होगा

- मुंबई में 12 और कोलंबो में 8 टीमों के कप्तान शामिल होंगे, टूर्नामेंट 7 फरवरी से

**मुंबई (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी से होने जा रही है। इससे पहले, 5 फरवरी को आईसीसी ने कैप्टन्स डे रखा। कैप्टन्स डे दो शहरों मुंबई (भारत) और कोलंबो (श्रीलंका) में होगा। कैप्टन्स डे एक मीडिया कार्यक्रम है, जहां कप्तान मीडिया से बात करेंगे।

**मुंबई में 12 टीमों के कप्तान आएंगे-** मुंबई में होने वाले कैप्टन्स डे मीट में कुल 12 टीमों के कप्तान हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम 5 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत, अफगानिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड, इटली, नामीबिया, नेपाल, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज के कप्तान शामिल होंगे। सभी कप्तानों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मीडिया से बातचीत के दौरान टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

ग्रुप-1 की प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 3:00 बजे और ग्रुप-2 की प्रेस कॉन्फ्रेंस 3:30 बजे शुरू होगी। यह




कैप्टन्स डे मीट बीसीसीआई ऑफिस वानखेड़े स्टेडियम (मुंबई) में आयोजित की जाएगी।

**कोलंबो में 8 देशों के कप्तानों की कैप्टन्स डे मीट-** 5 फरवरी को कोलंबो में भी कैप्टन्स डे का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, नीदरलैंड, ओमान, पाकिस्तान, यूएई और जिम्बाब्वे की टीमों के कप्तान शामिल होंगे। यहां भी सभी कप्तानों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मीडिया से बातचीत करते हुए टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। ग्रुपबी-1 की प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 12:00 बजे, जबकि ग्रुप-2 की प्रेस कॉन्फ्रेंस 12:30 बजे शुरू होगी। यह कार्यक्रम कोलंबो के मर्केंटाइल क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) में आयोजित किया जाएगा।

**भारत के 5, श्रीलंका के 3 वेन्यू पर टूर्नामेंट-** भारत में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम, कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम, चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट के मैच खेले जाएंगे। वहीं श्रीलंका में कोलंबो और कैंडी में मुकाबले होंगे। कोलंबो में आर प्रेमदासा और सिनहले स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम पर मैच खेले जाएंगे। टीम इंडिया मुंबई, दिल्ली, कोलंबो और अहमदाबाद में ग्रुप स्टेज के मैच खेलेगी।

# वार्म-अप मैच में भारत ए ने अमेरिका को 38 रन से हराया

- विश्व कप से पहले तिलक वर्मा की दमदार वापसी

**मुंबई (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। सोमवार को भारत ए का अमेरिका से नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल




स्टेडियम में सामना हुआ। इस मैच में भारतीय ए टीम ने 38 रनों से शानदार जीत दर्ज की।

टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के आगाज में अब चार दिन का समय शेष है। सोमवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर खेले गए वॉर्म-अप मैच में भारत ए ने अमेरिका को 38 रन से हरा दिया। इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय ए टीम ने नारायण जगदीशन के शतक और आयुष बदोनी के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए। जवाब में अमेरिका की टीम 19.4 ओवर में 10 विकेट पर 200 रन ही बना सकी।

भारत के लिए रवि बिश्नोई ने तीन विकेट हासिल किए जबकि खलील अहमद और नमन धीर को एक-एक सफलता प्राप्त हुई।

### तिलक की दमदार वापसी

निचले पेट की सर्जरी के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटे तिलक वर्मा ने अपनी फिटनेस को लेकर टीम प्रबंधन की सभी चिंताओं को दूर कर दिया। तीन सप्ताह का रिटर्न टू प्ले प्रोटोकॉल पूरा करने के बाद मैदान पर उतरे तिलक न सिर्फ बल्लेबाजी में सहज नजर आए, बल्कि फील्डिंग और गेंदबाजी में भी पूरी तरह फिट दिखे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली, जिसमें उन्होंने हरमीत सिंह और नॉस्थश केनजीगे की स्पिन जोड़ी के खिलाफ दो शानदार छक्के लगाए। खास बात यह रही कि उनकी बल्लेबाजी के दौरान किसी भी तरह की असहजता नजर नहीं आई।

### जगदीशन का शतक, बदोनी का नाबाद पचासा

इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारत ए की टीम ने आक्रामक अंदाज में रन बटोरे। तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने शानदार शतक जड़ा। उन्होंने 55 गेंदों पर 104 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। कप्तान आयुष बदोनी ने भी अंत के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 24 गेंदों पर 60 रन बनाए और स्कोर को 230 के पार पहुंचाया। भारत ए ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 238 रन बनाए।

### भारतीय गेंदबाजों के आगे अमेरिका ने टेके घुटने

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की टीम ने भी संघर्ष जरूर किया, लेकिन बड़े स्कोर के दबाव में अंततः 19.4 ओवर में 200 रन पर ऑलआउट हो गई। संजय कृष्णमूर्ति अमेरिका की ओर से सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज रहे, जिन्होंने मात्र 18 गेंदों पर 41 रन बनाए। हालांकि उनकी पारी टीम को जीत के करीब नहीं ले जा सकी। भारत ए की गेंदबाजी में रवि बिश्नोई सबसे सफल रहे। लेग स्पिनर बिश्नोई ने तीन विकेट झटके और अमेरिका की रनगति पर लगाम लगाई। खलील अहमद और नमन धीर को एक-एक विकेट मिला। तेज गेंदबाज मयंक यादव लंबे समय बाद वापसी के चलते थोड़े जंग खाए नजर आए, लेकिन उन्होंने अपनी रफ्तार से प्रभावित किया।

## ओलिंपियन पहलवान ने लग्न में सिर्फ चांदी का सिक्का लिया

### दोस्त के पिता की बेटी संग की शादी



**झज्जर (एजेंसी)।** झज्जर के रहने वाले ओलिंपियन पहलवान दीपक पूनिया आज 3 फरवरी को विवाह के बंधन में बंध गए। झज्जर शहर के धनखड़ फार्म हाउस में लग्न टीके (तिलक) का कार्यक्रम हुआ। दीपक के पिता सुभाष पूनिया ने बताया कि लंच में 500 लीटर देसी घी के अलग-अलग पकवान तैयार किए गए। लग्न में दीपक ने सिर्फ एक रुपए का चांदी का सिक्का लिया। दीपक पूनिया सेना में सूबेदार हैं। वह अपने पिता के दोस्त की बेटी शिवानी के साथ सात फेरे लेंगे। दीपक और शिवानी की 28 सितंबर 2025 को सगाई हुई थी। इसमें सिर्फ परिवार और करीबी लोग ही शामिल हुए। शिवानी संघ लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रही हैं, उनका आईएएस अफसर बनने का सपना है।

**शिवानी के पिता प्रॉपर्टी डीलर, अखाड़े में हुई जान-पहचान-** दीपक के पिता सुभाष पूनिया ने बताया कि शिवानी के पिता अनूप सिंह प्रॉपर्टी का काम करते हैं। जब दीपक अखाड़े में प्रैक्टिस करने जाता था, वहीं अनूप सिंह से मुलाकात हुई। कई बार मुलाकातें हई और 2020 में दोस्ती हो गई। जब बेटे के लिए रिश्ते आने लगे तो मैंने अनूप से कहा कि अपना बेटा है, आपकी बेटी है, क्यों न दोस्ती को रिश्तेदारी में बदल लें। अनूप ने तुरंत हां कर दी।

### शिवानी बोलीं
### दोनों परिवारों की रजामंदी से हुआ रिश्ता

रिंग सेरेमनी के बाद एक इंटरव्यू में शिवानी ने बताया था कि मेरा खेलों से कोई नाता नहीं रहा है। मैं शुरू से ही पढ़ाई में ध्यान रखती आई हूं। अब मेरा लक्ष्य आईएएस अफसर बनने का है। इसके लिए सेल्फ स्टडी कर रही हूं। मेरे पापा दीपक के पिता के साथ 5-6 साल से साथ में काम कर रहे हैं। दोनों परिवारों की रजामंदी से यह रिश्ता हुआ।

- ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतते ही अल्काराज का बड़ा फैसला

# रॉटरडैम ओपन से हटे

**रॉटरडैम (एजेंसी)।** नए ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने फरवरी में होने वाले एबीएन एमरो रॉटरडैम ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। टूर्नामेंट आयोजकों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि कर दी है।



**खिताब बचाने नहीं लौटेंगे अल्काराज-** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी अल्काराज पिछले सीजन में इस एटीपी 500 इनडोर हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट के चैंपियन रहे थे। हालांकि, एटीपी वेबसाइट के मुताबिक 9 से 16 फरवरी तक होने वाले इस टूर्नामेंट में वह अपने खिताब की रक्षा नहीं करेंगे।

**ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत के बाद लिया फैसला-** 22 वर्षीय अल्काराज ने यह फैसला उस ऐतिहासिक उपलब्धि के ठीक एक दिन बाद लिया, जब उन्होंने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बनाया। रविवार को खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में उन्होंने नोवाक जोकोविच को चार सेट में हराकर मेलबर्न में अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था।

**जश्न में भी दिखे अल्काराज-** सोमवार को अल्काराज ने मेलबर्न के रॉयल एग्ज़िबिशन बिल्डिंग में आयोजित एक सेलिब्रेशन फोटोशूट में भी हिस्सा लिया, जहां ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत का जश्न मनाया गया।

# भारत को मिली बड़ी जिम्मेदारी

### 2027 एशियन शूटिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत को शूटिंग खेल में एक और बड़ी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी मिली है। एशियन शूटिंग कॉन्फेडरेशन (एएससी)घोषणा की है कि भारत 2027 एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, जिसमें लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 के लिए 8 कोटा स्थान दांव पर होंगे।

**दिसंबर 2027 में होगा आयोजन-** यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 1 से 10 दिसंबर 2027 तक डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा।




### एलए ओलंपिक 2028 के लिए अहम मौका

एशियन शूटिंग कॉन्फेडरेशन ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस चैंपियनशिप का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि इसमें एशिया महाद्वीप के लिए 8 ओलंपिक कोटा स्थान आवंटित किए जाएंगे। ये कोटा आमतौर पर राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों को दिए जाते हैं, जबकि ओलंपिक रैंकिंग या यूनिवर्सैलिटी कोटा खिलाड़ियों के नाम पर आवंटित होते हैं।

### आज सेमीफाइनल में अफगानिस्तान से टक्कर

# 19 वर्ल्ड कप में अजेय भारत की नजर छठे खिताब पर

**हरारे (एजेंसी)।** आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में अजेय भारतीय टीम बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ उतरेगी। टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत की टीम इस मुकाबले में प्रबल दावेदार मानी जा रही है और उसकी नजरें रिकॉर्ड छठा खिताब जीतने की दिशा में एक और कदम बढ़ाने पर होंगी।

भारत -19 वर्ल्ड कप के इतिहास की सबसे सफल टीम है, जिसने 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में खिताब जीता है। अब टीम बुधवार को छठी बार चैंपियन बनने की ओर कदम बढ़ाने उतरेगी।

- **अब तक अजेय भारत का दबदबा-** भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अब तक खेले गए अपने सभी पांच मुकाबले काफी सहजता से जीते हैं। सुपर सिक्स चरण में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 58 रन से हराना टीम के आत्मविश्वास को और मजबूत करता है।
- **अफगानिस्तान का सफर भी प्रभावशाली-**अफगानिस्तान ने भी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम ने पांच में से चार मैच जीते, जबकि उसकी इकलौती हार श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट से हुई। हालांकि मौजूदा फॉर्म और टीम संयोजन को देखते हुए नॉकआउट मुकाबले में भारत का पलड़ा भारी नजर आता है।
- **अभिज्ञान, सूर्यवंशी भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज-** विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू भारत के लिए अब तक




सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 5 मैचों में 199 रन बनाए हैं, जिसमें 2 अर्धशतक शामिल हैं। ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने भी शानदार फॉर्म दिखाई है। उन्होंने 5 मैचों में 196 रन बनाए हैं और 2 अर्धशतक जड़े हैं। हालांकि टीम प्रबंधन उनसे नॉकआउट मुकाबले में अर्धशतक को शतक में बदलने की उम्मीद करेगा।
- **विहान मल्होत्रा का ऑलराउंड असर-**ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा भारत के लिए एक और अहम खिलाड़ी हैं। उन्होंने 5 मैचों में 172 रन बनाए हैं और टूर्नामेंट में भारत की ओर से एकमात्र शतक (109 नाबाद) जिम्बाब्वे के खिलाफ जड़ा था।
- **कप्तान आयुष म्हात्रे पर दोहरी जिम्मेदारी-** कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाजी में निरंतरता दिखाई है। उन्होंने 5 मैचों में 6 विकेट लिए हैं, हालांकि बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश बनी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूलों की बढ़ती फीस पर नहीं लगेगी लगाम? सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने झाड़ा पल्ला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के निजी स्कूलों में फीस को नियंत्रित करने वाला नया कानून शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में लागू नहीं होगा। यह बात जस्टिस पीएस नरसिम्हा और आलोक आराधे की पीठ के समक्ष कही गई, जो दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम, 2025 के कार्यान्वयन से संबंधित याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी। मौजूदा शैक्षणिक वर्ष में लागू नहीं होगा कानून दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने पीठ को बताया कि यह कानून मौजूदा शैक्षणिक वर्ष में लागू नहीं होगा। पीठ ने सभी मुद्दों को दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष उठाने की छूट दी, जो 2025 अधिनियम और उसके बाद के नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिनमें हाई कोर्ट के आठ जनवरी के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी शामिल थीं, जिसमें निजी स्कूलों को शुल्क विनियमन समितियां गठित करने का निर्देश देने वाली अधिसूचना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था। लेकिन ऐसी समितियों के गठन के लिए समय सीमा बढ़ा दी गई थी। सुनवाई के दौरान इस मामले में पेश हुए वकीलों में से एक ने कहा कि हाई कोर्ट को इस मुद्दे पर जल्द से जल्द फैसला करना चाहिए क्योंकि इसमें कई स्कूल और लाखों बच्चे शामिल हैं। हाई कोर्ट को इसकी जानकारी है।

### दिल्ली में डिलीवरी बॉय की बेरहमी से हत्या, चाकू से किए कई वार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मयूर विहार स्थित आचार्य निकेतन में सोमवार रात एक डिलीवरी ब्वॉय की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक 22 साल के अरुण राज के ऊपर आरोपियों ने चाकू से ताबड़तोड़ कई बार किए और फिर फरार हो गए। पुलिस ने तीन नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया है। शुरुआती जांच में आपसी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि पांडव नगर थाने में 8ः15 बजे पीसीआर कॉल मिली। इसके आधार पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां पटपड़गंज निवासी राज शेखर के बेटे अरुण राज खून से लथपथ हालत में मिले। उन्हें तुरंत एलबीएस अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अरुण राज एक प्राइवेट कंपनी में डिलीवरी बॉय के तौर पर काम करता था प्रारंभिक जांच में पता चला कि तीन नाबालिग बदमाश एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए। उन्होंने अरुण से किसी बात को लेकर छोटी सी नोकझोंक की और फिर तेज धार वाले हथियार से उसके गले और छाती पर कई वार कर दिए। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना स्थल पर पहुंची क्राइम टीम ने मौका मुआयना किया और सबूत इकट्ठे किए। आसपास के रास्तों और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की छानबीन की जा रही है। पुलिस ने कई टीमें गठित कर संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी करते हुए तीनों नाबालिग को हिरासत में ले लिया है।

### फिर बनेगी भाजपा सरकार, कुकी समुदाय का होगा डिप्टी सीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या मणिपुर में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी? इसके कयास तेज हो गए हैं क्योंकि भाजपा में मणिपुर से लेकर दिल्ली तक भागदौड़ तेज हो गई है। मणिपुर के 20 से ज्यादा भाजपा विधायक दिल्ली पहुंचे थे और अब पार्टी ने विधायक दल का नेता चुनने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया है। राज्य में अगले साल ही राष्ट्रपति शासन खत्म होने वाला है और उससे पहले पार्टी के नेता चाहते हैं कि सरकार बना ली जाए। सोमवार को भाजपा ने मणिपुर में पर्यवेक्षक के तौर पर तरुण चुग को नियुक्त कर दिया है, जो पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं। अब किसी भी दिन मणिपुर में एनडीए विधायकों की मीटिंग हो सकती है और नेता का चुनाव हो सकता है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि नई सरकार में राज्य में एक डिप्टी सीएम भी होगा। मैतेई समुदाय से मुख्यमंत्री बनने की संभावना है तो वहीं कुकी समुदाय के किसी नेता को डिप्टी सीएम के तौर पर जिम्मेदारी दी जा सकती है।

# जेएनयू छात्र संघ के सभी मेन पदाधिकारी 2 सेमेस्टर के लिए सस्पेंड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने अनुशासनहीनता के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए पांच पीएचडी छात्रों को 2 सेमेस्टर के लिए निष्कासित कर दिया है। इन छात्रों में जेएनयू छात्र संघ के सभी 4 मुख्य पदाधिकारी भी शामिल हैं। प्रशासन के अनुसार, इन छात्रों ने नवंबर 2025 में विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी में लगे फेशियल रिकग्निशन एक्सेस गेट्स में तोड़फोड़ की थी। दोषी पाए जाने के बाद इन सभी छात्रों को तुरंत प्रभाव से कैंपस से बाहर कर दिया गया है और उन पर 20,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

मुख्य प्रॉक्टर कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी आदेश में कहा गया है कि 21 नवंबर 2025 को विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी में लगे करीब 20 लाख रुपये की लागत वाले एफआरटी सिस्टम को इन आरोपी छात्रों ने अन्य छात्रों के साथ मिलकर नुकसान पहुंचाया था। जांच से पता चला है कि यह घटना पूरी तरह से योजना बनाकर की गई थी। इसमें मशीनों के तार काटने, कैमरों को उखाड़ने और पैनलों को बाहर निकालने जैसी हरकतें शामिल थीं। जब सुरक्षाकर्मियों ने आरोपियों को रोकने की कोशिश की तो उनके साथ धक्का-मुक्की और नारेबाजी की गई। जारी पत्र के अनुसार, किझाकूट गोपिका बाबू, अदिति मिश्रा, सुनील यादव, दानिश अली और नीतीश कुमार को तुरंत प्रभाव से पूरे कैंपस से निष्कासित कर दिया गया है। इन पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। निलंबन पत्र में बताया गया है कि जांच के दौरान यह पाया गया कि जेएनयूएसयू अध्यक्ष अदिति मिश्रा और उपाध्यक्ष गोपिका बाबू ने तोड़फोड़ का नेतृत्व किया था जबकि संयुक्त सचिव दानिश अली और नीतीश कुमार ने लाइब्रेरी से पैनल हटा दिए थे। इन छात्रों को विश्वविद्यालय के नियमों के तहत हिंसा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और पढ़ाई में बाधा डालने का दोषी पाया गया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि जो भी हॉस्टल में इन निष्कासित छात्रों को पनाह देगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### पूर्व नियोजित कृत्य

जांच में सामने आया कि यह कृत्य पूर्व नियोजित था, जिसमें तार काटना, कैमरे उखाड़ना और मशीनों के पैनल बाहर ले जाना शामिल है। सुरक्षा कर्मियों के रोकने पर अभद्रता, धक्का-मुक्की और नारेबाजी का भी आरोप है, जिसमें दो महिला सुरक्षा गार्ड घायल हुईं। जारी बयान के मुताबिक, प्रॉक्टोरियल जांच समिति ने सभी पक्षों को सुना, साक्ष्यों और वीडियो फुटेज की जांच की। पूरे सबूतों के आधार पर विश्वविद्यालय के नियमों के उल्लंघन का दोषी ठहराया। आरोपियों को जेएनयू परिसर से बाहर रहने का आदेश दिया गया है।

# नया पुल बना सकती है दिल्ली सरकार पूर्वी हिस्सों में कनेक्टिविटी की कोशिश

#### यह प्लान अभी शुरुआती स्टेज में है और इस पर चर्चा चल रही है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार यमुना पर एक नया पुल बनाने पर विचार कर रही है। इसे सिग्नेचर ब्रिज के पास बनाया जा सकता है। यह प्लान अभी शुरुआती स्टेज में है और इस पर चर्चा चल रही है। इसके बनने से शहर के पूर्वी हिस्सों में कनेक्टिविटी बेहतर होगा। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि दिल्ली सरकार सिग्नेचर ब्रिज के पास यमुना पर एक पुल बनाने या पुराने लोहे के पुल (लोहा पुल) को बदलने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। सरकार ट्रैफिक जाम को कम करने और शहर के पूर्वी हिस्सों में कनेक्टिविटी बेहतर करने की कोशिश में जुटी है। यह प्रस्ताव ट्रांस-यमुना बोर्ड ने पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों के साथ हाल ही में हुई एक मीटिंग में रखा था। एक सीनियर सरकारी अधिकारी ने बताया कि यह प्लान अभी शुरुआती स्टेज में है और इस पर चर्चा चल रही है। एक अधिकारी ने बताया कि यह प्रस्ताव शुरुआती स्टेज में है। सरकार ट्रांस-यमुना इलाके में कनेक्टिविटी बेहतर बनाने और नॉर्थ ईस्ट, नॉर्थ और सेंट्रल दिल्ली के बीच लिंक को मजबूत करने के लिए इस पर विचार कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, ऋऋऋस स्टेशनों और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के तैयार होने से रिंग रोड पर, खासकर सराय काले खां के पास ट्रैफिक जाम बढ़ने की उम्मीद है। फिलहाल, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे रिंग रोड पर सराय काले खां के पास खत्म होते हैं। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का डीएनडी-सोहना (जेवर) लिंक भी खुलने वाला है। एक अधिकारी ने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए, सरकार एक नया पुल बनाने का प्रस्ताव देने की योजना बना रही है। जगह अभी तय नहीं हुई है और इसकी जांच की जा रही है। पीडब्ल्यूडी पुराने वजीराबाद से कालिंदी कुंज तक के रास्ते का अध्ययन करेगा ताकि फिजिबिलिटी, ट्रैफिक जाम और गाड़ियों की आवाजाही की जांच की जा सके। पुराना लोहे का पुल एक डबल-डेकर पुल है। इसके निचले डेक पर गाड़ियां चलती हैं और ऊपरी डेक पर ट्रेनें। फिलहाल, यमुना नदी पर सड़क और रेल पुलों को मिलाकर लगभग 25 पुल हैं।

### बीवी के गांव जाते ही हैवान बना पिता, 14 साल की बेटी से ही करने लगा दुष्कर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में छठी क्लास में पढ़ने वाली एक नाबालिग लड़की ने अपने ही पिता के खिलाफ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित नाबालिग छात्रा अपने दोस्त के माता-पिता के साथ पहाड़गंज थाना पहुंची और पुलिस को आपबीती सुनाई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़ित नाबालिग बेटी की शिकायत के आधार पर आरोपी पिता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(2) और 6 पॉक्सो एक्ट के संबंधित प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि छठी क्लास में पढ़ने वाली 14 साल की एक नाबालिग लड़की 1 फरवरी को अपने दोस्त के माता-पिता के साथ पहाड़गंज थाना आई थी। उसने बताया कि उसकी मां 15 दिन पहले अपने गांव बिहार गई हुई है। इस दौरान 31 जनवरी की रात करीब डेढ़ बजे उसके पिता ने उसका यौन उत्पीड़न किया और इस बारे में किसी को नहीं बताने के लिए उसे धमकी भी दी। पीड़िता ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि पिछले 10-15 दिनों में ऐसी घटना 4-5 बार हो चुकी हैं। वह पहले डर के कारण चुप रही, क्योंकि आरोपी कथित तौर पर उसे और उसकी मां को बेरहमी से पीटता था। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया और बयान दर्ज किया है। क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और कपड़े और अन्य सबूतों सहित संबंधित फोरेंसिक और मेडिकल सबूत इकट्ठा किए। इसके बाद आरोपी पिता को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने इस घिनौने काम में अपनी संलिप्तता की स्वीकार की और बताया कि उसने इस बारे में किसी को भी बताने से रोकने के लिए उसे धमकी भी दी थी। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### सरकार को दिखाना होगा कौशल, योजनाओं की धीमी गति है चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह तथ्य कई रिपोर्ट से सामने आ चुका है कि भारत में औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण लेने वालों का आंकड़ा बेहद निराशाजनक है। इस वास्तविकता से सरकार भी वाकिफ है कि जब तक युवाओं को प्रशिक्षित नहीं किया जाएगा, तब तक वह मौजूदा तकनीकी युग में रोजगार-स्वरोजगार के काबिल नहीं बन सकेंगे। इस बार बजट में इस सोच और प्रयास पर कई प्रमुख योजनाओं के रूप में सरकार की गंभीरता अधिक दिखी है, लेकिन पिछली घोषणाओं और उन पर अमल को परखा जाए तो कौशल विकास फिर चुनौती के रूप में खड़ा दिखाई देता है। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ही पिछले बजट की अपनी प्रमुख योजनाओं को जमीन पर नहीं उतार सका है, जबकि अब जिन योजनाओं पर काम होना है, उनमें तो राज्य सरकारों के साथ ही कई मंत्रालयों के साथ समन्वय बनाना होगा। वर्ष 2026-27 के बजट के साथ ही यह जानकारी दी गई है कि पिछले बजट की कुछ प्रमुख घोषणाओं पर अमल कहां तक पहुंचा। उत्कृष्टता केंद्र का उल्लेख है। देशभर में पांच उत्कृष्टता केंद्र खोलने की घोषणा की गई थी। सरकारी जानकारी के अनुसार, आईटीआई के अपग्रेडेशन और पांच सेंटर फार एक्सीलेंस की योजना को कैबिनेट की स्वीकृति मई 2025 में मिली। योजना पर काम करने के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति जुलाई 2025 में बनी। इसके बाद अक्टूबर 2025 में पीएम-सेतु योजना की घोषणा करते हुए इन दोनों योजनाओं को इसमें शामिल कर दिया गया।

### अफगानी शरणार्थियों के भी बना दिए फर्जी पासपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच एजेंसियों ने फर्जी पासपोर्ट मामले की जांच शुरू कर दी है। आईबी, एटीएस नोएडा और एलआईयू के अधिकारियों ने गिरफ्तार पांच आरोपियों से सोमवार को तीन घंटे तक पूछताछ की। जांच में खुलासा हुआ है कि जिन 22 लोगों के फर्जी पासपोर्ट बनाए गए, उनमें अफगानिस्तानी शरणार्थी मां-बेटे भी हैं। अब तक की जांच में पता चला है कि पासपोर्ट बनवाने के लिए एक नहीं, बल्कि चार मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया गया। फर्जी पासपोर्ट बनवाने की बात सामने आने के बाद सोमवार को नोएडा एटीएस, आईबी और एलआईयू के अधिकारियों ने गिरफ्तार दलाल विवेक गांधी और प्रकाश सुब्बा, डाकिया अरुण कुमार, अफगानिस्तान से आई शरणार्थी महिला सावंतकौर और उसके बेटे अमनदीप सिंह से भोजपुर थाने में पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानने का प्रयास किया कि पासपोर्ट किस मकसद से बनवाए गए। एजेंसियों की जांच विदेशी कनेक्शन पर भी टिकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों ने सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों को कई अहम जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि 22 पासपोर्ट के लिए आवदेन हुआ था, इनमें से एक मोबाइल नंबर पर 13, दूसरे से छह, तीसरे से दो और चौथे नंबर से एक पासपोर्ट के लिए आवेदन किया गया। पासपोर्ट बनावाने के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबर फर्जी दस्तावेजों से बनवाए गए आधार कार्ड से लिए गए।

# अफगानिस्तान में महिलाओं को लेकर तालिबान का नया फरमान, गर्भनिरोधक दवाओं पर लगाई रोक



**काबुल, एजेंसी।** तालिबान ने सत्ता में आने के बाद से महिलाओं से जुड़ी कई चीजों पर कड़ी पाबंदी लगा दी है। अब इस लिस्ट में गर्भनिरोधक दवाएं भी शामिल हो गई हैं। तालिबान ने गर्भनिरोधक गोलियों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। तालिबान सरकार ने फरमान जारी करते हुए गर्भनिरोधक दवा बेचने वाले सभी क्लीनिक बंद करने के आदेश दिए हैं। डॉक्टरों को भी गर्भनिरोधक दवा या मिसकैरेज को लेकर सख्त चेतावनी दी गई है। तालिबान के राज में महिलाओं को गर्भनिरोधक दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। पूरे अफगानिस्तान में गर्भनिरोधक गोलियां नहीं मिल पा रही हैं। डॉक्टरों ने भी अब हाथ खड़े करने शुरू कर दिए हैं।

वहीं, कम उम्र में ज्यादा बच्चे पैदा करने के कारण अफगानिस्तान में 80 प्रतिशत महिलाएं कुपोषण का शिकार होने लगी हैं। महिलाओं में एनीमिया, विटामिन की कमी और ब्लड प्रेशर की समस्या आम हो गई है। 27 अगस्त 2024 को अफगानिस्तान में तालिबान की हुकूमत आई, जिसके बाद 12 साल से अधिक उम्र की महिलाओं के पढ़ने पर रोक लगाने, महिलाओं के बाहर निकलने और काम करने पर भी पाबंदी लगा दी गई थी। ऐसे में अस्पतालों में महिला डॉक्टरों और नर्सों का भी अभाव हो गया है। आलम ये है कि महिलाएं घर में ही बच्चों को जन्म देने के लिए मजबूर हैं। दुकान के बाहर बोर्डों पर महिलाओं की तस्वीर लगाने पर रोक महिलाएं बिना किसी पुरुष के अकेले घर से बाहर नहीं निकल सकतीं महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिलेगा सभी महिलाओं के लिए हिजाब पहनना अनिवार्य होगा महिलाएं चेहरा और शरीर ढककर घर से बाहर निकलेंगी और सार्वजनिक स्थलों पर बोलने से बचेंगी।

# रहमान डकैत का बेटा कराची में गिरफ्तार, पुलिस ने बड़े बेटे को भी उतारा था मौत के घाट

**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में गैंगस्टर रहमान डकैत के बेटे को फिर से पुलिस ने धर दबोचा है। ल्यारी के खूंखार अंडरवर्ल्ड से जुड़े इस नाम ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं, क्योंकि उसके बेटे जिब्रान को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह आदमी पुराना अपराधी है, जो बार-बार जेल जा चुका है और अब भी उसी राह पर चल रहा था। यह घटना सोमवार को हुई, जब कलाकोट पुलिस ने जिब्रान को पकड़ा। उसके पास से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस ने बयान जारी कर बताया कि जिब्रान अब्दुल रहमान उर्फ रहमान डकैत का बेटा है और वह लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय है। विशेष ऑपरेशन में जिब्रान को कलाकोट इलाके से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। कुछ रिपोर्टों में दो पिस्तौल और गोलियों का जिक्र भी है, लेकिन आधिकारिक बयान में एक पिस्तौल की बात कही गई है। पुलिस ने उसे आदतन अपराधी करार दिया है, जिसका मतलब है कि वह पहले भी कई बार गिरफ्तार हो चुका है और जेल की हवा खा चुका है। जिब्रान के खिलाफ ल्यारी के कलाकोट थाने में 2023 और 2024 के बीच दो एफआईआर दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि वह ड्रग तस्करी, फिरौती के लिए अपहरण जैसे गंभीर मामलों में शामिल रहा है। वह ल्यारीमें अपराधियों का एक गिरोह बनाने की कोशिश कर रहा था। उसकी रिहाई के बाद भी वह पुरानी हरकतों पर लौट आया था, जिसके चलते पुलिस ने फिर से उस पर नजर रखी और कार्रवाई की है। रहमान डकैत ल्यारी के गैंग वॉर का बड़ा नाम था। वह 80 से ज्यादा आपराधिक मामलों में शामिल रहा और ल्यारी की गैंग वॉर का केंद्र रहा। 2009 में कराची पुलिस ने उसे और उसके तीन साथियों को मार गिराया था। रहमान डकैत की मौत के बाद उसके परिवार से जुड़े सदस्य भी अपराध की दुनिया सक्रिय रहे। 2024 में उसके एक बेटे को कथित मुठभेड़ में मार गिराया गया था।

# कोस्टा रिका की राजनीति में बड़ा मोड़, रूढ़िवादी लौरा फर्नांडीज ने जीता राष्ट्रपति पद का चुनाव



**कोस्टा रिका, एजेंसी।**
कोस्टा रिका में रूढ़िवादी जनवादी नेता लौरा फर्नांडीज ने राष्टपति पद का चुनाव जीत लिया है। उन्होंने निवर्तमान राष्टपति रोड्रिगो चावेस द्वारा शुरू किए गए देश की राजनीति के आक्रामक पुनर्गठन को आगे बढ़ाने का वादा किया है। प्रारंभिक और आंशिक नतीजों के अनुसार, फर्नांडीज ने पहले ही दौर में निर्णायक जीत हासिल की, जिससे दूसरे चरण की जरूरत नहीं पड़ी। सर्वोच्च चुनावी न्यायाधिकरण के मुताबिक, 96.8 प्रतिशत मतदान केंद्रों की गिनती पूरी होने तक सॉवरेन पीपुल्स पार्टी की फर्नांडीज को 48.3 प्रतिशत वोट मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी नेशनल लिबरेशन पार्टी के अर्थशास्त्री आल्वारो रामोस को 33.4 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए। राष्टपति चुनाव के पहले दौर में जीत के लिए कम से कम 40 प्रतिशत वोट आवश्यक थे। सोमवार को फर्नांडीज ने कहा कि अगले राष्टपति के रूप में उनकी सबसे बड़ी इच्छा देश के विकास को सुदृढ़ करना, वैश्विक चुनौतियों का बेहतर सामना करना और मजबूत आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करना है। रामोस ने हार स्वीकार करते हुए रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने का वादा किया।

# एपस्टीन फाइल्स मामले में मुश्किल में यूएस के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पत्नी के साथ देंगे गवाही



**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्टपति बिल क्लिंटन और उनकी पत्नी हिलेरी क्लिंटन एपस्टीन जांच में अमेरिकी हाउस के सामने पेश होंगे। वे अब कांग्रेस की जांच में गवाही देने को तैयार हो गए हैं। यह फैसला उन्होंने तब लिया जब इसकी अवहेलना करने पर उनपर अवमानना लग सकता था।

यह जांच सेक्स अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी है। उसकी मौत 2019 में हिरासत में हो गई थी। एपस्टीन के साथ दुनिया भर के बड़े-बड़े कारोबारी, राजनेता और हस्तियां जुड़ी हुई थीं। क्लिंटन दंपती की एपस्टीन से पुरानी मुलाकातें और संपर्क इस जांच का मुख्य हिस्सा बने हुए हैं। क्लिंटन के प्रवक्ता एंजेल उरेना ने एक्स पर पोस्ट किया कि पूर्व राष्टपति बिल क्लिंटन और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन जांच के लिए पेश होंगे। उन्होंने लिखा, पूर्व राष्टपति और पूर्व विदेश मंत्री वहां होंगे। वे ऐसी मिसाल कायम करना चाहते हैं जो सभी पर लागू हो। यह फैसला ऐसे समय आया है जब हाउस में अवमानना रेजोल्यूशन पर वोट होने वाला था। हाउस ओवरसाइट कमिटी ने पिछले हफ्ते क्लिंटन दंपती के खिलाफ अवमानना की सिफारिश की थी, जिसमें कुछ डेमोक्रेट्स का भी साथ था। अवमानना पास होने पर उन्हें आपराधिक आरोपों का सामना करना पड़ सकता था। क्लिंटन दंपती ने पहले समन को मानने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि ये समन वैध नहीं हैं क्योंकि इनका कोई स्पष्ट विधायी मकसद नहीं है। इसके बजाय उन्होंने लिखित शपथ-पत्र दिए थे, जिसमें एपस्टीन और उसकी साथी घिस्लेन मैक्सवेल के बारे में अपनी जानकारी बताई थी। बिल क्लिंटन ने माना कि उन्होंने 2000 के दशक में क्लिंटन फाउंडेशन के मानवीय कामों के लिए एपस्टीन के निजी जेट पर उड़ान भरी थी, लेकिन उन्होंने एपस्टीन के निजी द्वीप पर कभी जाने से इनकार किया।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी गोपाल मुरारका ने मेयर पद के लिए किया नामांकन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिछले नगर निगम चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे समाज सेवी गोपाल मुरारका ने नगर निगम चुनाव को लेकर मेयर पद पर आज नामांकन किया है। नामांकन के दौरान उनके साथ उनके समर्थकों की भारी भीड़ देखी गई। शमशान घाट कली मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद गोपाल मुरारका चास एसडीएम कार्यालय नॉमिनेशन करने पहुंचे। मीडिया से बात करते हुए गोपाल मुरारका ने कहा कि निगम में भ्रष्टाचार की बात सुना है, लेकिन जब तक उस स्थान पर नहीं पहुंचते सच्चाई का पता नहीं लग सकता है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा पिछले 30 वर्षो से करता आ रहा हूं। मेरे पास भगवान ने उतना दिया है कि मैं अपनी जिंदगी सुख चैन से बीता सकूं। किसी कीमत पर भ्रष्टाचार का हिस्सा नही बनेंगे। लेकिन जनता की समस्याओं को निदान करने को लेकर मैं फिर से चुनाव लड़ने मैदान में उतरा हूँ। निगम क्षेत्र की सबसे ज्वलंत समस्या सड़क पानी और सफाई है जिसको दूर करना इतनी मुश्किल भी नहीं है। इच्छा शक्ति होनी चाहिए।

### आग से तीन दुकान जले, दो लाख का नुकसान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह मोड स्थित दुकानों में बीती देर रात आग लग गई। देखते ही देखते इस आग की चपेट में तीन दुकान आ गए। इस आग लगने की घटना में डीजे दुकान, एक मुर्गा दुकान और एक अन्य दुकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। आग किस कारण से लगी है यह अभी पता नहीं चल पाया है। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी ने आधे घंटे के मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदारों को इसकी सूचना मिली तो मौके पर पहुंचे। पहले आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। डीजे संचालक ने बताया कि लगभग दो लाख से अधिक का नुकसान हुआ है कई मशीन जल गई है कुछ को समय रहते निकाल गया।

### जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 34 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/ शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, डीआरडीए, आपूर्ति, राजस्व संबंधित विवाद, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर सामान्य प्रेक्षक ने किया योगदान

**आम जन - प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधि बोकारो परिसदन में सामान्य प्रेक्षक से कर सकते हैं शिकायत**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर फुसरो नगर परिषद, वर्ग झ ख के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक मो. सादात अनवर ने जिले में अपना योगदान दिया है।

**आम जन एवं प्रत्याशियों की शिकायतों के लिए निर्धारित समय**

सामान्य प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित शिकायतों, सुझावों एवं समस्याओं के निवारण हेतु आम जन, प्रत्याशी एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों से प्रतिदिन मुलाकात की जाएगी। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र से संबंधित आम जन, प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधि बोकारो परिसदन में अपराह्न 3:30 बजे से 4:30 बजे तक सामान्य प्रेक्षक से भेंट कर नगर पालिका निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।जनता दरबार में जमीन से संबंधित आवेदन, राशन कार्ड बनाने हेतु आवेदन, होमगार्ड बहाली से संबंधित आवेदन, भूमि मापी से संबंधित आवेदन समेत विभिन्न समस्याओं एवं शिकायत से उपायुक्त अवगत हुए।उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के 54 वें स्थापना दिवस की तैयारी पूरी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस को लेकर ऐतिहासिक गोल्फ ग्राउंड में तैयारियां अंतिम चरण में हैं. 4 फरवरी 1972 को इसी मैदान में शिबू सोरेन, बिनोद बिहारी महतो और एके राय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की थी. हर वर्ष यहां पार्टी की ओर से स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाता रहा है.यह समारोह सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि गुरुजी के संघर्ष और विचारों को नमन करने का अवसर होगा. गोल्फ ग्राउंड में मंच, पंडाल और ध्वनि व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है. पूरे मैदान को पार्टी के झंडों और बैनरों से सजाया गया है. दूर-दराज के आदिवासी बहुल इलाकों से कार्यकर्ता हर साल गुरुजी को देखने और सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ती थी. लेकिन इस बार उनकी तस्वीरें ही मंच और पंडाल में उनकी मौजूदगी का एहसास कराएंगी.पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. नीलम मिश्रा ने कहा कि पहली बार गुरुजी की अनुपस्थिति मैं यह कार्यक्रम होगा इस समारोह को लेकर पार्टी नेताओं का कहना है कि स्थापना दिवस के मौके पर झारखंडी अस्मिता, अधिकार और आंदोलन के मूल विचारों को दोहराया जाएगा. समारोह के दौरान गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और उनके सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया जाएगा. गोल्फ ग्राउंड में चल रही तैयारियां यह बताती हैं कि 53 साल बाद भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का आंदोलन जीवित है.

# नगरपालिका चुनाव को लेकर बोकारो जिला प्रशासन सख्त

## प्रशासन अलर्ट - 10 फरवरी तक शस्त्र जमा करना अनिवार्य



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्क्रिनिंग कमेटी की बैठक की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा शालिनी खालखो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

**10 फरवरी तक शस्त्र जमा करना अनिवार्य**

बैठक में निर्णय लिया गया कि बोकारो जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्र 10 फरवरी 2026 तक संबंधित थाना, ओपी अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता के यहां अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। शस्त्र जमा नहीं करने की स्थिति में विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**थाना और शस्त्र विक्रेताओं को भी निर्देश**

सभी थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी एवं शस्त्र एवं कारतूस विक्रेताओं को निर्देश दिया गया है कि वे शस्त्र सुरक्षित रूप से जमा लेकर अनुज्ञप्तिधारियों को पावती रसीद उपलब्ध कराएंगे। साथ ही प्रतिदिन संध्या 5 बजे तक शस्त्र जमा से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन जिला सामान्य शाखा, बोकारो को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

**अन्य जिला/राज्य के अनुज्ञप्तिधारियों पर भी आदेश लागू**

बोकारो जिला में निवासरत ऐसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी, जिनकी अनुज्ञप्ति किसी अन्य जिला या राज्य से निर्गत है और बोकारो में पंजीकृत नहीं है, उन्हें भी आगामी 72 घंटे के भीतर शस्त्र जमा करने का निर्देश दिया गया है।

**सुरक्षा कारणों से छूट हेतु आवेदन की व्यवस्था**

वहीं, जिन संस्थाओं या अनुज्ञप्तिधारियों को सुरक्षा की दृष्टि से इस दौरान भी शस्त्र की आवश्यकता है, वे दिनांक 08 फरवरी 2026 तक कारण सहित आवेदन जिला सामान्य शाखा, कार्यालय जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। समर्पित आवेदनों पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला सक्रिनिंग कमेटी की बैठक में आगामी 10 फरवरी 2026 को निर्णय लिया जाएगा। आवेदन अस्वीकृत होने की स्थिति में संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को 72 घंटे के भीतर शस्त्र जमा करना होगा।

**चुनाव परिणाम के बाद शस्त्र होंगे विमुक्त**

नगरपालिका आम चुनाव के परिणाम की घोषणा के एक सप्ताह बाद संबंधित थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी एवं शस्त्र विक्रेता द्वारा अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र विमुक्त किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों से अपील की है कि वे निर्वाचन प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करें, ताकि नगरपालिका चुनाव 2026 शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराया जा सके।

## 433 कार्टून विदेशी शराब और 8 लाख नकद बरामद, तीन गिरफ्तार



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड में बोकारो जिले के जरीडीह थाना पुलिस ने ट्रक, पिकअप सहित चार वाहन जप्त कर कुल 433 कार्टून (लगभग 4,000 लीटर) विदेशी शराब बरामद कर 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि जप्त 418 कार्टून में से 999 गोल्ड प्रीमियम व्हिस्की और 15 कार्टून प्रीमियम व्हिस्की शामिल हैं। इसके अलावा क्रेटा कार से 8 लाख रुपये नगद भी जब्त किया गया जो शराब की खरीद-बिक्री का पैसा था। गिरफ्तार तीनों आरोपी—बिनोद गोस्वामी (38, ड्राइवर), फुलेश्वर मरांडी (35, लोडिंग सहायक) और दीपक कुमार पांडेय (64, सप्लायर लिंकमैन)-बालीडीह और जरीडीह के निवासी हैं। जरीडीह थाने में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों का आपराधिक इतिहास पुराना है। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने आज यहां बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बालीडीह से एक ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब लादकर जैनामोड़ फोरलेन चौक के पास सुगर एंड स्पाइस होटल वाली गली में उतारकर छोटे वाहनों से विभिन्न इलाकों में बांटी जा रही है। एसपी के निर्देश पर उक्त कार्रवाई की गई। छापामारी दल में थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह, पुअनि बिपिन चंद्र महतो, निर्मल कुमार सिंह, दशरथ कुमार दास, संजीव कुमार, विकास कुमार विश्वकर्मा, विक्रम कुमार (तकनीकी), कामेश्वर महतो, भागीरथ महतो, मोबीन अंसारी, अनिल मुर्मू और परमानंद महतो शामिल थे। पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई अवैध शराब तस्करी पर लगाम लगाने की मुहिम का हिस्सा है।

### महापौर के लिए एक व वार्ड पार्षद के 76 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निकाय चुनाव को लेकर मंगलवार को महापौर पद के लिए एक नामांकन पत्र की बिक्री हुई। वहीं वार्ड 1 से वार्ड 55 तक 76 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। मंगलवार को वार्ड 1 से 5 के 5, वार्ड 6 से 10 के 14, वार्ड 11 से 15 के 8, वार्ड 16 से 20 के 4, वार्ड 21 से 25 के 1, वार्ड 26 से 30 के 2, वार्ड 31 से 35 के 8, वार्ड 36 से 40 के 8, वार्ड 41 से 45 के 11, वार्ड 46 से 50 के 11 तथा वार्ड 51 से 55 के लिए 4 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। महापौर के पद के लिए मंगलवार तक कुल 46 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। जबकि वार्ड पार्षद के पद के लिए 652 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इसमें वार्ड 1 से 5 तक के 69, वार्ड 6 से 10 के 14, वार्ड 11 से 15 के 50, वार्ड 16 से 20 के 41, वार्ड 21 से 25 के 47, वार्ड 26 से 30 के 65, वार्ड 31 से 35 के 52, वार्ड 36 से 40 के 43, वार्ड 41 से 45 के 46, वार्ड 46 से 50 के 77 तथा वार्ड 51 से 55 के लिए 78 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

## सेल ने दर्ज किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ जनवरी प्रदर्शन

**वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जनवरी अवधि का उच्चतम रिकॉर्ड**



**नई दिल्ली/बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत की अग्रणी स्टील उत्पादक और 'महारत्न' सार्वजनिक उपक्रम, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से जनवरी की अवधि के दौरान कुल बिक्री में 16% की वृद्धि दर्ज की है। इस अवधि में 16.6 मिलियन टन की बिक्री हुई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि ( में यह आंकड़ा 14.3 मिलियन टन था। यह कंपनी द्वारा दर्ज की गई अब तक की सबसे अधिक संचयी बिक्री है। सेल ने जनवरी 2026 में भी अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ जनवरी बिक्री दर्ज की, जो 1.84 मिलियन टन रही। यह पिछले वर्ष के इसी महीने के 1.68 मिलियन टन के मुकाबले 10% से अधिक की वृद्धि को दशार्ता है। इस दौरान इन्वेंट्री में 0.25 मिलियन टन की कमी और उधार में पर्याप्त कटौती देखने को मिली।

इस अवधियों के दौरान, कई मानकों रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन देखा गया, जिनमें बिक्री, डिस्पैच, कैश कलेक्शन और ग्राहकों तक सीधी डिलीवरी शामिल है। इस दौरान कंपनी ने निम्नलिखित उपलब्धियां हासिल कीं:

संयंत्रों से रिकॉर्ड प्रेषण। डोर-डिलीवरी वॉल्यूम में विस्तार और वेयरहाउस बिक्री में वृद्धि। लॉजिस्टिक्स दक्षता और ग्राहकों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए बाजार में पैठ मजबूत करना। मार्केटिंग वर्टिकल की पहलों से प्रेरित, ये उपलब्धियां, ऑपरेशन्स उत्कृष्टता के साथ ग्राहक-केंद्रित रणनीतियों को जोड़ने की सेल की क्षमता को उजागर करती हैं। सेल पिछले रिकॉर्ड्स को लगातार पीछे छोड़ते हुए और व्यावसायिक लक्ष्यों को हासिल करते हुए, भारत की विकास गाथा में एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है।

## तनिष्क शोरूम डकैती के प्रयास मामले का खुलासा, पिस्टल व पांच कारतूस सहित 2 बदमाश गिरफ्तार




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड में बोकारो जिले की पुलिस ने सेक्टर-4 के तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में विगत 11 जनवरी को दिनदहाड़े डकैती के सनसनीखेज प्रयास का खुलासा किया है। बिहार के बेगूसराय से दो हथियारबंद अपराधियों को एक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि शेष पांच फरार बदमाशों की तलाश जारी है। घटना 11 जनवरी शाम करीब चार बजे सेक्टर-4 सिटी सेंटर स्थित तनिष्क शोरूम में घटी थी। हथियारबंद सात अपराधियों ने धावा बोला, जिसमें दो पुलिस वर्दी में थे। एक बदमाश को शोरूम गार्ड ने संदिग्ध देख रोका, जिससे हाथापाई हुई। गार्ड की बंदूक छीनने के प्रयास में सायरन बज गया और अपराधी हथियार लहराते भाग निकले। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। सिटी डीएसपी के नेतृत्व में गठित टास्क फोर्स ने बिहार सहित अन्य राज्यों में छापेमारी तेज की। लगातार प्रयासों से चेरिया बरियारपुर, बेगूसराय के प्रिंस कुमार (20 वर्ष, पिताः बिरजु महतो) और मो. समशाद (24 वर्ष, पिताः मो. मुख्तार) को गिरफ्तार किया गया। अपराधियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार प्रिंस कुमार चेरिया बरियारपुर थाने में कांड संख्या 90/24 (एनडीपीएस) और 92/24 (अर्म्स एक्ट) तथा मोहम्मद समशाद सिलीगुड़ी थाने में कांड संख्या 414/25 (तनिष्क ज्वेलर्स लूट) दर्ज है। बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने आज यहां बताया कि दोनों पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अन्य सहयोगियों की पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।

## स्वदेशी मेला में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेक्टर 4 मजदूर मैदान में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित 24वें इस्पातांचल स्वदेशी मेला में बुधवार, 4 फरवरी की शाम 6 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। रश्मिपुंज साहित्यिक संस्थान के तत्वावधान में कलिका क्रियेशन्स द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, बिहार व झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आए प्रसिद्ध कवि व कवयित्रियां काव्य पाठ से श्रोताओं को आनंदित करेंगी। राष्ट्रीय महासचिव व ख्याति प्राप्त कवयित्री तथा इस कवि सम्मेलन की संयोजक करुणा कलिका एवं सुप्रसिद्ध गायक, कवि व इस कवि सम्मेलन के सह संयोजक अरुण पाठक ने मंगलवार को बताया कि स्वदेशी मेला के मंच पर आयोजित हो रहे इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में रश्मिपुंज साहित्यिक संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सुप्रसिद्ध कवि डॉ गोविन्द गजब (रायबरेली, उत्तर प्रदेश), ओंकार शर्मा कश्यप (नवादा, बिहार), अनमोल कुमारी (नालंदा, बिहार), चंदन प्रजापति (राँची, झारखंड),अंकिता सिन्हा (जमशेदपुर, झारखंड), कुमार संजय (साहेबगंज, झारखंड), अभिनव शंकर, करुणा कलिका व अरुण पाठक (बोकारो) काव्य पाठ करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएसएल के संपर्क एवं प्रशासन विभाग के उपमहाप्रबंधक आलोक कुमार व बीएसएल जनसंपर्क विभाग के सहायक महाप्रबंधक दिनेश कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे।

## भाजपा धनबाद की निकाय चुनाव को लेकर बैठक



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर जिला के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं विभिन्न मोर्चो के अध्यक्षों की अति आवश्यक बैठक आज भाजपा जिला कार्यालय में धनबाद में महानगर अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य धनबाद नगर निगम चुनाव में भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी संजीव कुमार के आगामी नामांकन को लेकर तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक में महापौर प्रत्याशी संजीव कुमार के नामांकन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा पार्टी पदाधिकारियों द्वारा सभी मंडल अध्यक्षों एवं मोर्चा अध्यक्षों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई।इसके साथ ही बैठक में यह भी निर्णय चार फरवरी को नामांकन के पश्चात होने वाले बैठक की भी तैयारी की गई। कार्यालय में पुनः धनबाद महानगर जिला की अति आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू जी मुख्य रूप से संबोधित करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में धनबाद जिला के सभी जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष एवं सभी मोर्चा अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। बैठक की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की भी आज समीक्षा की गई। बैठक को जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि, धनबाद नगर निगम चुनाव केवल चुनाव नहीं, बल्कि धनबाद को विकास, सुशासन और भ्रष्टाचार-मुक्त व्यवस्था देने का संकल्प है। भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी संजीव अग्रवाल के नेतृत्व में हम सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेंगे और ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता अनुशासन, संगठन और समर्पण का प्रतीक है।

सभी मंडलों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान को तेज करें, हर घर तक पार्टी की उपलब्धियों को पहुंचाएं और बड़ी संख्या में कार्यकताओं की सहभागिता सुनिश्चित करें। श्रवण राय ने कहा कि धनबाद की जनता अब विकास चाहती है और भाजपा ही धनबाद को एक स्वच्छ, स्मार्ट और समृद्ध नगर निगम देने में सक्षम है। महापौर प्रत्याशी संजीव कुमार ने कहा कि भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकताओं के उत्साह और संगठन की मजबूती को देखकर मैं अत्यंत अभिभूत हूं। यह जो ऊर्जा आज दिखाई दे रही है, वही हमारी जीत की सबसे बड़ी गारंटी है। महापौर प्रत्याशी संजीव कुमार ने कहा कि धनबाद नगर निगम को विकास के नए मॉडल की आवश्यकता है, जहां पारदर्शिता हो, भ्रष्टाचार पर सख्ती हो और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो। भाजपा समर्थित प्रत्याशी के रूप में मेरा संकल्प है कि नगर निगम में जनता के पैसों का सदुपयोग होगा और हर वार्ड में विकास कार्यों की गति तेज होगी। जलापूर्ति, सड़क, स्ट्रीट लाइट, नाली निर्माण, कचरा प्रबंधन, पार्क, खेल मैदान, महिला सुरक्षा और युवाओं के अवसर—इन सभी मुद्दों पर ठोस कार्ययोजना के साथ काम किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष शेखर सिंह, जिला महामंत्री मानस प्रसून, विष्णु त्रिपाठी, वीरेंद्र हांसदा, जिला मंत्री सह मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, राजकिशोर जैना, अभिमन्यु कुमार, पूर्व महामंत्री रवि सिन्हा, निर्मल प्रधान, बच्चा गिरी, गीता सिंह, पुरुषोत्तम रंजन, मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा, बसंती सिंह, रंजय सिंह, हुल्लास दास, सन्नी रवानी, अजय दास, शिवांश श्रीवास्तव, किशोर मंडल, सन्नी रवानी, इंद्रभूषण कुशवाहा , किशोर मंडल, संजय गोस्वामी सहित सैकड़ों लोग थे।

# डीइओ सह डीसी ने डिस्पैच सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर का लिया जायजा





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा द्वारा नगर निगम आम निर्वाचन 2026 को लेकर चास स्थित बाजार समिति परिसर में चिन्हित काउंटिंग सेंटर एवं सेक्टर 08 स्थित डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में चिन्हित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल अमृत कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने चुनाव से जुड़ी विभिन्न तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित पदाधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

**साफ-सफाई, बैरिकेटिंग एवं पंडाल निर्माण का कार्य शुरू करने का दिया निर्देश**

निरीक्षण के क्रम में डीईओ सह डीसी ने विभिन्न एजेंसियों को साफ-सफाई, बैरिकेटिंग, पंडाल निर्माण सहित अन्य आवश्यक बुनियादी व्यवस्थाओं का कार्य अविलंब प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूर्ण की जाएं। उन्होंने काउंटिंग सेंटर में सुरक्षा बलों के आवासन, मोर्चा, प्रवेश-निकास मार्ग एवं अन्य सुरक्षा संबंधी आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा - निर्देश दिया। डीईओ सह डीसी ने डिस्पैच सेंटर के चिन्हित कमरों में वाइट वाशिंग कराने को कायार्पालक अभियंता भवन प्रमंडल को निर्देश दिया। साथ ही, सामग्री कोषांग में निर्वाचन सामग्री के पैकेट तैयार करने के कार्य में लगे कर्मियों को कार्य करते हुए देखा और सभी सामग्री समय पर तैयार करने का निर्देश दिया।

**ससमय एवं सुव्यवस्थित कार्य निष्पादन का दिया निर्देश**

निरीक्षण के दौरान डीईओ सह डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित सभी कार्यो का निष्पादन ससमय, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढ़ंग से किया जाए, ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, वरीय पदाधिकारी सामग्री कोषांग मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कांपेरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK